जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

बीकानेर

Rashtradoot

फोनः- 2200660 फैक्स : 0151-2527371 वर्षः 47 संख्याः 153 प्रभात बीकानेर, शुक्रवार 26 दिसम्बर, 2025 डाक प.स.बीकानेर/045/2020-22 पृष्ठ 6 मूल्य 2.50 रू.

## वेनेज़ुएला के प्रकरण में ट्रंप पूर्णतया "मनरो डॉक्ट्रिन" का अनुसरण कर रहे हैं

### उन्नीसवीं शताब्दी में अमेरिका के राष्ट्रपति हर्बट हेनरी ने यह सिद्धांत प्रतिपादित किया था कि अमेरिका की पूर्ण दादागिरी होनी चाहिए अपने "हैमिस्फियर" में

-अंजन रॉय-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 25 दिसम्बर। अमेरिका की कार्रवाइयों के जवाब में वेनेज़ुएला के राष्ट्रपति निकोलस मदुरो ने अमेरिका को "कैरीबियन का समुद्री डाकू" (पयरेट्स ऑफ द करीबियन) कहा है। मदुरो, ट्रंप की कार्यवाहियों को लेकर गुस्से में हैं, आमतौर पर कई लोग जिन्हें अवैध बता रहे हैं।

लेकिन सवाल यह है कि वेनेज़ुएला का तेल लेकर ज्यादतर चीन जा रहे टैंकरों को पकड़कर क्या डॉनल्ड ट्रंप सच में वेनेज़ुएला के खिलाफ अपना सनकीपन दिखा रहे हैं। विश्लेषकों का कहना है कि निकोलस मदुरो के खिलाफ अमेरिका की ये कार्यवाहियाँ कहीं ज़्यादा रणनीतिक और सोची समझी हैं।

- इसलिए अमेरिका ने वेनेज़ुएला के ऑयल टैंकर्स की पूर्ण घेराबंदी कर रखी है तथा टैंकर्स को आगे ऑयल नहीं दे रहा।
- पर, ट्रंप ने एक गली छोड़ रखी है, अमेरिका की ऑयल कंपनियों को वेनेज़ुएला में काम करने की पूरी इजाज़त दे रखी है।
- वेनेज़ुएला में विश्व का सबसे बड़ा ऑयल भंडार है और अमेरिका चाहता है कि इस ऑयल भंडार पर अमेरिकी कंपनियों का आधिपत्य हो, जिससे ट्रंप इन कंपनियों के जरिए, ऑयल की कीमत आदि तय करने का निर्णय ले सकें।

यह बात ज़्यादा लोगों को पता नहीं है कि एक ओर जहाँ अमेरिका ड्रग्स से भरी नावों को कैरीबियन सागर में डुबो रहा है और वेनेज़ुएला के तेल टैंकरों को ज़ब्त कर रहा है, वहीं दूसरी ओर वह अमेरिकी तेल कंपनी शेवरॉन को वेनेज़ुएला में काम करने की इजाज़त भी दे रहा है और सबसे ज्यादा अहम बात यह है कि अमेरिका, निकोलस मदुरो की वेनेज़ुएला सरकार को अपने तेल उत्पादन का आधा हिस्सा वापस लेने की इजाज़त दे रहा है।

ग़ौर करने वाली बात यह है कि इनमें से तेल से भरे कई टैंकर चीन जा रहे थे, जो सीधे तौर पर चीन के हितों के ख़िलाफ़ जाता है। चीन ने अपने हित सुरक्षित रखने के लिए वेनेज़ुएला में भारी निवेश किया है और कूटनीतिक कोशिशें भी की हैं।

तो क्या वेनेज़ुएला को चारों ओर से घेरना और साथ ही अमेरिकी कंपनियों को वहाँ काम करने देना विरोधाभासी नहीं है? ज़रूरी नहीं, क्योंकि अमेरिका अब देश के तेल संसाधनों पर पकड़ बनाए रखने के लिए अपना अहम पत्ता अपने पास रख रहा

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## हाई कोर्ट ने पटवारी भर्ती के परिणाम व उत्तरकुँजी पर जवाब माँगा

जयपुर, 25 दिसंबर। राजस्थान हाईकोर्ट ने पटवारी भर्ती: 2025 के परिणाम व उत्तरकुंजी को चुनौती देने के मामले में राजस्थान स्टाफ सलेक्शन बोर्ड के सचिव व रेवेन्यू बोर्ड के रजिस्ट्रार से जवाब देने के लिए कहा है। अदालत ने इनसे पूछा है कि क्यों ना विवादित प्रश्न-उत्तरों की जांच के लिए विशेषज्ञ कमेटी बनाई जाए। जस्टिस अशोक कुमार जैन ने यह निर्देश पूरबा राम व अन्य की याचिका पर दिया।

मामले से जुड़े अधिवक्ता रामप्रताप सैनी ने बताया कि भर्ती परीक्षा में करीब आधा दर्जन विवादित प्रश्न-उत्तर थे। ऐसे में बोर्ड ने उत्तर कुंजी जारी कर भर्ती में अनियमितता की है। भर्ती परीक्षा में इन प्रश्नों के उत्तर प्रार्थी के सही थे, लेकिन उन्हें उत्तर कुंजी में सही नहीं माना। इसलिए इन विवादित उत्तरों की जांच के लिए विशेषज्ञ कमेटी बनाई जाए तथा विशेषज्ञ कमेटी की रिपोर्ट नहीं आने तक मौजूदा भर्ती के पदों की नियुक्ति पर रोक लगाई जाए। याचिका

- अदालत ने पूछा कि क्यों न विवादित प्रश्न-उत्तरों की जाँच के लिए विशेषज्ञ कमेटी बनाई जाए।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## वाजपेयी की जयंती पर भाजपा मुख्यालय में दीपोत्सव का आयोजन

### देश भर के भाजपा मुख्यालय दीपों से जगमगाए

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 25 दिसम्बर। भारतीय जनता पार्टी ने बुधवार रात को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती की पूर्व संध्या पर अपने केन्द्रीय कार्यालय में एक भव्य दीपोत्सव का आयोजन किया।

भाजपा अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा और पूर्व उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडू, जो अटल स्मृति न्यास सोसायटी के अध्यक्ष हैं, पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ दीप जलाने के कार्यक्रम में शामिल हुए। नड्डा ने कहा कि वाजपेयी ने भारत को एक नया एवं दूरदर्शी नेतृत्व प्रदान किया था।

इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय महासचिव और मुख्यालय प्रभारी अरुण सिंह, कार्यालय सचिव महेन्द्र कुमार, दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा सहित, अनेक वरिष्ठ पार्टी नेता शामिल हुए।

भाजपा वाजपेयी की जयंती की पूर्व संध्या पर देशभर में दीप जलाने का आयोजन कर रही है। पार्टी इस साल वाजपेयी की जयंती के शताब्दी वर्ष को "अटल स्मृति वर्ष" के रूप में मना रही है, जिसके तहत पूरे वर्ष कवि सम्मेलन, विचार गोष्ठियाँ और सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे, ताकि लोगों को पूर्व प्रधानमंत्री के योगदान के बारे में बताया जा सके।

- भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा व पूर्व उपाध्यक्ष वेंकैया नायडू ने कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर दीप जलाए।
- भाजपा ने वाजपेयी की 101वीं जयंती पर वर्ष भर कवि सम्मेलन, विचार गोष्ठियों आदि के आयोजन की घोषणा की ताकि लोगों को वाजपेयी के योगदान के बारे में बताया जा सके।

## सरकार को अवैध घुसपैठियों पर एक्शन लेने का अधिकार है

नई दिल्ली, 25 दिसंबर। कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने भारत की सरहदों को लेकर केन्द्र सरकार की जिम्मेदारी को याद दिलाते हुए कहा कि अवैध प्रवासियों की देश में मौजूदगी सिस्टम की नाकामी को दिखाती है, जिसे सख्ती और कानून के तहत ठीक करने की जरूरत है। शशि थरूर ने कहा कि अगर लोग गैरकानूनी तरीके से भारत में एंट्री कर रहे हैं या वीजा अवधि से अधिक वक्त तक रुक रहे हैं, तो यह बॉर्डर मैनेजमेंट और इमिग्रेशन कंट्रोल में चूक की तरफ इशारा करता है। इसके साथ ही थरूर ने घुसपैठियों के खिलाफ एक्शन की भी वकालत की।

शशि थरूर ने कहा, अगर अवैध प्रवासी हमारे देश में आ रहे हैं, तो क्या यह हमारी नाकामयाबी नहीं है? क्या हमें अपने बॉर्डर पर बेहतर कंट्रोल नहीं

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## दिल्ली में 5 रूपए में थाली मिलेगी अटल कैन्टीन में

### दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म दिवस पर 100 अटल कैन्टीन खोलने की घोषणा की

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 25 दिसम्बर। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने 100 अटल कैंटीनों का उद्घाटन किया, जो गरीबों, मजदूरों और निम्न-आय वाले परिवारों को सम्मान के साथ भोजन प्रदान करने के उद्देश्य से शुरु की गई हैं।

आम तौर पर, एक संतुलित भोजन, जिसमें दाल, चावल, रोटी, एक सब्जी और अचार शामिल होते हैं, वह किसी भी रेस्ताँ या रैस्ताँ जैसे स्थान पर 500 से 2,000 रुपये के बीच मिलता है। अब कल्पना करें कि वे लोग, जो रोज़ाना दो वक्त का खाना मुश्किल से जुटा पाते हैं, उन्हें यह पूरा भोजन इसके दसवें हिस्से में ही मिल जाए, यह इतनी अच्छी खबर है कि इसका सच होना बहुत मुश्किल लग रहा है। दिल्ली सरकार ने आज 'अटल कैंटीन' योजना की शुरुआत की है, जिसके तहत शहर भर में 100 स्थानों पर केवल 5 रुपये में पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराया जाएगा।

प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 101वीं जयंती के मौके पर दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि अटल कैंटीन दिल्ली की आत्मा का रुप ले लेंगी। अब दिल्ली में कोई भी भूखा नहीं सोएगा।

दिल्ली सरकार ने आज दिल्ली के विभिन्न हिस्सों में 45 अटल अटल कैंटीने खोलीं, जिनमें आरके पुरम, जंगपुरा, शालीमार बाग, ग्रेटर कैलाश,

- मुख्यमंत्री गुप्ता ने आज 45 अटल कैन्टीन का उद्घाटन किया, शेष 55 कैन्टीन जल्दी ही शुरु कर दी जाएंगी।
- दिल्ली की मुख्यमंत्री ने कहा कि अब दिल्ली में कोई भी भूखा नहीं सोएगा, क्योंकि 5 रूपए में लोगों को पौष्टिक भोजन मिलेगा, जो किसी अच्छे रैस्त्रां में 500 से 2000 रूपए में मिलता है।
- इसमें कूपन के बजाय डिजिटल टोकन सिस्टम शुरु किया गया है और सभी कैन्टीन की सीसीटीवी से निगरानी की जाएगी।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## ट्रक से टक्कर के बाद स्लीपर बस में आग लगी, 10 जिंदा जले

चित्रदुर्ग, 25 दिसंबर। कर्नाटक के चित्रदुर्ग में बुधवार देर रात एक स्लीपर बस में टक्कर के बाद आग लग गई। हादसे में बस में सवार 10 से ज्यादा लोग जिंदा जल गए। हालांकि कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में यह आंकड़ा 12 और 17 बताया जा रहा है। हादसा एनएच-48 पर हिरियूर तालुके में हुआ। बस बेंगलुरु से गोकर्ण जा रही थी। रिपोर्ट्स के मुताबिक बस में 30 से ज्यादा यात्री थे।

- कर्नाटक में रात 2.30 बजे तेज रफ्तार लॉरी डिवाइडर तोड़कर प्राइवेट स्लीपर बस से टकराई और आग लग गई। सोते हुए यात्रियों को बचाने का मौका नहीं मिला।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## मुम्बई को अडानी ने दिया नया इंटरनैशनल एयरपोर्ट

### यह नवी मुम्बई इंटरनैशनल एयरपोर्ट अडानी एयरपोर्ट्स होल्डिंग ने सिटी एंड इंडस्ट्रियल कॉरपोरेशन के सहयोग से बनाया है

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 25 दिसम्बर। अडानी एयरपोर्ट्स होल्डिंग्स और महाराष्ट्र के सिटी एंड इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट कॉरपोरेशन (सिडको) द्वारा मिलकर विकसित किया गया नवी मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट (एनएमआईए) गुरुवार को यात्रियों के लिए खोल दिया गया। क्रिसमस के मौके पर इसे यात्रियों के लिए एक बड़ा तोहफ़ा माना जा रहा है।

एयरपोर्ट पर पहली व्यावसायिक उड़ान के उतरने के बाद अडानी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडानी ने खुशी ज़ाहिर की। उन्होंने कहा, "यह मुंबई की जनता के लिए बेहद गर्व का पल है और हम वाकई खुशक़िस्मत हैं कि हमें इस एयरपोर्ट को विकसित करने का अधिकार मिला। यह एक बिल्कुल नया एयरपोर्ट है और हमने इसे विश्वस्तरीय बनाने की पूरी कोशिश की है।"

यात्रियों के नाम अपने संदेश में गौतम अडानी ने मुंबई के मौजूदा एयरपोर्ट पर भीड़ कम होने का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा, "मुंबई पिछले दस साल से संघर्ष कर रही थी। मौजूदा मुंबई एयरपोर्ट पूरी तरह जाम हो चुका था और यह नया एयरपोर्ट हवाई यातायात का दबाव कम करेगा।"

बेंगलुरु से आने वाली इंडिगो की उड़ान 6ई 6460 सुबह 8 बजे नवी मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर उतरी और उसका स्वागत वाटर कैनन सलामी से किया गया, जो विमानन क्षेत्र की एक आनुष्ठानिक परंपरा है, जिसमें फायर ब्रिगेड की गाड़ियाँ विमान के ऊपर पानी की फुहारें छोड़ती हैं।

पहली उड़ान के उतरने से पहले, इंडिगो के कर्मचारियों को केक काटते और नारियल तोड़ते देखा गया, जो एक मांगलिक परम्परा है।

इसके बाद, एयरपोर्ट से पहली बार रवाना होने वाली इंडिगो फ्लाइट 6ई882 ने हैदराबाद के लिए सुबह 8 बजकर 40 मिनट पर उड़ान भरी।

सोशल मीडिया पर रियल टाइम अपडेट साझा करते हुए अडानी ग्रुप ने लिखा, "भारतीय विमानन के लिए एक नए युग की शुरुआत हो रही है। वर्षों की योजना और मेहनत के बाद, नवी मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट अपनी पहली उड़ान का स्वागत करने के लिए तैयार है। अंतिम चरण तक हर साल 9 करोड़ यात्रियों की सेवा करने की क्षमता के साथ, यह एयरपोर्ट सिर्फ मुंबई ही नहीं, बल्कि पूरे देश के लिए नई संभावनाओं के द्वार खोलेगा।

- एयरपोर्ट पर पहली उड़ान लैंड होने के बाद अडानी ने खुशी जाहिर की और कहा कि यह मुम्बई के लिए एक बड़ा तोहफा है और हम भाग्यशाली हैं जो हमें यह एयरपोर्ट बनाने का मौका मिला।
- बैंगलुरु से आई इंडिगो फ्लाइट का एयरपोर्ट पर पारंपरिक तरीके से पानी की फुहारें बरसा कर स्वागत किया गया।

## कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक 27 को दिल्ली में

नयी दिल्ली, 25 दिसंबर। कांग्रेस नेता राहुल गांधी जनवरी के आखिरी सप्ताह में प्रस्तावित ओबीसी कांग्रेस की राष्ट्रीय सलाहकार परिषद की बैठक में शामिल होने हैदराबाद जाएंगे। राहुल गांधी इस बैठक को संबोधित भी करेंगे।

पार्टी सूत्रों ने बताया कि 27 दिसंबर को दिल्ली में पार्टी ने कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक बुलाई है। कार्यसमिति की बैठक में कांग्रेस मौजूदा राजनीतिक मुद्दों पर चर्चा करेगी। इसमें मनरेगा समेत "वोट चोरी" पर सरकार को घेरने की रणनीति बनायी जाएगी। ओबीसी कांग्रेस ने भी अपनी राष्ट्रीय सलाहकार परिषद की बैठक उसी दिन कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) की

- इसी दिन ओबीसी कांग्रेस की राष्ट्रीय सलाहकार परिषद की भी बैठक होगी।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## अरावली पर्वत श्रंखला के किसी भी पहाड़ की ऊंचाई नापने के लिए, पुराना तरीका क्यों त्यागा गया?

### विश्व भर में किसी भी पर्वत की ऊंचाई सदा "मीन सी लैवल" से नापी जाती है, पर, अरावली में पर्वत की ऊंचाई नापने के लिए "स्थानीय ऊंचाई" (लोकल रिलीफ) को आधार बनाया गया है

- जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 25 दिसंबर। एक तकनीकी पुनर्परिभाषा भारत की सबसे पुरानी पर्वत श्रृंखलाओं में से एक, अरावली को कानूनी रूप से दोहन (खनन इत्यादि) योग्य भूमि में बदलने का खतरा उत्पन्न कर रही है। लेकिन सरकार के अपने मानकों के हिसाब से भी इस पर चार सवाल अभी भी अनुत्तरित हैं।

अरावली पर्वत श्रृंखला से संबंधित यह विवाद तब शुरू हुआ, जब पर्यावरण मंत्रालय ने इस प्राचीन पर्वत श्रृंखला में "सतत खनन" की अनुमति देने के लिए एक नई परिभाषा पेश की।

अरावली के प्रति जनता की लहर ने पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव को भी नाराज़ कर दिया, उन्होंने एक्टिविस्ट की आलोचना की और यूट्यूब रील्स को गलत जानकारी फैलाने का दोषी ठहराया।

नागरिक समूहों और एक्टिविस्टों का गुस्सा उस समय बढ़ गया, जब नवंबर के अंत में सुप्रीम कोर्ट ने पर्यावरण मंत्रालय के नए मानदंड को स्वीकार कर लिया, जिसमें अरावली की परिभाषा तय की गई थी। यह निर्णय कहता है कि केवल वही पहाड़, जो स्थानीय स्तर से कम से कम 100 मीटर ऊपर उठते हैं, या ऐसे पहाड़ों का समूह, (100 मीटर और ऊपर) जो एक-दूसरे से 500 मीटर के दायरे में स्थित हैं, वही अब अरावली रेंज का हिस्सा माने जाएंगे।

यादव, जिनके मंत्रालय ने यह नया मानदंड पेश किया, ने इस स्थिति का जोरदार बचाव किया है। मंत्री ने स्पष्ट किया कि 100 मीटर की ऊंचाई पहाड़ की संरचना के बेस से मापी जाएगी, और पहाड़ की संरचना के चारों ओर या इसके नीचे खनन की अनुमति नहीं दी जाएगी। लेकिन स्पष्ट रूप से, यह स्पष्टीकरण पर्याप्त नहीं है। कई महत्वपूर्ण सवाल अब भी बने हुए हैं। एक सबसे प्रासंगिक सवाल, जिसका मंत्री ने जवाब नहीं दिया है, वह यह है कि जब पहाड़ों की ऊंचाई वैज्ञानिक रूप से मीन सी लेवल (एमएसएल) अर्थात औसत समुद्री स्तर से मापी जाती है, तो पर्यावरण मंत्रालय ने इस पारंपरिक मानक को क्यों हटा दिया और "लोकल रिलीफ" (स्थानीय राहत) शब्द क्यों जोड़ा है? "लोकल रिलीफ" एक तरीका है, जिसके तहत पहाड़ की ऊंचाई को आसपास की सतह से नापा जाता है। मसलन अगर कोई पहाड़ी 100 मीटर ऊंची है और उसके आसपास का क्षेत्र भी ऊंचा है तो पहाड़ी की ऊंचाई को स्थानीय राहत के आधार पर कम नापा जा सकता है।

उदाहरण के लिए, कुतुब मीनार की ऊंचाई 100 मीटर से कम है, यह लगभग 72 मीटर ऊंची है। क्या हम कभी कोई ऐसा नियम बना सकते हैं जिसमें कहा जाए कि सभी धरोहर संरचनाएँ जो 100 मीटर से कम हैं, वे

- सिटिज़न्स ग्रुप व एक्टिविस्ट, उदाहरण दे रहे हैं, कुतुबमीनार का। इन लोगों का तर्क है कि कुतुबमीनार की ऊंचाई 72 मीटर है, जो 100 मीटर की ऊंचाई की सीमा से कम है तो क्या सरकार यह नया कानून बना सकती है कि सौ मीटर से कम ऊंचाई की इमारतें, ध्वस्त की जा सकती हैं, सड़कें आदि बनाने व नई कॉलोनियां काटने के लिए।
- इन एक्टिविस्टों के अनुसार, हरियाणा में ऐसे कई स्थान हैं, जैसे मानेसर, पंचगाँव, खेड़ला, गैरतपुर जहाँ "मीन सी लैवल" से पर्वत की ऊंचाई से घटा दी जाए तो पर्वत की ऊंचाई 100 मीटर से कम आंकी जाती है। अतः उस पर्वत को तोड़ कर सड़क आदि बनाई जा सकेगी, नई कॉलोनी काटी जा सकेगी।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## दिल्ली में राहत की सांस, एक्यूआई 220 पर पहुँचा

नयी दिल्ली, 25 दिसंबर। राष्ट्रीय राजधानी वासियों को क्रिसमस सुबह 50 दिनों में सबसे स्वच्छ हवा मिली। दिवाली के बाद से जारी खतरनाक प्रदूषण स्तरों के बाद वायु गुणवत्ता सूचकांक गिरकर 220 पर आ गया, जो राजधानी के लोगों के लिए बहुत राहत वाली रिपोर्ट है।

केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के आंकड़ों के अनुसार, बुधवार सुबह 8:05 बजे दिल्ली का एक्यूआई 220 दर्ज किया गया, जो नवंबर की शुरुआत के बाद सबसे कम है। यह मंगलवार शाम चार बजे दर्ज 24 घंटे के औसत एक्यूआई 271 की तुलना में उल्लेखनीय सुधार है।

- पचास दिन बाद क्रिसमस की सुबह दिल्ली को स्वच्छ हवा मिली

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## विचार बिन्दु

दान देकर तुम्हे खुश होना चाहिए, क्योंकि मुसीबत दान की दीवार कभी नहीं फांदती। -हज़रत मोहम्मद

# मुख्यमंत्री के कुशल नेतृत्व में उपलब्धियों के नये आयाम स्थापित करता राजस्थान

कुशल नेतृत्व और दूरगामी सोच का ही परिणाम है कि दो साल की अल्प अवधि में ही राजस्थान उपलब्धियों के नए आयाम स्थापित करते हुए आगे बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अथक मेहनत, विजनरी सोच, लोककल्याण को प्राथमिकता और आपणों राजस्थान अग्रणी राजस्थान के संकल्प के साथ आज राजस्थान बीमारु प्रदेश ना होकर देश का अग्रणी प्रदेश बन गया है। सबसे खास बात यह है कि किसी एक क्षेत्र में अव्वल होना एक बात होती है और समग्र उपलब्धियों की इबारत लिखना अलग बात होती है। आज राजस्थान औद्योगिक निवेश, पर्यटन, खनन, एनर्जी, डीबीटी, किसान सम्मान, कृषि विकास, सहकारिता, महिला सशक्तिकरण, चिकित्सा और स्वास्थ्य व इसी तरह के प्रमुख प्रमुख सेक्टर्स में अपनी पहचान बनाकर आगे बढ़ रहा है। ऐसा नहीं है कि यह अपने आप हो गया हो या विरासत में मिला हो बल्कि योजनाबद्ध प्रयासों का ही परिणाम है कि सकारात्मक और विकासात्मक परिणाम प्राप्त हो सके।

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के सोच का ही परिणाम रहा कि सरकार बनने के पहले साल में ही राइजिंग राजस्थान का आयोजन कर देश-दुनिया के निवेशकों को राजस्थान की और आकर्षित किया और करीब 35 लाख के निवेश प्रस्तावों पर करार कराने के साथ ही राइजिंग राजस्थान के एक साल पूरे होते-होते करीब 8 लाख करोड़ के निवेश प्रस्तावों की ग्राउण्ड ब्रेकिंग करा दिए गए। यह अपने आप में इसलिए महत्वपूर्ण हो जाता है कि ज्यादातर सरकारों द्वारा ऐसे निवेश सम्मेलनों का आयोजन सरकार के तीसरे-चौथे साल में किए जाते हैं और इसका परिणाम यह होता है कि निवेश करारों के बाद सरकार चुनावी मोड़ पर आ जाती है और सरकार की प्राथमिकता बदल जाती है। अब पहले साल ही राइजिंग राजस्थान जैसे आयोजन होने से उसके सकारात्मक परिणाम प्राप्त होने लगे हैं। यह भी सर्वविदित है कि राजस्थानियों ने देश-दुनिया के कोने-कोने में अपनी व्यावसायिक काबिलियम की धाक जमाने वाले प्रवासी राजस्थानियों को मातृभूमि से जोड़ने की दिशा में प्रतिवर्ष दिसंबर की 10 तारीख को प्रवासी राजस्थानी दिवस मनाने का निर्णय राजस्थान के विकास में प्रवासी राजस्थानियों की भागीदारी तय करने में मील का पत्थर साबित होगा। इसी माह के 10 दिसंबर को जयपुर में आयोजित पहले प्रवासी राजस्थानी दिवस में प्रवासी राजस्थानियों की आशा से अधिक भागीदारी से यह सिद्ध हो गया है कि प्रवासी राजस्थानियों ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के इस निर्णय का ना केवल स्वागत किया अपितु सक्रिय भागीदारी निभाते हुए प्रदेश के विकास में सहभागिता का संकल्प दोहराया। यही तो विजन और अपनों को अपनों के साथ जोड़ने का रास्ता होता है। इससे प्रदेश के विकास में ही पंख लगेंगे। डोरी-लोटा लेकर जाने वाले राजस्थानियों ने जिनके बारें में कहा जाता है कि जहां बेलगाड़ी भी नहीं जा सकती वहां मारवाड़ियों ने परचम पहराया है। दरअसल प्रवासी राजस्थानियों को अन्य प्रदेशों में मारवाड़ी ही कह कर संबोधित किया जाता है। निश्चित रुप से प्रवासी राजस्थानी उद्यमी राजस्थान में अपनी मातृभूमि में ओद्यौगिक गतिविधियां संचालित करेंगे और इसका लाभ प्रदेश और प्रदेशवासियों खासतौर से युवाओं को मिलेगा।

**राइजिंग राजस्थान के एक साल पूरे होते-होते करीब 8 लाख करोड़ के निवेश प्रस्तावों की ग्राउण्ड ब्रेकिंग करा दिए गए। यह अपने आप में इसलिए महत्वपूर्ण हो जाता है कि ज्यादातर सरकारों द्वारा ऐसे निवेश सम्मेलनों का आयोजन सरकार के तीसरे-चौथे साल में किए जाते हैं और इसका परिणाम यह होता है कि निवेश करारों के बाद सरकार चुनावी मोड़ पर आ जाती है और सरकार की प्राथमिकता बदल जाती है। अब पहले साल ही राइजिंग राजस्थान जैसे आयोजन होने से उसके सकारात्मक परिणाम प्राप्त होने लगे हैं।**

बात केवल औद्योगिक निवेश की ही नहीं है अपितु पर्यटन की दृष्टि से भी आज राजस्थान देश-दुनिया की पहली पसंद बन गया है। दिल्ली आने वाला और नहीं तो जयपुर तो आ ही जाता है तो आज जयपुर-उदयपुर खासतौर से वेडिंग डेस्टिनेशन के रुप में दुनिया के मानचित्र पर अपनी पहचान बना चुके हैं। समूचा राजस्थान अब तो छट बारह महीनें पर्यटकों से गुलजार रहने लगा है। पर्यटन की दृष्टि से इसी से समझा जा सकता है कि आईटीबी बर्लिन में पेसिफिक एशिया ट्रेवल राइटर्स एसोसिएशन द्वारा डेस्टीनेशन ऑफ द ईयर-रॉयल एक्सपीरियंस राजस्थान अवार्ड से नवाजा गया है। इण्डिया टू डे टूरिज्म सर्वे एण्ड अवार्ड 2025 में आमेर फोर्ट को बेस्ट हेरिटेज डेस्टीनेशन, कुंभलगढ़ को बेस्ट माउंटेन डेस्टीनेशन, बीकानेर को बेस्ट कलनरी डेस्टीनेशन अवार्ड से नवाजा गया है। यह तो बानगी मात्र है। घूमर का भव्य आयोजन नवाचारों में से एक है।

खनन के क्षेत्र में आज राजस्थान तेजी से उभरा है। दो साल में ही सर्वाधिक मेजर मिनरल ब्लॉकों की नीलामी कर राजस्थान अग्रणी प्रदेश बन चुका है तो कोणार्क में आयोजित समारोह में राजस्थान को पुरस्कृत किया जा चुका है। 5 स्टार रेटिंग में राजस्थान की पांच माइंस को पहली बार स्थान प्राप्त हुआ है तो क्रिटिकल और स्ट्रेटेजिक मिनरल के डिपोजिट्स राजस्थान में चिन्हित हुए हैं। माइंस मंत्रालय स्वयं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा संभाल रहे हैं और नवाचारों को प्राथमिकता देते हुए एआईएमएल और रिसाइक्लिंग जैसे कार्यो के अध्ययन के लिए देश की जाने-माने आईआईटी संस्थानों से समन्वय बनाया है। किसान निधि के वितरण में राजस्थान अव्वल प्रदेशों में है तो सहकारिता में नए आयाम स्थापित किए जा रहे हैं। चिकित्सा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में सुविधाओं का विस्तार किया गया है तो शिक्षा के क्षेत्र में लगातार सुधार किए जा रहे हैं। रोजगार के नए अवसर विकसित किये जा रहे हैं तो बिना पेपरआउट के परीक्षाएं होने लगी है। तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम में बेस्ट परफार्मिंग स्टेट राजस्थान बन गया है।

राजस्थान ई गवर्नेस 2024 स्वर्ण पदक से सम्मानित हो चुका है। ई फाइलिंग सहित सरकारी दफ्तरों के काम में ई तकनीक के प्रयोग से पारदर्शिता और कार्य निष्पादन को गति मिली है। उज्ज्वला योजना में पहले स्थान पर है तो रिन्यूवल एनर्जी में आज समूचे देश की निगाहें राजस्थान की और है। कुसुम योजना ही नहीं अपितु रुफटाप में भी राजस्थान आगे निकल चुका है। उपलब्धियों की लंबी कतार होने से यह तो सरकार की उपलब्धियों की बानगी मात्र है। इसमें कोई दो राय नहीं होनी चाहिए कि इस सबका श्रेय नायक को ही जाता है और इसमें भी कोई दो राय नहीं कि नायक यानी कि लोकतंत्र में मुख्यमंत्री की सोच और निर्णय क्षमता का ही परिणाम होता है कि बेहतर परिणाम प्राप्त होने लगते हैं। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के अथक प्रयासों, निरंतर विकास की सोच, जीरो टॉलरेंस की नीति और प्रदेश को आगे से आगे बढ़ाने की सोच के साथ कार्य करने की मंशा से ही राजस्थान आज देश में परचम फहराने की स्थिति में आया है। इसके लिए निसंकोच सारा श्रेय मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को जाता है।

**-अतिथि सम्पादक,**
**डॉ.राजेन्द्र प्रसाद शर्मा**
**( वरिष्ठ लेखक )**

## राशिफल शुक्रवार 26 दिसम्बर, 2025



पंडित अनिल शर्मा


पौष मास, शुक्ल पक्ष, षष्ठि तिथि, शुक्रवार, विक्रम संवत 2082, शतभिषा नक्षत्र दिन 9:00 तक, सिद्धि योग दिन 2:00 तक, तैतिल करण दिन 1:43 तक, चन्द्रमा आज रात्रि 3:10 से मीन राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-धनु, चन्द्रमा-कुम्भ, मंगल-धनु, बुध-वृश्चिक, गुरू-मिथुन, शुक्र-धनु, शनि-कुम्भ, राहु-कुम्भ, केतु-सिंह राशि में।


आज रवियोग प्रातः 9:00 पर समाप्त होगा। कुमार योग प्रातः 9:00 से आरम्भ होगा। आज अनुराधा षष्ठि, पंचक है।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** चर सूर्योदय से 8:35 तक, लाभ 8:35 से 9:52 तक, अमृत 9:53 से 11:10 तक, शुभ 12:27 से 1:45 तक, चर 4:19 से सूर्यास्त तक।

**राहूकाल:** 10:30 से 12:00 तक। सूर्योदय 7:18, सूर्यास्त 5:37 तक

### मेष



आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक यात्रा संभव है। परिवार में धार्मिक-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

### सिंह



परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। धार्मिक-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक कार्यों के संबंध में उचित सोच-विचार हो सकता है।

### धनु



परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी।

### वृष



व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। चलते कार्यों में प्रगति होगी। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। संभावित धन प्राप्त होगा। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी।

### कन्या



स्वास्थ्य संबंधित चिन्ता दूर होगी। अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

### मकर



आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। संभावित धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक खर्चों पर नियंत्रण रखें। परिवार में मनोरंजन के कार्यक्रम बन सकते हैं।

### मिथुन



नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

### तुला



व्यावसायिक कार्यों के संबंध में उचित सोच-विचार हो सकता है। व्यावसायिक मामलों में महत्वपूर्ण परामर्श मिल सकता है। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

### कुंभ



आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। संभावित धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक खर्चों पर नियंत्रण रखें। परिवार में मनोरंजन के कार्यक्रम बन सकते हैं।

### कर्क


चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। शुभ कार्यों में व्यवधान हो सकता है। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। यात्रा में दुर्घटना का भय है।

### वृश्चिक


घर-परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। अतिथियों के आगमन से उत्सव जैसा माहौल रहेगा। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

### मीन


घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। आज आवश्यक और महत्वपूर्ण मामलों में दुविधा बनी रहेगी। आज अनर्गल कार्यों में समय खराब होगा और मन में असंतोष बना रहेगा।

# 26 जनवरी से बहू-बेटियों की आज़ादी पर ताला?

## सुँधामाता पट्टी का फरमान और संविधान की खुली बेइज़्ज़ती!



मणिमाला शर्मा

ब्लर्ब - यह कोई फैसला नहीं, यह आधी आबादी के अधिकारों पर सीधा हमला है। यह कोई सुधार नहीं बल्कि यह एक सज़ा है। जालोर की सुंधामाता पट्टी पंचायत का हालिया निर्णय कोई अचानक घटी घटना नहीं है, बल्कि उस मानसिकता की निरंतरता है जो वर्षों से ग्रामीण सत्ता संरचनाओं में पलती रही है। यह वही सोच है जो पंचायत को जनप्रतिनिधि संस्था नहीं, बल्कि सामाजिक नियंत्रण का औजार मानती है। जब कोई विशेष समुदाय की पंचायत त्वरित और कठोर निर्णय लेती है, तो वह सिर्फ एक व्यक्ति या परिवार को नहीं, बल्कि पूरे लोकतांत्रिक ढांचे को कटघरे में खड़ा कर देती है। यह सवाल आज सिर्फ सुंधामाता पट्टी का नहीं है। सवाल यह है कि क्या पंचायतें संविधान के अधीन काम करेंगी या फिर परंपरा, जातिगत दबाव और भीड़ की ताल पर फरमान जारी करती रहेंगी।

सुन्धामाता पट्टी के एक गाँव में हुई यह कोई साधारण पंचायत बैठक नहीं थी। यह वह पल था जब जालोर की सुंधामाता पट्टी पंचायत ने खुलेआम यह जता दिया कि कुछ गांवों में आज भी देश का संविधान नहीं, समुदाय विशेष पंचायतों का फरमान चलता है। यह निर्णय ऐसा था जैसे किसी नागरिक के मुंह पर सबके सामने थप्पड़ मार दिया गया हो और फिर कहा गया हो कि यह समाज की मर्यादा के लिए जरूरी था। सवाल यह नहीं है कि पंचायत ने क्या फैसला लिया, सवाल यह है कि उसे यह हक किसने दिया कि वह कानून, न्याय और इंसानियत को एक झटके में किनारे रख दे।

इस पंचायत में हुए निर्णय के अनुसार 26 जनवरी, जिस दिन देश संविधान को अपनाने का जश्न मनाता है, उसी दिन राज्य के जालोर जिले की सुंधामाता पट्टी के 15 गांवों की बहू-बेटियों के हाथों से आज़ादी छीन ली जाएगी। पंचायत के इस तुगलकी फरमान के तहत अब वे कैमरे वाला स्मार्ट मोबाइल फोन इस्तेमाल नहीं कर सकेंगी। शादी, सामाजिक आयोजन या पड़ोसी के घर जाने के समय भी उन्हें केवल की-पैड फोन रखने की अनुमति दी गई है। पढ़ाई करने वाली बच्चियां केवल घर में ही मोबाइल से पढ़ाई कर सकेंगी।

मज़े की बात यह है कि यह निर्णय किसी अदालत या सरकारी आदेश के आधार पर नहीं लिया गया। इसे एक विशेष समुदाय की बैठक में पढ़कर सुनाया गया और सीधे लागू करने का ऐलान किया गया। यहाँ सवाल केवल स्मार्ट मोबाइल का नहीं है, बल्कि यह सवाल है कि महिलाओं की स्वतंत्रता पर किस हक से रोक लगाई जा रही है।

यह मामला जालोर जिले के गाजीपुर गांव से शुरू हुआ, जहां रविवार को एक पंचायत बुलाई गई। इसकी अध्यक्षता पूरी 15 पट्टी के अध्यक्ष सुजनाराम चौधरी ने की। पंचायत में पंच हिम्मताराम ने यह प्रस्ताव पढ़कर सुनाया। यह सामान्य पंचायत का कोई सामान्य प्रस्ताव नहीं था, बल्कि सीधे तौर पर 15 गांवों की महिलाओं और लड़कियों की आज़ादी पर सीधा प्रहार था। पंचायत ने तय किया कि महिलाओं और लड़कियों के लिए स्मार्टफोन पर पूरी तरह रोक होगी। उन्हें केवल की-पैड फोन रखने की अनुमति दी जाएगी और घर के बाहर मोबाइल पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा।

इस निर्णय के समर्थन में क़ल्बी चौधरी समाज के अध्यक्ष ने तर्क दिया कि महिलाओं के मोबाइल रखने से बच्चों की आंखें खराब हो सकती हैं। यह तर्क जितना कमजोर है, उतना ही महिलाओं के प्रति असंवेदनशील भी है। इससे साफ झलकता है कि महिलाओं को दोषी मानकर उनकी स्वतंत्रता सीमित करने की मानसिकता आज भी गहरी है। यह फरमान केवल गाजीपुर तक सीमित नहीं है, बल्कि गाजीपुरा, पावली, कालड़ा, मनोजिया वास, राजीकावास, दातलावास, राजपुरा, कोड़ी, सिदरोड़ी, आलड़ी, रोपसी, खानादेवल, साविधर, भीनमाल के हाथमी की ढाणी और खानपुर जैसे गांवों में भी लागू होगा।

पंचायत का उद्देश्य साफ है- हजारों महिलाओं के हाथों से स्मार्ट मोबाइल छीनकर उनकी निजी आज़ादी पर सीधा नियंत्रण। यह फैसला अचानक नहीं आया। सुंधामाता पट्टी में पहले भी महिलाओं के व्यवहार और आवाजाही पर सामाजिक आदेश दिए जाते रहे हैं। परिवार और महिलाओं से जुड़े फैसले पंचायत बैठकों में तय होते रहे हैं। गलती माने जाने पर सार्वजनिक माफी मंगवाना और आलोचना करना आम रहा है। आधुनिक तकनीक को यहां अक्सर संस्कार बिगाड़ने वाला बताया गया, लेकिन अब पहली बार इसे लिखित नियम बनाकर लागू किया गया है।

आज 21वीं सदी में मोबाइल केवल फोन नहीं है। यह सुरक्षा, जानकारी, शिक्षा और दुनिया से जुड़ने का साधन है। महिलाओं के हाथ से मोबाइल छीनना उन्हें चारदीवारी में कैद करने जैसा है। यह सीधे तौर पर संविधान के अनुच्छेद 21 द्वारा प्रदत्त निजता और स्वतंत्रता के अधिकार पर हमला है।

सबसे शर्मनाक पहलू यह है कि यह नियम केवल बहू-बेटियों पर लागू किया गया है। पुरुषों, लड़कों या बुजुर्गों पर कोई रोक नहीं है। अगर समस्या मोबाइल की है तो नियम सभी के लिए समान क्यों नहीं? अगर चिंता बच्चों की आंखों की है तो लड़कों को क्यों छूट दी गई? इन सवालों का जवाब साफ है-समस्या मोबाइल नहीं, महिलाओं पर नियंत्रण की चाह है।

**पुराने फरमान और सामाजिक आदेश ( सुंधामाता पट्टी का इतिहास )**

**1990 - महिलाओं की सार्वजनिक सभा में भागीदारी पर प्रतिबंध**

**2005 - बहू-बेटियों के लिए सामाजिक निगरानी**

**2010 - सार्वजनिक माफी और आलोचना**

विडंबना यह है कि यह फरमान 26 जनवरी से लागू होगा। जिस दिन संविधान को अपनाने का उत्सव मनाया जाता है, उसी दिन 15 गांवों की महिलाएं जानेंगी कि उनके अधिकार कागज़ों में सिमट गए हैं। अगर प्रशासन चुप रहता है तो यह चुप्पी नहीं, सहमति मानी जाएगी।

सुंधामाता पट्टी का यह निर्णय सुधार नहीं, नियंत्रण की राजनीति है। अगर इसे रोका नहीं गया तो समाज यह मान लेगा कि महिलाओं की आज़ादी पर प्रहार सामान्य बात है। यह फैसला लोकतंत्र की आत्मा पर सीधा हमला है और यह दिखाता है कि कुछ पंचायतें आज भी खुद को संविधान से ऊपर समझती हैं।

**-मणिमाला शर्मा,**
**वरिष्ठ पत्रकार।**

# युवाओं के लिए सीखने और सीखाने की ईच्छा शक्ति की मिसाल बने 'डॉ. एसके पाठक'

**■ गैल गैस से सेवानिवृत और आरएसजीएल जयपुर के पूर्व प्रबंध निदेशक डॉ. एसके पाठक गत दो वर्ष से मैसाचुसेट्स डार्टमाउथ यूनिवर्सिटी युवाओं को सप्लाई चैन व्यवस्था की शिक्षा दे रहे हैं**



डॉ. एसके पाठक

**जयपुर।** डॉ. एसके पाठक ने 36 साल के केरियर के बाद 62 की उम्र में न्यूयार्क में क्लासरुम चुना और 64 की उम्र में वहीं अध्यापन आरंभ किया। यह सीखने और सीखाने की ईच्छा शक्ति का ही परिणाम है। गैल गैस से सेवानिवृत और आरएसजीएल जयपुर के पूर्व प्रबंध निदेशक डॉ. एसके पाठक गत दो वर्षों से मैसाचुसेट्स डार्टमाउथ यूनिवर्सिटी युवाओं को सप्लाई चैन व्यवस्था की शिक्षा दे रहे हैं। यह उल्लेखनीय इसलिए है कि डॉ. पाठक ने सेवानिवृति के बाद 62 की उम्र में मैसाचुसेट्स डार्टमाउथ यूनिवर्सिटी में प्रबंधन की शिक्षा लेने के लिए एमबीए की डिग्री के लिए प्रवेश लिया और आज इसी विश्वविद्यालयों में एमबीए के छात्रों को बिजनेस मैनेजमेंट का पाठ पढ़ा रहे हैं, बल्कि भारतीय प्रतिभा के रुप में देश का नाम रोशन कर रहे हैं।

डॉ. पाठक का कहना है सीखने की कोई उम्र नहीं होती और इसी का परिणाम है कि आईआईटी रुडकी से 1984 में ग्रेजुएशन करने के बाद 36 साल तक गैल गैस और इसी दौरान संयुक्त उपक्रम में मुख्य कार्यकारी अधिकारी के रुप में सेवाएं देते हुए उपलब्धियों के नए आयाम बनाये। संस्थान के कार्य को गति दी, लाभदायकता बढ़ाई, युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराये। सबसे खास बात यह कि शानदार उपलब्धियों भरी 36 साल की सेवा अवधि पूरी करने के बाद कार्यालयीय सेवाओं से अलग हटकर एक बार वापिस विद्यार्थी बनने का संकल्प लिया और मैसाचुसेट्स डार्टमाउथ यूनिवर्सिटी में एमबीए के लिए दाखिला लिया। युवाओं के बीच अति युवा बन कर अध्ययन करते हुए 3.83/4.00 जीपीए के साथ एमबीए ग्रेजुएशन पूरा किया और फिर यहां पर ही संकाय सदस्य बन कर युवाओं को सर्टिफाइड मैनेजमेंट एक्सपर्ट के रुप में सप्लाई चैन की बारिकियां सिखाना शुरु किया।

डॉ. पाठक का कहना है कि यह एक अलग तरह का ही अनुभव है। युवाओं से सीखने का भी अवसर मिल रहा है तो सिखाने का अवसर भी प्राप्त हो रहा है। युवाओं से तकनीक, एआई आदि सीख रहे हैं तो न्यूयॉर्क में मर्सी यूनिवर्सिटी में मशीन लर्निंग एआई एप्लाइड स्टैटिस्टिक्स, मैनेजिरियल एनालिटिक्स, कोडिंग और प्रोजेक्ट मैनेजमेंट पढ़ा रहे हैं। इनोवेटिव सर्टिफिकेट प्रोग्राम बनाए हैं और छात्रों की पढ़ाई को बेहतर बनाने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पॉडकास्ट का इस्तेमाल शुरू किया है।


डॉ. पाठक की सीखने और सीखाने की ललक का ही परिणाम है कि पहले पढ़ाई फिर शानदान केरियर और फिर कुछ नया सीखने की ललक न्यूयार्क ले गई और उसके बाद 64 साल के युवा बने रहने के लिए युवाओं को ज्ञान प्रदान करना जीवन का हिस्सा बनाया है।

# व्यक्तित्व को समृद्ध करने में पुस्तकों का अहम योगदान : डॉ. घासीराम वर्मा

**जयपुर।** पुस्तकें व्यक्ति को समय के साथ रखते हुए सुदृढ़ व्यक्तित्व के गढ़ने का सशक्त माध्यम है, जो व्यक्ति पुस्तकों से जुड़ा हुआ है, उसके सोचने और समझने का नजरिया ही अलग होता है। ज्ञान व्यक्ति के सर्वांगीण विकास मे सहायक होता है। यह

**■ प्रयास संस्थान की पुस्तक परियोजना अंतर्गत ''प्रयास पुस्तक उपहार योजना'' का शुभारंभ**

विचार शिक्षाविद् डॉ. घासीराम वर्मा ने झुंझुनू में प्रयास संस्थान की पुस्तक परियोजना अंतर्गत ''प्रयास पुस्तक उपहार योजना'' का शुभारंभ कर लोगो का विमोचन करते हुए व्यक्त किए। अमेरिका में प्रोफेसर रहे 98 वर्षीय डॉ. वर्मा ने कहा कि इस योजनांतर्गत प्रयास संस्थान अंचल के पुस्तकालयों को समृद्ध करेगा, यह प्रसन्नता की बात है।




**शिक्षाविद् डॉ. घासीराम वर्मा ने झुंझुनू में 'प्रयास पुस्तक उपहार योजना' का शुभारंभ कर लोगो का विमोचन किया**

प्रयास संस्थान के अध्यक्ष और साहित्यकार डॉ. दुलाराम सहारण ने बताया कि संस्थान स्थानीय साहित्यकारों एवं राजस्थानी भाषा को प्राथमिकता में रखते हुए अंचल के पुस्तकालयों में जनसहयोग से क्रय की गई पुस्तकें उपहार स्वरूप भेंट कर पुस्तक संस्कृति को बढ़ावा देगा। इस अवसर पर विजयगोपाल मोठसरा, अशोक कुमाार डूडी, डॉ. कृष्णा जाखड़ आदि मौजूद रहे।

# बीकानेर को कड़ाके की सर्दी का इंतजार

**■ जिले में अधिकतम तापमान 23.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 0.6 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा**

**बीकानेर, (निसं)।** बीकानेर में मौसम फिलहाल सामान्य बना हुआ है। पिछले 24 घंटों के दौरान अधिकतम और न्यूनतम तापमान में कोई बड़ा बदलाव नहीं देखा गया।

मौसम विभाग के अनुसार जिले में अधिकतम तापमान 23.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 0.6 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा। न्यूनतम तापमान भी 9.4 डिग्री सेल्सियस रहा। बीकानेर में दो बार घने कोहरे के बाद अब हवा में ठंडक जरूर है लेकिन कड़ाके की सर्दी का इंतजार है। दिन के समय मौसम साफ बना हुआ है और हाल के दिनों में छाया रहने वाला कोहरा अब नजर नहीं आ रहा है। धूप निकलने से दिन में हल्की गर्माहट महसूस की जा रही है, जबकि सुबह और रात के समय ठंड का असर बना हुआ है।

मौसम विभाग के अनुसार आने वाले कुछ दिनों तक बीकानेर में मौसम लगभग इसी तरह बना रह सकता है। अधिकतम तापमान 23 से 25 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की संभावना है, जबकि न्यूनतम तापमान 8 से 10 डिग्री सेल्सियस के आसपास दर्ज किया जा सकता है। सुबह-शाम हल्की सर्दी बनी रहेगी, वहीं दिन में तेज धूप के कारण तापमान में मामूली बढ़ोतरी हो सकती है। फिलहाल कोहरे की स्थिति बनने की संभावना कम बताई जा रही है। फिलहाल, बीकानेर में मौसम स्थिर है और अगले कुछ दिनों तक तापमान सामान्य दायरे में बने रहने का अनुमान जताया जा रहा है।

मौसम के बीच जिले के सभी स्कूलों में शीतकालीन अवकाश शुरू हो गया है। शिक्षा विभाग के अनुसार विंटर वेकेशन के बाद स्कूल 6 जनवरी को दोबारा खुलेंगे। छुट्टियों की शुरुआत से विद्यार्थियों और अभिभावकों को राहत मिली।

# राजगढ़ धाम पर भक्तों ने कन्या भ्रूण हत्या रोकने और नशामुक्त का संकल्प लिया

**अजमेर, (कासं)।** श्री मसाणिया भैरवधाम चैरिटेबल ट्रस्ट, राजगढ़ के तत्वावधान में ग्राम राजगढ़ स्थित श्री मसाणिया भैरव धाम पर सर्वधर्म मनोकामनापूर्ण स्तंभ की 23वीं वर्षगांठ का महोत्सव मनाया गया। बाबा भैरव और मां कालिका के जयकारों से समूचा धाम गूंज उठा। इस अवसर पर लाखों श्रद्धालुओं की उपस्थिति ने आयोजन को महाकुंभ का स्वरूप दे दिया। महोत्सव के दौरान लाखों श्रद्धालुओं ने कन्या भ्रूण हत्या रोकने और नशामुक्त समाज के निर्माण का संकल्प लिया। इस अवसर पर बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत विशाल रैलियां निकाली गईं, जिनमें पंजाब, हरियाणा, राजस्थान सहित विभिन्न राज्यों से आए श्रद्धालु शामिल हुए।

धाम के प्रवक्ता अविनाश सेन ने बताया कि प्रातः मनोकामनापूर्ण स्तंभ पर पंडित चंद्रप्रकाश दाधीच, संजय, कुलदीप, हर्ष, रजत एवं देवेंद्र द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन-यज्ञ सम्पन्न कराया गया। यज्ञ की पूर्णाहुति के पश्चात मां कालिका एवं बाबा भैरव की गुरु आरती की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य उपासक चम्पालाल महाराज तथा नसीराबाद विधायक रामस्वरूप लांबा द्वारा ध्वजारोहण से हुआ। महोत्सव में राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी, विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी, जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत सहित अनेक जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी मौजूद रहे। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के कारण धाम एवं आसपास के क्षेत्रों में विशेष सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्थाएं की गईं।

राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि राजगढ़ धाम पर आकर उन्होंने जो अनुभूति प्राप्त की, वह अविस्मरणीय है। यह धाम केवल राजस्थान ही नहीं, बल्कि पूरे देश में सामाजिक चेतना का केंद्र बन चुका है। चम्पालाल महाराज द्वारा नशामुक्ति, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ और जल स्वावलंबन जैसे अभियानों के माध्यम से समाज को नई दिशा दी जा रही है।

चम्पालाल महाराज ने अपने संबोधन में कहा कि जो श्रद्धालु सच्चे मन और श्रद्धा से मनोकामनापूर्ण स्तंभ की एक परिक्रमा करता है, उसकी मनोकामनाएं अवश्य पूर्ण होती हैं। उन्होंने कहा कि बाबा भैरव देने वाले हैं, लेने वाले नहीं। इसी भावना के चलते धाम पर वर्षों से भिक्षावृत्ति उन्मूलन का अभियान सतत रूप से चल रहा है।

# सुशासन दिवस पर जिले भर के कार्मिकों ने ली सुशासन की शपथ

बीकानेर । पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व.अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिवस को गुरुवार को सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया। इस दौरान जिले भर के कार्यालयों में कार्मिकों ने सुशासन की शपथ ली। जिला स्तरीय कार्यक्रम कलेक्ट्रेट सभागार में हुआ। जहां जयपुर में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के मुख्य आतिथ्य में आयोजित कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया। मुख्यमंत्री ने वीसी के माध्यम से सभी कार्मिकों को सुशासन की शपथ दिलाई। राज्य स्तरीय समारोह में मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास तथा अतिरिक्त मुख्य सचिव अभय कुमार भी मौजूद रहे।

इस दौरान जिला कलक्टर श्रीमती नम्रता वृष्णि और पुलिस अधीक्षक कावेंद्र सागर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी कलेक्ट्रेट में उपस्थित रहे। सभी ने स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित की।

जिला कलेक्टर ने कार्मिकों से आमजन के हित से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता से करने का आव्हान किया। उन्होंने कहा कि कार्मिक सरकार के महत्वपूर्ण अंग हैं। वे अपनी जिम्मेदारी समझते हुए गंभीरता से कार्य करें, जिससे आमजन को राहत मिल सके। उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार 19 से 25 दिसंबर तक सुशासन सप्ताह मनाया गया। इसके तहत प्रशासन गांव की ओर शिविर तथा जिला स्तरीय कार्यशाला सहित अन्य कार्यक्रम हुए। इसी श्रृंखला में गुरुवार को सुशासन दिवस समारोह आयोजित हुआ। कार्यक्रम में नगर निगम आयुक्त मयंक मनीष, बीकानेर विकास प्राधिकरण आयुक्त श्रीमती अपर्णा गुप्ता, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सोहनलाल अतिरिक्त कलेक्टर (प्रशासन) सुरेश कुमार यादव, अतिरिक्त कलेक्टर (नगर) रमेश देव सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। सुशासन दिवस के अवसर पर सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय में भी सुशासन की शपथ ली गई। इस दौरान उपनिदेशक डॉ. हरिशंकर आचार्य ने स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के व्यक्तित्व और कृतित्व के बारे में बताया। उन्होंने अटल की कविताएं भी सुनाई। जनसंपर्क अधिकारी सुरेश बिश्नोई ने सुशासन की शपथ दिलाई। इस दौरान कार्यालय के समस्त कार्मिक मौजूद रहे। राजस्थान पशुचिकित्सा और पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, बीकानेर में गुरुवार को पूर्व प्रधनमंत्री, भारत रत्न स्व: अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म दिवस को भारत एवं राज्य सरकार के निर्देशानुसार सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया। वेटरनरी विश्वविद्यालय के कुलगरु डॉ. सुमंत व्यास ने सभी संकाय सदस्यों एवं विद्याथियों को इस अवसर पर सुशासन दिवस की शपथ दिलाई एवं सभी ने वाजपेयी के तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। कुलगुरु डॉ. सुमंत व्यास ने कहा कि हमें पूर्व प्रधानमंत्री एवं अटल बिहारी वाजपेयी के जीवन आदर्शो से शिक्षा लेनी चाहिए। वे एक कुशल राजनेतिज्ञ, आदर्श व्यक्तित्व, सरल स्वभाव, सच्चे देश प्रेमी थे। कुलगुरु डॉ. सुमंत व्यास ने इस अवसर पर गुरुगोविंदसिंह जी के साहिबजादो के बलिदान को भी नमन किया और कहा कि यदि हम देश हित में निजी स्वाथी को त्याग करें तो एक कुशल नेतृत्व से देश की दिशा और दशा दोनो में परिवर्तन ला सकते है। विश्वविद्यालय के कुल सचिव पंकज शर्मा एवं निदेशक अनुसंधान प्रो. बी.एन. श्रृंगी ने इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त किये एवं स्व: प्रधानमंत्री वाजपेयी जी के जीवन वृतान्त को सुनाया एवं उनके आदर्शो को अपनाने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम के प्रारम्भ में अधिष्ठाता वेटरनरी महाविद्यालय बीकानेर प्रो. हेमन्त दाधीच ने विषय प्रवर्तन करते हुए सभी का स्वागत किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के डीन-डायरेक्टर, शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## कृष्ण का जीवन भारतीय समाज के लिए आदर्श

**बीकानेर ।** आर्य न्यास अजमेर वैदिक शोध संस्थान आरएसवी ग्रूप ऑफ स्कूल्स पर्यावरण पोषण यज्ञ समिति एवं समस्त आर्य समाज बीकानेर के संयुक्त तत्वावधान में श्री कृष्णा कथा एवं प्रवचन का आयोजन रानी बाजार इंडस्ट्रियल एरिया स्थित होटल पाणिग्रहण में 26 से 31 दिसंबर तक किया जा रहा है। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए प्रवचन कर्ता आचार्य हरिप्रसाद आचार्य रवि शंकर आर्य तथा कथावाचक आचार्य कुलदीप शास्त्री ने बताया की बीकानेर में संगीतमय राम कथा के सफल आयोजन के पश्चात बीकानेर के लगातार अनुरोध पर 6 दिवसीय इस कार्यक्रम का आयोजन छोटी काशी के नाम से विख्यात बीकानेर की धर्म परायण जनता के लिए एक अलग अनुभव होगा। प्रत्येक दिन दोपहर 3:45 से 8:00 बजे तक कृष्ण कथा एवं प्रवचन का आयोजन सामान्यजन के लिए किया जाएगा।

## सार-समाचार

### पतरोड़ा ग्राम पंचायत के पार्क में ओपन जिम स्थापित

पतरोड़ा। अनूपगढ़ पंचायत समिति की ग्राम पंचायत पतरोड़ा के पार्क में ओपन जिम स्थापित की गई है। पंचायत प्रशासन ने यह पहल युवाओं की लंबे समय से चली आ रही मांग पर की है। गांव के युवाओं द्वारा सरपंच गुरमीत सिंह चहल और पंचायत प्रशासन से जिम लगवाने की मांग काफी समय से की जा रही थी। सरपंच ने इस मांग को पूरा करते हुए गांव के पार्क में यह सुविधा उपलब्ध कराई है। सरपंच गुरमीत सिंह चहल ने बताया कि ओपन जिम लगने से युवाओं और बच्चों का रुझान खेल मैदानों की ओर बढ़ेगा। उनका मानना है कि इससे युवा नशे से दूर रहेंगे और स्वस्थ जीवनशैली अपनाएंगे। वार्ड पंच परविंदर सिंह ने इस पहल को युवाओं को नशे से दूर रखने की दिशा में पंचायत प्रशासन का एक सराहनीय कदम बताया। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि जिम लगने के बाद से पार्क में बच्चों और युवाओं की संख्या में वृद्धि देखी जा रही है।

### हिन्दी उपन्यास 'डीएम रश्मि रिपोर्टिंग सर' का लोकार्पण 28 को

**बीकानेर।** हिन्दी की प्राध्यापिका रेणु बाला चौहान की प्रथम साहित्यिक कृति हिन्दी उपन्यास 'डीएम रश्मि रिपोर्टिंग सर' का लोकार्पण 28 दिसम्बर को सायं 5 बजे शिव वैली स्थित होटल कला मन्दिर में होगा। वी आर फाउण्डेशन एवं वॉयस ऑफ एज्यूकेशन 'ज्ञानायाम' द्वारा आयोज्य इस लोकार्पण समारोह में वरिष्ठ कथाकार एवं लेखक मालचन्द तिवाड़ी मुख्य अतिथि होंगे। वरिष्ठ लेखक व व्यंग्यकार बुलाकी शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में लेखक व पत्रकार हरीश बी शर्मा एवं बीकानेर तकनीकी विश्वविद्यालय की रजिस्ट्रार रचना भाटिया विशिष्ट अतिथि होंगे। सूर्य प्रकाशन मंदिर द्वारा प्रकाशित इस उपन्यास पर कवयित्री एवं लेखिका मनीषा आर्य सोनी तथा लेखक व शिक्षाविद नमामि शंकर आचार्य पत्रवाचन करेंगे। जैन कन्या महाविद्यालय के व्याख्याता डॉ. धनपत जैन कार्यक्रम का संयोजन करेंगे।

### रफी के स्वारजंलि गीतों के कार्यक्रम में कलाकारों ने समां बांधा

**बीकानेर।** कार्यक्रम प्रवक्ता एन डी कादरी ने बताया कि मोहम्मद रफी की 101 वीं जयंती पर ये शाम मस्तानी म्यूजिकल फाउण्डेशन रजि.जयपुर की बीकानेर शाखा द्वारा स्थानीय महाराजा नरेंद्र सिंह ऑडोटोरियम हॉल में आयोजित कार्यक्रम 'तुम मुझे यूं भुला नहीं पाओगे' स्वाराजंलि गीत संगीत में बीजेपी शहर अध्यक्ष सुमन छाजेड़ ने कार्यक्रम आयोजक सुनील दत्त नागल, स्थानीय गायक कलाकार राजेन्द्र बोथरा, रवि भल्ला, नंदकिशोर भूंड, इंजीनियर राजेश सांखला, राजेन्द्र पडिहार, राहुल रंगा राजस्थानी , दीपक पारीक, केशव पारीक सहित अन्य कलाकारों के साथ रफी के गीतों की शानदार प्रस्तुतियां देकर कार्यक्रम में समां बांधा दिया। कादरी ने बताया इस अवसर पर अतिथियों में मौजूद मंच पर अनिल राठौड़ संयुक्त निदेशक पर्यटन विभाग, पूर्व पार्षद सुनील बांठिया, समाज सेवी सुशील यादव, पूर्व पार्षद डॉ मीना आसोपा, समाज सेवी एनडी कादरी,किसन जोशी, कार्यक्रम सहयोगी सैय्यद अख्तर, रोमी राज एवं संगीत प्रेमियों मोहम्मद रफी के तेल चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके गायों गीतों को याद किया।कार्यक्रम मंच संचालन नरेश खत्री ने किया

### केंद्रीय संस्कृति पर्यटन मंत्री शेखावत बीकानेर में आज

**बीकानेर।** केंद्रीय संस्कृति पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत गुरुवार सायं 7.30 बजे सर्किट हाउस पहुंचेंगें और रात्रि विश्राम बीकानेर में करेंगे। शेखावत शुक्रवार प्रातः 11 बजे स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेने के पश्चात दोपहर 12.30 बजे नाकोड़ा के लिए प्रस्थान करेंगे।

### एनएसएस सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन

**बीकानेर।** राजकीय महाविद्यालय में आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन समारोह हर्षोल्लास एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ। समापन अवसर पर विभिन्न सांस्कृतिक एवं रचनात्मक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनमें एनएसएस स्वयंसेवकों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की। समारोह के मुख्य अतिथि एनएसएस जिला समन्वयक डॉ. घनश्याम बीठू रहे। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि सात दिवसीय शिविर के दौरान स्वयंसेवकों ने सेवा, अनुशासन, सहभागिता और सामाजिक चेतना का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया।

## वाजपेयी को पुष्पांजलि अर्पित

**नापासर ।** यहा पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि पर 'सुशासन दिवस' का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और नागरिकों ने अटल जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में डूंगरगढ़ नगर पालिका के पूर्व चेयरमैन रामेश्वर पारीक ने अटल बिहारी वाजपेयी के राष्ट्रनिर्माण में योगदान, उनकी दूरदर्शी सोच, सादगीपूर्ण जीवनशैली और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति प्रतिबद्धता को याद किया। उन्होंने बताया कि अटल जी का सुशासन का मंत्र, जिसमें पारदर्शिता, जवाबदेही और जनकल्याण शामिल है, आज भी प्रशासन और समाज के लिए मार्गदर्शक है। मंडल अध्यक्ष दीनदयाल भाटी ने सुशासन के महत्व पर विचार व्यक्त किए और नागरिकों से ईमानदारी, संवेदनशीलता तथा सेवा-भाव के साथ समाज निर्माण में भागीदारी का आव्हान किया।

## नौकरी का पैरा नहीं बनाने के बदले मांगी थी ऑडिटर ने रिश्वत, एसीबी ने दोषी माना

**बीकानेर ।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने जिला अस्पताल में संविदा कर्मी हेल्थ मैनेजर की नौकरी के संबंध में और कम्प्यूटर ऑपरेटर का पैरा नहीं बनाने के बदले 20,000 रुपए की रिश्वत मांगने वाले ऑडिटर को जांच में दोषी माना है। भनक लगने पर ऑडिटर ट्रैप होने से बच गया था, लेकिन रिश्वत मांगना प्रमाणित हो गया। 11 जनवरी, 23 को जिला चिकित्सालय में संविदा पर लगे हेल्थ मैनेजर एनएचएम प्रबल कुमार पंवार ने एसीबी को रिपोर्ट दी थी कि वह वर्ष, 09 से कार्यरत है। उसका काम चिकित्सालय में व्यवस्था देखना है। अस्पताल में ऑडिट चल रही है। ऑडिटर अवनीश डेलू उसकी फाइल में ऑडिट पैरा बनाने का डर दिखाकर 20,000 रुपए की रिश्वत मांग रहा है। ब्यूरो ने शिकायत का सत्यापन कराने के बाद ट्रैप की तैयारी की, लेकिन भनक लगने के कारण ऑडिटर ट्रैप होने से बच गया। ब्यूरो ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की। जांच में ऑडिटर की ओर से रिश्वत मांगना प्रमाणित पाया गया। ब्यूरो ने माना कि किसी भी राजकीय कार्यालय में संविदाकर्मी, कर्मचारी, अधिकारी की नियुक्ति के संबंध में ऑडिट पैरा बनाने का विभागीय आदेश-निर्देश नहीं होने के बावजूद अवैध तरीके से पद का दुरुपयोग करते हुए संविदा कर्मी हेल्थ मैनेजर से रिश्वत मांगी गई।

उसकी नियुक्ति का एग्रीमेंट 5 साल का बताकर ज्यादा समय तक काम कर लेने के संबंध में ऑडिट पैरा नहीं बनाने के बदले हेल्थ मैनेजर से रिश्वत के 15,000 रुपए और कम्प्यूटर ऑपरेटर डूंगरदत्त रंगा से 5000 रुपए सहित 20,000 रुपए मांगे गए। जांच में आरोप प्रमाणित होने के बाद ब्यूरो ने समक्ष अधिकारी से अभियोजन स्वीकृति ली और श्रीगंगानगर में रायसिंहनगर में ग्राम बिशनपुरा 30 पीएस निवासी ऑडिटर अवनीश कुमार के खिलाफ कोर्ट में चालान पेश कर दिया। संविदा पर लगे हेल्थ मैनेजर ने ब्यूरो से की शिकायत में मेडिकल कॉलेज के सहायक लेखाधिकारी पर भी परेशान करने का आरोप लगाया था। रिपोर्ट में बताया गया कि जिला चिकित्सालय में पद रिक्त होने पर चार्ज मेडिकल कॉलेज के सहायक लेखाधिकारी चन्द्रशेखर के पास था। वह मानदेय बिल पास कराने के बदले पार्टी, खर्चा मांग रहा है। रेशनलाइजेशन, एरियर में बेवजह कटौती कर मानसिक परेशान कर रहा है। वार्षिक मानदेय अभिवृद्धि के बदले 2000 रुपए की रिश्वत मांग रहा है। लेकिन, उसके खिलाफ एसीबी की जांच में रिश्वत की मांग सत्यापित नहीं हुई थी।

## हनुमानगढ़ में रेल बाइपास का मुआवजा लेने से इनकार

- -आनंद विहार कॉलोनी के लोगों ने अफसरों को घेरा, पैमाइश का काम रुका

**हनुमानगढ़।** यहा प्रस्तावित रेल बाइपास के लिए गुरुवार को आनंद विहार कॉलोनी पहुंची प्रशासन और रेलवे की टीम को स्थानीय लोगों के भारी विरोध का सामना करना पड़ा। पैमाइश और मुआवजे को लेकर समझाइश के लिए गए अधिकारियों को विरोध के चलते बैरंग लौटना पड़ा। इस दौरान जमीन की पैमाइश का काम शुरू नहीं हो सका। जानकारी के अनुसार, उपखंड अधिकारी (एसडीएम) मांगीलाल सुथार, पुलिस उपाधीक्षक (डीवाईएसपी) मीनाक्षी चौधरी, तहसीलदार हरीश सारण सहित अन्य अधिकारी ढिल्लों कॉलोनी पहुंचे थे। उन्होंने कॉलोनीवासियों से बातचीत कर मुआवजा लेने और बाइपास निर्माण कार्य में सहयोग करने की अपील की। हालांकि, लोगों ने किसी भी तरह की मुआवजा राशि लेने से साफ इनकार कर दिया। निवासियों ने अधिकारियों का घेराव करते हुए चेतावनी दी कि आबादी के बीच से बाइपास निकालने नहीं दिया जाएगा। इस मौके पर मौजूद सागर गुर्जर ने कहा कि बाइपास का मुख्य उद्देश्य शहर की घनी आबादी से रेल यातायात को हटाकर बाहरी हिस्से से ले जाना होता है। लेकिन, यहां पूरे रिहायशी इलाके के बीच से रेलवे लाइन गुजारी जा रही है। इससे सैकड़ों मकानों के उजड़ने और जमीन मालिकों के बेघर होने का खतरा है। उन्होंने दावा किया कि प्रशासन के पास ऐसे वैकल्पिक रूट मौजूद हैं, जहां से बिना किसी बड़े नुकसान के बाइपास निकाला जा सकता है। गुर्जर ने यह भी आरोप लगाया कि बिना नई फिजिबिलिटी रिपोर्ट और ताजा सर्वे के ही अधिसूचना जारी कर दी गई है। विजय पेशवानी ने आरोप लगाया कि प्रस्तावित लाइन लगभग तीन हजार की आबादी वाली कॉलोनी को बीच से काट देगी। इससे आमजन की रोजमर्रा की आवाजाही के साथ-साथ एम्बुलेंस, फायर ब्रिगेड, शव यात्रा, गैस सिलेंडर ट्रॉली और बस जैसी आवश्यक सुविधाओं पर भी गंभीर असर पड़ेगा। उन्होंने कहा कि प्रशासन मामूली मुआवजा देकर लोगों की छत छीनना चाहता है, जिसे किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं किया जाएगा। कॉलोनीवासियों ने मांग की कि मौजूदा अधिसूचना को तुरंत रद्द किया जाए।

## अरावली बचाओ जन-आंदोलन एवं मनरेगा के तहत् जन-जागरण रैली कल

**बीकानेर।** जिला कांग्रेस कमेटी शहर व देहात, बीकानेर द्वारा अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर कांग्रेस पार्टी द्वारा चलाये जा रहे अरावली बचाओ जन-आंदोलन एवं मनरेगा के तहत् तथा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार 27 दिसम्बर को दोपहर 12:15 बजे से कोटगेट से जिला कलेक्ट्रेट तक जन-जागरण रैली आयोजित की जायेगी। शहर अध्यक्ष मदनगोपाल मेघवाल व देहात अध्यक्ष बिशनाराम सियाग के संयुक्त नेतृत्व में पैदल मार्च निकाला जायेगा। साथ ही पैदल मार्च के पश्चात् मनरेगा को लेकर सभी कांग्रेसजन जिला कलेक्ट्रेट पर एकत्रित होकर महात्मा गाँधी जी के चित्रों के साथ प्रदर्शन करेंगें। जिला संगठन महासचिव प्रहलादसिंह मार्शल ने बताया कि जैसा कि आपको विदित है कि अरावली पर्वतमाला ना सिर्फ राजस्थान प्रदेश की ऐतिहासिक धरोहर है, बल्कि प्रदेश की जीवनरेखा भी है, जो ना सिर्फ प्रदेश में रेगिस्तान के विस्तार को रोकने में सहायक है, धूलभरी आंधियों से बचाव करती है और पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में सहायक होने के साथ ही प्रदेशवासियों के लिए आस्था का केन्द्र है। अनेक देवालय इस पर्वतमाला पर स्थित है। भारतीय जनता पार्टी की केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा षड्यंत्र रचकर प्रदेश की पहचान अरावली पर्वतमाला को खनन माफियाओं के हवाले कर खनन पट्टे आवंटित कर समाप्त करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। प्रदेश की इस बहूमुल्य सम्पदा को नष्ट होने से बचाने के लिए कांग्रेस पार्टी के समस्त नेता एवं कार्यकर्ता कृत संकल्प है। अरावली पर्वतमाला समाप्त ना हो और भाजपा द्वारा प्रदेश की सम्पदा को अपने उद्योगपति मित्रों को सौंप कर लुटवाने के षड्यंत्र के विरूद्ध कांग्रेस पार्टी ने प्रदेश में जन-जागरण अभियान चलाने के साथ ही अरावली पर्वतमाला को बचाने हेतु केन्द्र एवं प्रदेश की भाजपा सरकार के विरूद्ध व्यापक जन-आंदोलन चलाने का निणन्य लिया हुआ है। इसके अतिरिक्त पूर्व में भाजपा की केन्द्र सरकार ने महात्मा गाँधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) को निरस्त करने के लिये एक विधेयक पेश कर अत्यन्त चिंताजनक और सुनियोजित कदम उठाया है। केन्द्र सरकार द्वारा मनरेगा को कमजोर करने के लिये महात्मा गाँधी का नाम हटाने, रोजगार गारंटी का विनाश करने, केन्द्र सरकार का जिम्मेदारी से पीछे हटने जैसे कार्य इस विधेयक के अन्तर्गत पारित करना प्रस्तावित है। जिसके लिए 22 दिसम्बर को गांधी पार्क से कलेक्ट्रेट तक पैदल मार्च, कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन तथा जरिए कलेक्टर राष्ट्रपति को ज्ञापन सौंपा गया था। 28 दिसम्बर, को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के स्थापना दिवस के अवसर पर अरावली बचाओ जन-आन्दोलन तथा मनरेगा को लेकर जिले के सभी ब्लॉक स्तर पर महात्मा गाँधी जी के चित्रों के साथ विरोध प्रदर्शन आयोजित होंगे।

30 दिसम्बर, 2025 को अरावली बचाओ जन-आन्दोलन तथा मनरेगा को लेकर सभी मण्डल, नगर व बूथ कांग्रेस कमेटियों के स्तर पर महात्मा गाँधी जी के चित्रों के साथ विरोध प्रदर्शन आयोजित होंगे। मार्शल ने बताया कि सभी कार्यक्रमों में क्षेत्र में निवासरत सांसद/सांसद प्रत्याशी, विधायक/विधायक प्रत्याशी, नगर निकाय एवं पंचायत राज संस्थाओं के जनप्रतिनिधिगण, अग्रिम संगठन तथा विभाग, प्रकोष्ठों के पदाधिकारीगण तथा सदभावी कांग्रेसजन शामिल होंगे।

## कलश यात्रा के साथ भागवत कथा शुरू

बीकानेर। पवनपुरी सेक्टर नंबर चार नेहरू उद्यान पार्क में संगीतमय श्रीमद भागवत कथा प्रारंभ। अनिल भुटानी ने बताया कथा का शुभारंभ कलश यात्रा से किया गया व कलश पूजन, कलश स्थापना की गई श्रद्धालुओं ने भगवान श्री कृष्ण भागवत पुराण की आराधना करते हुए सुख समृद्धि और कल्याण की कामना की। कलश यात्रा के दौरान सभी श्रद्धालु भक्तगण भक्ति में लीन होकर झूमते हुए नजर आए व राधे-राधे जय श्री कृष्ण से पंडाल गुंज उठा।


RIICO GROW WITH RAJASTHAN

राजस्थान सरकार का उपक्रम

RISING RAJASTHAN REPLETE • RESPONSIBLE • READY




औद्योगिक क्षेत्रों में संस्थानिक/ वाणिज्यिक/ ग्रुप हाउसिंग एवं गैर औद्योगिक भूखण्डों का सरल ई-नीलामी के माध्यम से आवंटन

अन्तिम 4 दिन शेष

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| कुल भूखण्ड 391 | अस्पताल/ नर्सिंग होम/ डिस्पेंसरी 13 | वाणिज्यिक भूखण्ड 119 | आवासीय/ ग्रुप हाउसिंग 68 | वे ब्रिज 07 | गोदाम 03 |
| दुकानें/ शोरूम 139 | होटल/ रेस्टोरेन्ट 13 | पेट्रोल पम्प/ फ्यूल फिलिंग स्टेशन 07 | स्कूल 07 | संस्थानिक 10 | कियोस्क 05 |

ईएमडी अंतिम तिथि: 29 दिसम्बर, 2025 (सायं 06:00 बजे)
ऑनलाईन बिड प्रारम्भ तिथि: 30 दिसम्बर, 2025 (प्रात: 10:00 बजे) अंतिम तिथि: 02 जनवरी, 2026 (सायं 05:00 बजे)

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 13 | आबू रोड़ | 07 | चूरू | 05 | नागौर | 07 | उदयपुर |
| 15 | अजमेर | 10 | बीकानेर | 19 | पाली | 21 | जयपुर (उत्तर) |
| 23 | अलवर | 09 | झुंझुनू | 18 | झालावाड़ | 02 | जयपुर (दक्षिण) |
| 13 | भिवाड़ी-I | 20 | भरतपुर | 28 | किशनगढ़ | 08 | जयपुर (ग्रामीण) |
| 13 | भिवाड़ी-II | 01 | बालोतरा | 19 | राजसमंद | 12 | ईपीआईपी सीतापुरा, जयपुर |
| 15 | घिलोठ | 30 | भीलवाड़ा | 10 | कोटा | 09 | जोधपुर |
| 04 | दौसा | 22 | नीमराना | 08 | सीकर | 07 | श्रीगंगानगर |
| 13 | सवाईमाधोपुर | | | 10 | बोरानाडा | | |

*25% भुगतान के बाद, शेष 75% भुगतान 11 किश्तों में 8.5% ब्याज के साथ या 120 दिनों के भीतर ब्याज रहित भुगतान

आवेदन के लिए QR कोड स्कैन करें

राजस्थान स्टेट इण्डस्ट्रियल डवलपमेन्ट एण्ड इन्वेस्टमेन्ट कॉर्पोरेशन लिमिटेड
उद्योग भवन, तिलक मार्ग, सी-स्कीम, जयपुर-302005
ई-नीलामी हैल्पलाइन नं. 0141-4593250, 4593237, व्हाट्सएप: +91 9001306515, ई-मेल: riico@riico.co.in
आवंटन से सम्बंधित नियमों एवं शर्तें, ईएमडी विवरण, रजिस्ट्रेशन एवं भूखण्ड से सम्बंधित जानकारी के लिए देखें https://riico. rajasthan.gov.in या https://www.riico.co.in

राज.संवाद/सी/25/16464






# 92 हजार सरकारी नौकरियां और निजी क्षेत्र में 2 लाख से अधिक रोजगार मिला : मुख्यमंत्री

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कॉमर्स कॉलेज में आयोजित रोजगार मेले में चयनित युवाओं को सौंपे नियुक्ति पत्र

**जयपुर,** (कासं)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार युवाओं के लिए पर्यटन, सौर ऊर्जा, उद्योग सहित विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसर सृजित करने के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है।

उन्होंने कहा कि पांच साल में 4 लाख सरकारी एवं 6 लाख निजी रोजगार के अवसर सृजित करने के क्रम में अब तक लगभग 92 हजार सरकारी नौकरियां दी जा चुकी हैं और 1.53 लाख से अधिक पदों पर भर्तियां प्रक्रियाधीन हैं। वहीं, निजी क्षेत्र में भी 2 लाख से अधिक रोजगार के अवसर प्रदान किए गए हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार युवा नीति भी जल्द लाएगी। शर्मा राज्य सरकार के दो वर्ष पूरे होने के अवसर पर गुरुवार को कॉमर्स कॉलेज में राज्य स्तरीय रोजगार मेले को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि, ये रोजगार मेला सरकार की उस सोच का प्रतीक है जिसमें राज्य सरकार ने रोजगार, कौशल और उद्यिमता को प्राथमिकता दी है। इसमें निजी क्षेत्र के 20 से अधिक सेक्टर्स से जुड़े 100 से अधिक नियोक्ता भाग ले रहे है। ऐसे रोजगार मेले हर जिले में निरंतर लगते रहेंगे और स्थानीय स्तर पर निरंतर रोजगार मिलता रहेगा।



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गुरूवार को कॉमर्स कॉलेज में युवाओं को नौकरियों के नियुक्ति पत्र बांटे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने दो वर्ष के कार्यकाल में एक भी पेपरलीक नहीं हुआ। जबकि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के समय में प्रदेश के युवाओं को पेपरलीक के कारण असहनीय पीड़ा झेलनी पड़ी। वर्ष 1893 में स्वामी विवेकानंद ने युवाओं से कहा था 'उठो, जागो और तब तक नहीं रूको, जब तक लक्ष्य की प्राप्ति ना हो जाए'। उन्होंने कहा था 21वीं सदी भारत की होगी। आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत विश्वगुरू बनने की ओर तेजी से अग्रसर है।

- **20 से अधिक सेक्टर्स से जुड़े 100 से अधिक नियोक्ताओं ने की सहभागिता**
- **राज्य सरकार ने रोजगार, कौशल और उद्यिमता को दी प्राथमिकता : भजनलाल शर्मा**

भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार ने एक रोडमैप बनाकर गत दो वर्षों में पानी, बिजली, उद्योग, रोजगार सहित विभिन्न क्षेत्रों में प्राथमिकता के साथ कार्य किया। राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट में 35 लाख करोड़ रुपये के एमओयू किए गए, जिनमें से 8 लाख करोड़ रुपये के एमओयू की ग्राउंड ब्रेकिंग हो चुकी है। इससे युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित हो रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने लगभग 410 रोजगार सहायता शिविरों का आयोजन कर 1 लाख 11 हजार से अधिक बेरोजगार अभ्यर्थियों का रोजगार के लिए चयन किया। उन्होंने कहा कि युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने और उन्हें आर्थिक संबल प्रदान करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री युवा संबल योजना संचालित की जा रही है। इस योजना से 4 लाख से अधिक युवा लाभान्वित हुए हैं, और 1156 करोड़ की राशि बेरोजगारी भत्ते के रूप में वितरित की जा चुकी है।

कौशल, नियोजन एवं उद्यिमता मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने कहा कि मरूधरा की मिट्टी के युवा मेहनती और अनुशासित हैं। निजी क्षेत्र की कंपनियां यहां के युवाओं को रोजगार का अवसर दे रही हैं। इसी कड़ी में यह रोजगार मेला आत्मनिर्भरता का द्वार है। प्रदेश में रोजगार शिविरों के माध्यम से निजी क्षेत्र में युवाओं को नौकरी मिली है। राइजिंग राजस्थान समिट में 35 लाख करोड़ रुपये के एमओयू हुए। जिनमें से 8 लाख करोड़ रुपये से अधिक की राशि के एमओयू की ग्राउंड ब्रेकिंग हो चुकी है।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने निजी कंपनी में रोजगार प्राप्त करने वाले चयनित युवाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किए। उन्होंने विभिन्न कंपनियों की स्टॉल का अवलोकन किया और जानकारी ली। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी, डॉ. प्रेमचंद बैरवा, विश्वकर्मा कौशल विकास बोर्ड के अध्यक्ष रामगोपाल सुथार सहित बड़ी संख्या में युवा एवं निजी नियोक्ता उपस्थित रहे।

# शेखावाटी के पर्वतारोहियों ने केदार कंठा चोटी पर फहराया तिरंगा




शेखावाटी के युवाओं ने उत्तराखण्ड में 12500 फिट ऊंचाई पर तिरंगा झण्डा फहराया।

**जयपुर।** शेखावाटी क्षेत्र के पर्वतारोहियों के एक साहसी दल ने उत्तराखंड राज्य के उत्तरकाशी जिले में स्थित हिमालय पर्वत की 12 हजार 500 फीट ऊँचाई पर स्थित केदार कंठा पर्वत शिखर पर पहुँचकर राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया। इस अभियान की शुरुआत जयपुर से 18 दिसंबर को की गई थी। पर्वतारोही दल कठिन एवं दुर्गम चढ़ाई के बाद 25 दिसंबर की अलसुबह केदार कंठा शिखर पर पहुँचा और वहाँ तिरंगा लहराकर शेखावाटी क्षेत्र का नाम रोशन किया।

अभियान के तहत दल 20 दिसंबर को नेटवार बेस कैंप से रवाना हुआ। इसके बाद क्रमशः पहला कैंप जलोटा थाच, दूसरा कैंप पुखरौला थाच, तीसरा कैंप अखोटी थाच को पार करते हुए पर्वतारोहियों को खराब मौसम, तेज बारिश, बर्फबारी और बर्फीले तूफानों जैसी विकट परिस्थितियों का सामना करना पड़ा। इसके बावजूद दल ने अदम्य साहस और अनुशासन के साथ अभियान को सफलतापूर्वक पूर्ण किया। इस पर्वतारोहण दल में लक्ष्मणगढ़ निवासी राष्ट्रीय वॉलीबॉल खिलाड़ी अजय कुमार जांगिड़, मुकुंदगढ़ निवासी सुनील टेलर, नबीपुरा निवासी पंकज ढाका, नवलगढ़ निवासी पिंटू जांगिड़ और जयपुर निवासी अनिल धींगड़ा शामिल रहे। उल्लेखनीय है कि यह दल विगत कई वर्षों से हिमालय क्षेत्र में पर्वतारोहण अभियानों में सक्रिय है। इससे पूर्व विगत वर्ष में इसी दल ने हिमालय की 14 हजार 500 फीट से अधिक ऊँचाई पर स्थित भृगु लेक चोटी पर तिरंगा फहराकर शेखावाटी क्षेत्र को गौरवान्वित किया था।

शेखावाटी के पर्वतारोहियों ने केदार कंठा चोटी पर फहराया तिरंगा

जयपुर। शेखावाटी क्षेत्र के पर्वतारोहियों के एक साहसी दल ने उत्तराखंड राज्य के उत्तरकाशी जिले में स्थित हिमालय पर्वत की 12 हजार 500 फीट ऊँचाई पर स्थित केदार कंठा पर्वत शिखर पर पहुँचकर राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया। इस अभियान की शुरुआत जयपुर से 18 दिसंबर को की गई थी। पर्वतारोही दल कठिन एवं दुर्गम चढ़ाई के बाद 25 दिसंबर की अलसुबह केदार कंठा शिखर पर पहुँचा और वहाँ तिरंगा लहराकर शेखावाटी क्षेत्र का नाम रोशन किया।

अभियान के तहत दल 20 दिसंबर को नेटवार बेस कैंप से रवाना हुआ। इसके बाद क्रमशः पहला कैंप जलोटा थाच, दूसरा कैंप पुखरौला थाच, तीसरा कैंप अखोटी थाच को पार करते हुए पर्वतारोहियों को खराब मौसम, तेज बारिश, बर्फबारी और बर्फीले तूफानों जैसी विकट परिस्थितियों का सामना करना पड़ा। इसके बावजूद दल ने अदम्य साहस और अनुशासन के साथ अभियान को सफलतापूर्वक पूर्ण किया। इस पर्वतारोहण दल में लक्ष्मणगढ़ निवासी राष्ट्रीय वॉलीबॉल खिलाड़ी अजय कुमार जांगिड़, मुकुंदगढ़ निवासी सुनील टेलर, नबीपुरा निवासी पंकज ढाका, नवलगढ़ निवासी पिंटू जांगिड़ और जयपुर निवासी अनिल धींगड़ा शामिल रहे। उल्लेखनीय है कि यह दल विगत कई वर्षों से हिमालय क्षेत्र में पर्वतारोहण अभियानों में सक्रिय है। इससे पूर्व विगत वर्ष में इसी दल ने हिमालय की 14 हजार 500 फीट से अधिक ऊँचाई पर स्थित भृगु लेक चोटी पर तिरंगा फहराकर शेखावाटी क्षेत्र को गौरवान्वित किया था।

# राजस्थान को गुड गवर्नेन्स में रोल मॉडल बनाएं : भजनलाल शर्मा

- **मुख्यमंत्री ने राज्य स्तरीय समारोह में कार्मिकों को सुशासन की दिलाई शपथ**
- **मुख्य सचिव वी. श्री निवास ने किया प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संदेश का पठन**

**जयपुर** (कासं)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मंशानुसार "न्यूनतम सरकार, अधिकतम सुशासन" के मंत्र को साकार करने के लिए हम सभी को निष्ठा और समर्पण से प्रयास करने चाहिए। उन्होंने अधिकारी-कर्मचारियों से जनसेवा, नवाचार और जवाबदेहिता की कार्य-संस्कृति को आत्मसात करते हुए राजस्थान को गुड गवर्नेन्स में रोल मॉडल बनाने का आव्हान किया। शर्मा गुरुवार को एचसीएम रीपा में सुशासन दिवस पर आयोजित राज्य स्तरीय समारोह को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी को नमन करते हुए कहा कि, सुशासन हमेशा भारतीय संस्कृति का अभिन्न अंग रहा है। हमारे यहां सुशासन को "राम राज्य" कहा गया है। राम राज्य के आदर्शों पर चलते हुए स्व. वाजपेयी ने शासन को सुशासन और स्वराज को सुराज में बदला। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से गांवों के विकास और स्वर्णिम चतुर्भुज योजना के जरिए देश के आर्थिक विकास को गति दी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि स्व. वाजपेयी ने देश को सूखा और बाढ़ से मुक्ति दिलाने के लिए प्रमुख नदियों को जोड़ने की महत्वाकांक्षी योजना भी प्रारंभ की। कारगिल युद्ध में ऑपरेशन विजय हो या बाहरी दबावों की चिंता किए बिना परमाणु परीक्षण करना, उन्होंने स्वाभिमानी भारत की आधारशिला रखी। उन्होंने जय जवान, जय किसान, जय विज्ञान का नारा देकर देश के विकास में विज्ञान को बढ़ावा देने का काम किया।

भजनलाल शर्मा ने कहा कि स्व. अटल की सुशासन की विरासत को प्रधानमंत्री मोदी ने आगे बढ़ाया और देश को सुशासन का रोल मॉडल बनाने पर कार्य किया। "सबका साथ, सबका विकास" की सोच के साथ ऐसी नीतियां और योजनाएं लागू की जिनका लाभ हर व्यक्ति तक पहुंचे। मोदी ने लोकतंत्र से लोक को जोड़ा और नौकरशाही को सही मायने में लोकसेवक बनाया और खुद को देश का प्रधान सेवक बनाया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारा प्रदेश एकीकृत सरकारी ऑनलाइन प्रशिक्षण प्लेटफॉर्म पर शामिल होने वाला पहला राज्य था। यहां 7 लाख से अधिक कर्मयोगियों ने नामांकन कर 26 लाख से अधिक प्रशिक्षण पाठ्यक्रम पूर्ण कर लिए है। राजस्थान देश की 7वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। विकसित राजस्थान के विजन के अनुरूप इसे हमने 2047 तक 4.3 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा है।

मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संदेश का पठन किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार ने दो वर्ष के कार्यकाल में बहुआयामी पहुंच सुनिश्चित करते हुए आमजन के जीवन में बड़ा बदलाव लाया है। वर्तमान सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य पर गत 2 सप्ताह में प्रदेश में व्यापक स्तर पर 6 लाख से अधिक गतिविधियों और कार्यक्रमों का संचालन किया गया।

## जयपुर मेट्रो में शपथ ग्रहण कार्यक्रम

**जयपुर।** भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर मानसरोवर मेट्रो डिपो सभागार में सुशासन दिवस कार्यक्रम आयोजित हुआ।

मेट्रो के अधिकारी-कर्मचारियों ने स्व. वाजपेयी के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित की। इसके साथ ही ईमानदारी, पारदर्शिता, जवाबदेही और जनसेवा की भावना के साथ कार्य करने की सुशासन शपथ ली।

# डीडवाना-कुचामन में 1.35 लाख विद्यार्थियों की आंखों की जांच हुई

## कलेक्टर डॉ. महेन्द्र खडगावत के निर्देशन में जिले में चलाया गया "सेफ आई-सेफ फ्यूचर" अभियान

**डीडवाना-कुचामन** (कासं)। डीडवाना-कुचामन जिले में कलक्टर डॉ. महेंद्र खडगावत के निर्देशन में सरकारी स्कूलों में अध्ययनरत विद्यार्थियों की आँखों की जांच के लिए "सेफ आई-सेफ फ्यूचर" अभियान चलाया जा रहा है। इस मुहिम में अब तक 1.35 लाख से ज्यादा बच्चों की आंखों की निःशुल्क जांच हुई है। इस अभियान का उद्देश्य विद्यार्थियों में दृष्टि संबंधी समस्याओं की समय रहते पहचान कर उनका उपचार सुनिश्चित करना है, ताकि उनके शैक्षिणक विकास एवं स्वास्थ्य पर सकारात्मक प्रभाव पड़े।

कलक्टर डॉ. खडगावत ने बताया कि वर्तमान समय में डिजिटल उपकरणों के बढ़ते उपयोग के कारण बच्चों में आँखों से संबंधित समस्याएं बढ़ रही है। बच्चों की आंखों का स्वास्थ्य सीधे उनकी शिक्षा और समग्र विकास से जुड़ा है। यदि दृष्टि दोष का समय पर पता चल जाए, तो इसे भविष्य में होने वाली गंभीर समस्याओं से बचाया जा सकता है। ऐसे में यह अभियान एक नवाचार के रूप में जिले के बच्चों के स्वस्थ नेत्र, सुरक्षित भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नरेंद्र चौधरी ने बताया कि कलक्टर डॉ. खडगावत के निर्देशन में अभियान के प्रथम चरण में शिक्षा विभाग की सहायता से 1.35 लाख से ज्यादा विद्यार्थियों की आँखों की प्रारंभिक जाँच कर विद्यार्थियों की दृष्टि की स्क्रीनिंग कर नेत्र संबंधी संभावित समस्याओं को चिन्हित किया गया है। अभियान के द्वितीय चरण में चिकित्सा विभाग द्वारा गठित 9 टीमों ने लगभग 45 दिनों की अवधि में चिन्हित विद्यार्थियों की आंखों की विस्तृत जांच नेत्र विशेषज्ञों द्वारा की गई, जिसमें कुल 4161 विद्यार्थियों में अस्पष्ट दिखने, धुँधला दिखाई देने तथा दूर का कम दिखाई देने जैसी आँखों से संबंधित समस्यायें पाई गई। जिला प्रशासन द्वारा इन सभी विद्यार्थियों को शीघ्र ही भामाशाहों के सहयोग से उपयुक्त क्षमता के निःशुल्क चश्मे उपलब्ध कराए जाएंगे, ताकि उनकी पढ़ाई में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो।



## 'देश व समाज की तरक्की और खुशहाली के लिए प्रयास जरूरी'

**जयपुर।** सुन्नी दावते इस्लामी की ओर से आयोजित 1500वां जश्ने ईद मिलादुन्नबी व 814वां उर्से ख्वाजा गरीब नवाज इज्तेमा में बड़ी संख्या में अकीदतमंद शामिल हुए। जयपुर शहर मुफ्ती मौलाना मुफ्ती अब्दुस्सत्तार रजवी की सरपरस्ती में यहां घाटगेट पर आयोजित इज्तेमा में मुख्य अतिथि एवं सुन्नी दावते इस्लामी (मुम्बई) के अमीर मौलाना मुहम्मद शाकिर अली नूरी ने ख्वाजा गरीब नवाज की जीवनी पर विस्तार से रोशनी डाली। ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती ने कुरान की तालीम को आम करने, इंसानियत और अमन व शांति के लिए सूफीइज्म की तालीम का प्रचार किया और बताया- अगर एक नौजवान अपने आप को बदलना चाहे तो बदल सकता है और समाज में इंकलाब पैदा कर सकता है। मुख्य वक्ता अल्हाज मौलाना सय्यद अमीनुल कादरी किब्ला (मालेगांव) मुहब्बत ए रसूल के जरिए इस्लाम की बुनियादी व अखलाकी तालीम को आम करना और अल्लाह की बनाई कायनात में गौर करना व दुनियावी तालीम में बैदारी लाई जाए, इस सिलसिले में विस्तार से ख्याख्यान दिया।

## 5240 लीटर संदिग्ध घी जब्त


**जयपुर।** सीएमएचओ जयपुर द्वितीय की टीम ने कार्यवाही करते हुए बगरू में 5 हजार 240 लीटर संदिग्ध देशी घी जब्त किया, जिसकी कीमत बत्तीस लाख रुपए बताई गई है।

सी.एम.एच.ओ. जयपुर द्वितीय डॉक्टर मनीष मित्तल ने बताया कि बगरू थाना पुलिस की सूचना पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी दल को कार्यवाही के लिए भेजा गया था। बगरू के लोहरवाड़ा स्थित भैरव विहार कॉलोनी के एक प्लॉट में प्रदीप बढेरा ने गोदाम बना रखा था जो ग्रामीण एरिया की दुकानों पर घी सप्लाई कर रहा था। नमस्ते कृष्णा,डेयरी सरस और डिजायर ब्रांड का घी अजमेर के सिराधना स्थित श्री श्याम फूड प्रोडक्ट्स से निर्माण कर सप्लाई किया जा रहा था। जहां तीनों ब्रांड के नमूने लेकर शेष घी को जांच रिपोर्ट प्राप्त होने तक सीज किया गया है।

## सुपरवाइजर-बीएलओ का सम्मान

**जयपुर।** मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम-2026 (एसआईआर) को पूर्ण करने वाले वाले कर्मचारियों का समाज आगे बढ़कर सम्मान कर रहा है। इसी कड़ी में विद्याधरनगर विधानसभा क्षेत्र के कर्मचारियों का वीकेआई रोड नंबर-12 स्थित श्रीराम बैंक्वेट हॉल में सम्मान किया गया।

कार्यक्रम की आयोजक वार्ड नंबर 7 की निवर्तमान पार्षद संतोष अग्रवाल और विशिष्ट अतिथि समाजसेवी कैलाश अग्रवाल ने सुपरवाइजर दुर्गा लाल सैनी, जयराम, विद्याधर और रघुराज शर्मा, बूथ लेवल ऑफिसर और सहायक कर्मचारियों को साफा-माला पहनाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम संयोजिका और बूथ लेवल ऑफिसर ज्योति शर्मा ने बताया कि इस अवसर पर ठिकाना मंदिर श्री गोविंद देवजी प्रबंधन की ओर से सभी सुपरवाइजर को लोकतंत्र प्रहरी सम्मान



स्मृति चिह्न, गोविंद देवजी का चित्र, दुपट्टा, प्रसाद भेंट कर सम्मानित किया गया। करीब 25 बीएलओ और सहायक कर्मचारियों को लोकतंत्र समर्थ सहयोगी सम्मान प्रदान किया गया। समारोह में मनोज पंवार, रघुवीर सिंह,सुमन सियाग, सुरेंद्र सिंह शेखावत,प्रभु दयाल दरिया, राहुल मीणा, निशा कुमावत,जगदीश प्रसाद लाटा,नेहा चौधरी, रविंद्र सिंह, ज्योति शर्मा को लोकतंत्र समर्थ सहयोगी सम्मान से नवाजा गया।

## बिना सुनवाई का मौका दिए आदेश अनुचित : हाईकोर्ट

**जयपुर,** 25 दिसंबर। राजस्थान हाईकोर्ट की खंडपीठ ने जीएसटी निर्धारण से जुड़े मामले में कहा है कंप्यूटराइज फॉर्म में करदाता को सुनवाई का अवसर दिए बिना पारित आदेश कानूनी तौर पर गलत व अनुचित है और निरस्त किए जाने योग्य है। हाईकोर्ट की खंडपीठ ने यह आदेश मैसर्स केके ब्लॉक एंड इंटरलॉक फैक्ट्री की याचिका पर दिया। अधिवक्ता डीपी शर्मा ने बताया कि धारा 169 के तहत जीएसटी अफसरों का दायित्व है कि वह आदेश की सूचना संबंधित व्यक्ति को देते हुए उसे सुनवाई का अवसर दें, लेकिन मौजूदा मामले में अपीलेट ऑथरिटी ने प्रार्थी फर्म के खिलाफ कंप्यूटराइज्ड फॉर्म में और बिना मस्तिष्क का उपयोग किए आदेश दिया है, जो अवैधानिक है। इसके अलावा मामले में प्रार्थी को सुनवाई का मौका भी नहीं दिया है। इसलिए अपीलेट ऑथरिटी का आदेश निरस्त कर मामले में विधिक प्रावधानों पर नए सिरे से आदेश दिया जाए। वहीं खंडपीठ ने ऐसे ही समान अन्य मामले में भी आदेश पारित किया है। इस मामले में भी दिशा-निर्देश जारी किए जाए।

## सारस्वत क्रिकेट प्रतियोगिता आज से

**जयपुर।** सारस्वत ब्राह्मण समाज जिला जयपुर, युवा मंडल और महिला मंडल के संयुक्त तत्वावधान में 26 से 28 दिसम्बर तक हीरा वैली रिसोर्ट, स्वेज फार्म पर आयोजित सारस्वत क्रिकेट लीग का शुभारम्भ शुक्रवार को संस्था अध्यक्ष पं. जगन्नाथ शर्मा, युवा अध्यक्ष रजत सारस्वत और महिला अध्यक्ष कुलदीप शर्मा संयुक्त रूप से करेंगे। तीन दिवसीय सारस्वत बॉक्स क्रिकेट प्रतियोगिता में जयपुर जिले की 20 टीमें भाग लेंगी, जिनमें चार टीमें महिलाओं की होंगी। महिला मंडल अध्यक्ष कुलदीप शर्मा ने बताया समापन समारोह के दौरान सांस्कृतिक संध्या का कार्यक्रम भी होगा।

# लाभार्थियों को फोन पर मिलेगी मासिक व्यय की पूरी जानकारी

**जयपुर** (कासं)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल एवं चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर के मार्गदर्शन में आरजीएचस योजना को लगातार सुदृढ़ किया जा रहा है। इसी कड़ी में योजना में पारदर्शिता की दृष्टि से एक और डिजिटल पहल की गई है।

इसके तहत राजस्थान सरकार स्वास्थ्य योजना के लाभार्थी को उसके द्वारा उपयोग की गई स्वास्थ्य सेवाओं की पूरी जानकारी उसके पंजीकृत मोबाइल पर मिलेगी। इससे लाभार्थी को यह पता चला सकेगा कि किसी भी फार्मेसी, अस्पताल या अन्य एजेंसी द्वारा उसके आरजीएचएस कार्ड का दुरूपयोग तो नहीं किया गया है।

प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने बताया कि कई बार ऐसी शिकायतें सामने आती थीं कि किसी फार्मेसी, अस्पताल या अन्य एजेंसी द्वारा गलत बिल प्रस्तुत कर योजना के तहत भुगतान उठा लिया गया, जबकि लाभार्थी द्वारा ऐसा कोई उपचार या दवा ली ही नहीं गई और ना ही उसे इसके बारे में कोई जानकारी है। इस अनियमितता पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए अब लाभार्थी को उसके द्वारा उपयोग की गई सेवाओं की पूरी जानकारी उसके मोबाइल पर उपलब्ध करवाने की पहल प्रारंभ की गई है। ऐसे में कार्ड का दुरूपयोग होने पर लाभार्थी तत्काल हेल्पलाइन नंबर या आरजीएचएस कार्यालय में तथा हेल्पलाइन 181 पर इसकी सूचना दे सकेगा और अनियमितता करने वाले अस्पताल या फार्मेसी स्टोर के विरूद्ध प्रभावी कार्रवाई की जा सकेगी।

राजस्थान स्टेट हेल्थ एश्योरेंस एजेंसी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी हरजीलाल अटल ने बताया कि आरजीएचएस कार्ड के के उपयोग से संबंधित पारदर्शी एवं सटीक जानकारी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से यह कदम उठाया गया है।

# दहेज की लगातार मांग से परेशान होकर विवाहिता ने जहर खाकर की आत्महत्या

## 4 महीने के बेटे के साथ आई थी पीहर, गेहूं की टंकी से निकालकर कीटनाशक दवाई खाई

**जयपुर** (कासं)। महेश नगर थाना इलाके में दहेज की मांग से परेशान होकर एक विवाहिता ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली। कीटनाशक खाने के बाद अचानक से विवाहिता की तबियत बिगड़ गई। जिसके बाद परिजनों ने उसे तुरंत सवाई मानसिंह अस्पताल लेकर पहुंचे। अस्पताल में उपचार दौरान उसकी मौत हो गई। मेडिकल इत्तला पर अस्पताल पहुंची पुलिस ने परिजनों की शिकायत पर विवाहिता के ससुराल पक्ष के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

पुलिस ने बताया कि महेश नगर इलाके में स्थित रामनगर विस्तार, कटारिया कॉलोनी निवासी श्वेतरा राव (32) ने गेहूं की टंकी में रखा कीटनाशक निकाला और उसका सेवन कर लिया। जिसके बाद उसकी अचानक से तबियत बिगड़ गई। गंभीर अवस्था पर परिजन उसे सवाई मानसिंह अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां पर उपचार दौरान उसकी मौत हो गई।

बताया जा रहा है कि श्वेता की शादी जुलाई-2024 में फतेहपुर शेखावाटी निवासी नरेश सिंह के साथ हुई थी और मृतका श्वेता के 4 माह का बेटा है। पिछले 1 महीने पहले ही वह 4 महीने के बेटे के साथ पीहर आई थी। गत 21 दिसंबर की शाम करीब 4 बजे गेहूं की टंकी में रखे जहर को निकालकर लाई और कमरे में आकर अपने मासूम बेटे के सामने उसे खा लिया। जिसके बाद उसकी तबीयत बिगड़ गई और जमीन पर गिर गई। कुछ देर बाद परिजनों ने उसे अचेत अवस्था में फर्श पर पड़ा हुआ देखा। जिसके बाद परिजन उसे उपचार के लिए सवाई मानसिंह अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां पर उपचार दौरान श्वेता ने दम तोड़ दिया। मेडिकल इत्तला पर अस्पताल पहुंची पुलिस ने मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने बुधवार को मृतका की मां की शिकायत पर दहेज हत्या का मामला दर्ज किया है।

### भाई मिलने पहुंचा तो उससे भी की मारपीट

बताया जा रहा है कि शादी के बाद से ससुराल वाले आए दिन दहेज के लिए प्रताडित कर रहे थे और 2 लाख रुपए अपने परिजनों से मंगवाने के लिए आए दिन मारपीट कर रहे थे। गत 13 नवंबर को भाई गजराज को भी पीड़िता के ससुराल वालों ने वीडियो कॉल पर जान से मारने की धमकी दी थी।

# खेतड़ी पुलिस ने हिस्ट्रीशीटर वीरेंद्र गोठड़ी के गुर्गों को दबोचा, हथियार जब्त

## वीरेंद्र गोठड़ी हरियाणा के महेंद्रगढ़ जिले के नांगल चौधरी थाने का हिस्ट्रीशीटर है

**खेतड़ी, (निसं)।** करीब साढ़े आठ साल बाद एक बार फिर हरियाणा का हार्डकोर बदमाश और पड़ौसी हरियाणा के महेंद्रगढ़ जिले के नांगल चौधरी थाने का हिस्ट्रीशीटर वीरेंद्र गोठड़ी झुंझुनूं में गैंगवार करने वाला था, लेकिन झुंझुनूं पुलिस की प्रो पुलिसिंग ने वीरेंद्र गोठड़ी के प्लान को फेल कर दिया और उसके दो हिस्ट्रीशीटर समेत छह साथियों को गिरफ्तार कर और हथियारों को जब्त कर एक बड़ी कार्रवाई की है।

वीरेंद्र गोठड़ी हरियाणा के महेंद्रगढ़ जिले के नांगल चौधरी थाने का हिस्ट्रीशीटर है, जिसने अब से करीब साढ़े आठ साल पहले 6 मई 2017 को अपने दुश्मन बदमाश मुकेश उर्फ मुखिया गुर्जर का मर्डर करवाने के लिए अपने गैंग के बदमाशों को झुंझुनूं जिले के सिंघाना थाना इलाके के डूमोली खुर्द गांव भेजा था, जहां पर भात के कार्यक्रम में फायरिंग करके ना केवल मुखिया गुर्जर को, बल्कि फायरिंग के दौरान चपेट में आने से इसी गांव के जयपाल की मौत हो गई थी। इस डबल मर्डर के मामले में



पुलिस ने दो हिस्ट्रीशीटर समेत छह साथियों को गिरफ्तार किया।

पुलिस ने ना केवल शूटरों को गिरफ्तार किया था, बल्कि करीब दो साल के बाद वीरेंद्र गोठड़ी भी पुलिस के हत्थे चढ़ गया था। अब इसी मामले में खेतड़ी कोर्ट में पेशी पर आए वीरेंद्र गोठड़ी तथा बहरोड़ सदर थाने का हिस्ट्रीशीटर देवीलाल पुत्र फूलाराम गुर्जर निवासी पहाड़ी व उनके साथियों ने फिर से एक प्लान तो बनाया, लेकिन प्रो पुलिसिंग से सब कुछ धरा का धरा रह गया।

खेतड़ी सीआई मोहनलाल ने बताया कि पुलिस के पास सूचना आई थी कि कोर्ट के पास कुछ हरियाणा नंबर की गाड़ियों में बदमाश हैं, जिनके पास हथियार भी है। पुलिस ने सूचना के आधार पर जब संदिग्धों की तलाश शुरू की तो खेतड़ी कस्बे के बस स्टैंड पर दो गाड़ियां दिखाई दी। पुलिस की गाड़ी को देखकर ये लोग इधर-उधर भागने लगे। जिस पर छह को दबोचा गया। वहीं तीन-चार अन्य भागने में सफल हो गए। पकड़े छह बदमाशों में से दो तो हिस्ट्रीशीटर निकले। पुलिस ने इस मामले में हरियाणा के महेंद्रगढ़ जिले के नांगल चौधरी थाने के हिस्ट्रीशीटी हनुमान प्रसाद उर्फ गब्बर पुत्र नेतराम गुर्जर को तथा कोटपुतली बहरोड़ जिले के बहरोड़ सदर थाने के हिस्ट्रीशीटर देवीलाल पुत्र फूलाराम गुर्जर निवासी पहाड़ी के साथ-साथ देवीलाल के ही गांव के जितेंद्र पुत्र अमरसिंह नाई, हरियाणा के महेंद्रगढ़ जिले के सदर नारनौल थाना के टहला निवासी राजेश कुमार पुत्र महाराम गुर्जर, हिस्ट्रीशीटर वीरेंद्र गोठड़ी के गांव गोठड़ी के महेश कुमार पुत्र भूपसिंह गुर्जर तथा दीपक स्वामी पुत्र गुल्लाराम स्वामी को गिरफ्तार किया। इन दोनों ही गाड़ियों से पुलिस को एक 12 बोर की डबल बैरल गन, इसी गन के आठ जिंदा कारतूस तथा पिस्टल के सात जिंदा कारतूस मिले हैं। पुलिस की कार्रवाई से पहले ही वीरेंद्र गोठड़ी, विक्रम सिंह और एक संजय गनमैन नाम का मौके से भागने की जानकारी भी पुलिस को मिली है।

# समर्थन मूल्य पर हो रही मूंगफली खरीद में गड़बड़ी का आरोप

■ **विधायक ने मंडी परिसर में मुख्य कार्यकारी अधिकारी को फटकार लगाई**

**बीकानेर, (निसं)।** यहां समर्थन मूल्य पर हो रही मूंगफली खरीद में गड़बड़ी पर विधायक भड़क गए। मंडी परिसर में मुख्य कार्यकारी अधिकारी को फटकार लगाई। वसूली कर तुलाई करने पर ठेकेदार फर्म पर कार्रवाई नहीं करने का आरोप लगाया।

विधायक जेठानन्द व्यास ने कहा कि आप सभी मिले हुए हो। रुपए देने वालों की तुलाई की जा रही है। पैसे नहीं नहीं देने वाले किसानों को जानबूझकर परेशान किया जा रहा है। आपके सामने किसान ने साढ़े आठ हजार रुपए दिए हैं। तुम क्या कर रहे हो। ठेकेदार के खिलाफ क्या कार्रवाई कर रहे हो। ठेका फर्म पर कार्रवाई नहीं करने पर विधायक ने धरने पर बैठने की चेतावनी दे डाली। किसानों ने तुलाई के बदले रुपए मांगने के आरोप लगाए धरने पर बैठने का समर्थन किया। करीब एक घंटे तक धरने पर बैठने के बाद विधायक मौके से चले गए। किसानों ने कहा कि धरने पर बैठने से तुलाई पूरी तरह ठप हो गई है।

जानकारी के अनुसार बीकानेर तहसील क्रय-विक्रय सहकारी समिति लिमिटेड के माध्यम से ऊन मंडी में मूंगफली की समर्थन मूल्य पर खरीद की जा रही है। खरीद में गड़बड़ी के आरोप पर विधायक जेठानन्द व्यास खरीद केंद्र पर पहुंचे और मुख्य कार्यकारी अधिकारी उमाकांत व्यास को अव्यवस्थाओं के बारे में बताया और कहा कि खरीद प्रक्रिया पूरी तरह पक्षपातपूर्ण है। तुलाई के नाम पर ठेका फर्म द्वारा किसानों से अवैध वसूली की जा रही है।

इस पर सीईओ ने कहा कि मूंगफली की खरीद टोकन प्रणाली के आधार पर की जा रही है और किसी प्रकार का अवैध लेनदेन नहीं हो रहा।

जानकारी के अनुसार बीकानेर और कोलायत क्षेत्र में मूंगफली खरीद की जिम्मेदारी एक ही अधिकारी के पास है। खरीदी गई मूंगफली को उठाने और वेयरहाउस तक पहुंचाने के लिए एक प्राइवेट फर्म को ठेका दिया गया है, जो किसानों की मूंगफली की तुलाई करने काम करती है और वेयरहाउस तक पहुंचाती है। इसी फर्म पर किसानों से रुपए वसूलने के आरोप लग रहे हैं। न सिर्फ बीकानेर और कोलायत, बल्कि श्रीडूंगरगढ़ सहित अन्य क्षेत्रों में भी इसी तरह के आरोप सामने आ चुके हैं। इससे पहले भी इन फर्मों को ठेका दिए जाने को लेकर काफी विवाद हुआ था। उस समय ब्लैकलिस्टेड कंपनियों को ठेका देने के आरोप भी उठे थे। ठेका फर्म पर रुपए लेकर तुलाई करने का आरोप लगाते हुए किसानों ने प्रदर्शन किया और कार्रवाई की मांग की।

विवाद के दौरान मौके पर मौजूद किसानों में भी भारी नाराजगी देखने को मिली। विधायक जेठानन्द व्यास ने कई किसानों के वीडियो बयान भी मौके पर रिकॉर्ड करवाए। एक किसान ने आरोप लगाया कि राजू नाम के व्यक्ति ने उससे साढ़े आठ हजार रुपए लिए, इसके बावजूद उसकी मूंगफली की तुलाई नहीं करवाई गई। वहीं एक अन्य किसान ने बताया कि उससे 21 हजार रुपए की डिमांड की गई थी। किसानों के इन आरोपों के बाद खरीद केंद्र पर माहौल और ज्यादा तनावपूर्ण हो गया।

# चोरी का माल खरीदने वाला सिरोही से गिरफ्तार



दोवडा पुलिस ने मंदिर से चोरी हुए कलश को खरीदने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया।

■ **लीलवासा गोपालजी मंदिर में चोरी के मामले में 8वां आरोपी पकड़ा, चोरी का माल बरामद**

**डूंगरपुर, (निसं)।** दोवड़ा थाना पुलिस ने लीलवासा गोपालजी मंदिर से चोरी हुए कलश को खरीदने वाले आठवें आरोपी को सिरोही से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी का सामान भी बरामद कर लिया है। इस मामले में पहले ही सात आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

दोवड़ा थानाधिकारी ने बताया कि लीलवासा गोपालजी मंदिर के पुजारी सुरेश पुत्र मोतीलाल सेवक ने 16 मई को मंदिर में चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट में बताया गया था कि मंदिर का शिखर चोरी हो गया था। पुलिस ने इस मामले में पहले अनुराग उर्फ अरुण, शेखर, कल्पेश, पवन, प्रकाश, अब्दुल और रमेश को गिरफ्तार किया था। गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ के दौरान उन्होंने बताया कि चोरी किया गया कलश सिरोही में बेचा गया था। इस सूचना के आधार पर पुलिस की एक टीम सिरोही पहुंची और चोरी का सामान खरीदने वाले आरोपी की तलाश शुरू की। पुलिस ने शनिश्चर मंदिर के सामने, न्यू नेहरू नगर, शिवगंज,जिला सिरोही निवासी चंपतराम पुत्र माणकचंद सोनी को गिरफ्तार किया। आरोपी चंपतराम ने चोरी का माल खरीदने की बात कबूल कर ली है। पुलिस ने उसके कब्जे से चोरी का कलश बरामद कर लिया है। फिलहाल, पुलिस गिरफ्तार आरोपी चंपतराम से मामले से जुड़े अन्य पहलुओं पर पूछताछ कर रही है।

# उदयपुर में बलीचा कचरा यार्ड के पास रहने वाले लोग गंदगी से परेशान

**उदयपुर, (निसं)।** यूआईटी अंतर्गत दक्षिण विस्तार योजना पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर क्षेत्र बलीचा उदयपुर के निवासियों ने नगरीय विकास एवं आवासन विभाग के मंत्री झाबर सिंह खर्रा को गुरुवार को ज्ञापन सौंपते हुए अपनी पीड़ा व्यक्त की है। मंत्री झाबर सिंह खर्रा अपने एक दिवसीय प्रवास पर उदयपुर आये थे।

ज्ञापन में मंत्री से निवेदन किया गया है कि बलीचा कचरा यार्ड जो लंबे समय से गंदगी का अड्डा बन गई है, यहां शहर का सारा कचरा डाला जाता है, जिसे सैकड़ो गायों द्वारा खाया जा रहा है, जिसमें मुख्य रूप से प्लास्टिक प्रमुख है। गंदगी इस तरह से पसरी हुई है कि इसके आसपास बने 1000 मुख्यमंत्री आवास एवं आईआईएम संस्थान कॉलोनी में रहने वाले लोगों का रहना दुश्वार हो गया है। ग्राम वासियों द्वारा इसे लेकर बार-बार आंदोलन कर निगम एवं जिला कलैक्टर तथा सरकार को जानकारी भी दी गई है।

लोगों ने बताया कि राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण नई दिल्ली (एनजीटी) ने भी स्पष्ट आदेश जारी किए गए थे कि भविष्य में इसकी पुनरावृत्ति नहीं होनी चाहिए इसके लिए प्रदूषण विभाग को भी पाबंद किया गया था। परंतु आज भी स्थितियां पहले से ज्यादा बदतर हो गई है। मरे हुए जानवर एवं गंदगी से आसपास प्रदूषण चरम सीमा पर है। लोगों का रहना दुश्वर हो गया है। करीब



दक्षिण विस्तार योजना पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर के लोगों ने मंत्री झाबर सिंह खर्रा को ज्ञापन सौंपा।

4000 लोग तथा आईआईएम संस्थान इस प्रदूषण की लंबे समय से शिकार बन रही है। आमजन बीमारियों से ग्रसित हो रहा है। लोग उल्टी, दस्त, चर्म रोग, बुखार एवं मलेरिया तथा अन्य को बीमारियों से पीड़ित है। लंबे समय से वर्षा के कारण कचरे में आग नहीं लगाई जा रही थी। अब वर्षा बंद हो गई तो वर्तमान में कचरे में आग लगने से जहरीला धुआं चारों तरफ फैल रहा है। आमजन सांस भी नहीं ले पा रहा है तथा भारी पीड़ा से गुजर रहा है।

प्रधानमंत्री स्वच्छ भारत व प्रदूषण मुक्त भारत बनाने को राष्ट्रीय कार्यक्रम के रूप में देखा जा रहा है परंतु बलीचा के आसपास रहने वाले लोग इसे स्वच्छ भारत मिशन के नाम पर कालीख पोत रहे हैं। चारों तरफ सडांध फैल रही है। कचरा यार्ड में बायो मैथेनेशन प्लांट की क्षमता 500 किलो की होने के बाद भी कचरा सेग्रीगेशन नहीं होने से मात्र 200 किलो गैस का ही उत्पादन हो रहा है, जबकि वास्तविकता में जिला एवं सूखा कचरा अलग-अलग संग्रहण किया जाता तो यह 500 किलो की क्षमता वाला प्लांट भी छोटा पड़ता। आज हम देख रहे हैं कि वर्षा का पानी इस गंदगी पर पड़ने के बाद धीरे-धीरे धरती में जा रहा है। लोगों ने यह भी बताया कि सरकार और शासन प्रशासन द्वारा अगर शीघ्र कार्यवाही नहीं की गई तो हमारे द्वारा धरना, प्रदर्शन एवं भूख हड़ताल तक की जाएगी।

# युवती को शादी का झांसा देकर यौन शोषण

**जोधपुर, (कासं)।** जिले में एक युवती को प्रेमजाल में फंसाकर शादी का झांसा देकर करीब तीन वर्ष से देह और आर्थिक शोषण किया गया। पीड़िता कमिश्नरेट पूर्व के एक थाने पहुंची और आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। पीड़िता ने बताया कि करीब तीन वर्ष पूर्व उसकी एक युवक से जान पहचान हुई और बाद में दोनों के बीच गहरी दोस्ती हो गई। इस दौरान युवक ने उसको शादी का झांसा देकर शहर की होटल में मुलाकात करने बुलाने लगा। इसी दौरान कई बार युवक ने उसके साथ शारीरिक संबंध भी बनाए।

आरोपी उसको जोधपुर से बाहर भी पर्यटक स्थलों पर घुमाने ले गया और वहां पर भी गेस्ट हाउस और होटलों में उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। करीब तीन वर्ष से चल रहे इस प्रेम प्रसंग के बावजूद जब भी वो आरोपी युवक को शादी के लिए कहती वो टालमटोल करने लगा। पीड़िता ने जब उससे ज्यादा जिद करनी शुरू की तो आरोपी युवक की हकीकत सामने आने लगी और वो उससे कन्नी काटने लगा। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की।

# 'वेदों की ओर लौटो' का महर्षि दयानंद सरस्वती का संदेश आज भी प्रासंगिक : राज्यपाल बागड़े

■ **अजमेर में महर्षि दयानंद सरस्वती विश्वविद्यालय का दीक्षांत समारोह आयोजित**

**अजमेर, (कास)।** महर्षि दयानंद सरस्वती विश्वविद्यालय का त्रयोदश दीक्षांत समारोह गुरुवार को विश्वविद्यालय के सत्यार्थ सभागार में आयोजित हुआ। समारोह की अध्यक्षता राज्यपाल एवं कुलाधिपति बागड़े ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं विश्वविद्यालय गीत के साथ हुआ। राज्यपाल एवं कुलाधिपति हरिभाऊ बागड़े ने कहा कि दीक्षांत समारोह विद्यार्थियों के जीवन में एक नए आरंभ का प्रतीक है। उपाधि प्राप्त करना ही लक्ष्य नहीं होना चाहिए, इसके साथ बौद्धिक क्षमता, नैतिक मूल्यों और राष्ट्र के प्रति दायित्वबोध का विकास भी उतना ही आवश्यक है।

उन्होंने कहा कि यह समावर्तन संस्कार प्राचीन भारतीय परंपरा से जुड़ा है। इसमें गुरु शिष्यों को अंतिम उपदेश देते थे। सत्य के मार्ग पर चलने, धर्म का आचरण करने और शिक्षा पर अहंकार नहीं करने की सीख देते थे। राज्यपाल एवं कुलाधिपति बागड़े ने विभिन्न संकायों के 54 शोधार्थियों को विद्या वाचस्पति पीएचडी की उपाधि प्रदान की। साथ ही वर्ष 2020 से 2025 के मध्य उत्कृष्ट शैक्षिणक प्रदर्शन करने वाले 2 विद्यार्थियों को कुलाधिपति पदक तथा वर्ष 2023, 2024 एवं 2025 में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले 40 विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक प्रदान कर सम्मानित किया गया।

राज्यपाल ने अजमेर के ऐतिहासिक महत्व का उल्लेख करते हुए कहा कि अजमेर का प्राचीन नाम अजयमेरु रहा है। इसे चौहान शासक अजयराज ने बसाया था। उन्होंने महर्षि दयानंद सरस्वती को युगपुरुष बताते हुए कहा कि वेदों की ओर लौटो का उनका संदेश आज भी प्रासंगिक है। उन्होंने शिक्षा को व्यवहार से जोड़ने, चरित्र निर्माण, आत्मविकास, ब्रह्मचर्य, योग, प्राणायाम, वेद-उपनिषद तथा मातृभाषा और संस्कृत में अध्ययन की प्रेरणा दी।

राज्यपाल ने कहा कि उपाधि प्राप्त विद्यार्थी राष्ट्र निर्माण में अपनी शिक्षा का उपयोग करें और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्प के अनुरूप वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र एवं विश्वगुरु बनाने में सक्रिय भूमिका निभाएं। उन्होंने विद्यार्थियों से राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ आगे बढ़ने का आव्हान किया। उन्होंने विश्वविद्यालय परिसरों में शोध एवं प्रयोगशालाओं की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि बौद्धिक विकास का प्रमाण व्यक्ति के कार्य और व्यक्तित्व से परिलक्षित होता है। साथ ही विद्यार्थियों को खेलकूद के माध्यम से शारीरिक रूप से सुदृढ़ बनने, नैतिकता अपनाने तथा पर्यावरण संरक्षण के लिए वृक्षारोपण एवं उसके संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर राज्यपाल बागड़े ने बृहस्पति भवन के सामने स्थित दो उद्यानों का नामकरण एक भारत श्रेष्ठ भारत विहार एवं संस्कृति विहार करने की घोषणा की।

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि दीक्षांत समारोह वह क्षण है जब विद्यार्थियों के सपनों को औपचारिक मान्यता मिलती है। शिक्षा ही मानव को सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है। उन्होंने तकनीक और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के युग में भारतीय ज्ञान परंपरा, नैतिक मूल्यों और संवेदनशीलता को बनाए रखने की आवश्यकता बताई। जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने कहा कि यह समारोह भारत की प्राचीन शिक्षा परंपरा का गौरवशाली उदाहरण है। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि उपाधि मंजिल नहीं बल्कि उड़ान की शुरुआत है। बदलते समय में समाज और राष्ट्र की आवश्यकताओं के अनुरूप नवाचार एवं अनुसंधान पर कार्य करना आज की आवश्यकता है।

# डूंगरपुर में लाखों के जेवर और नगदी चोरी

**डूंगरपुर, (निसं)।** शहर के हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में जैन मंदिर के सामने एक सूने मकान में दिनदहाड़े चोरी की वारदात हुई। देर शाम को महिला वापस घर पहुंची तो घर में बिखरा सामान और टूटी अलमारी देखकर चौंक गई। घर से 55 हजार कैश और लाखों के जेवर चोरी हो गए। फिलहाल पुलिस चोरों की तलाश में जुट गई है।

जानकारी के अनुसार कोतवाली थाना क्षेत्र में हाउसिंग बोर्ड कालीन में जैन मंदिर के पास तुलसी देवी गोर के

■ **हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में सूने मकान को चोरों ने निशाना बनाया, सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है पुलिस**

सूने मकान में चोरी की वारदात हुई। तुलसी देवी बुधवार दोपहर के समय घर का ताला कर काम से शहर में गई थी। देर शाम को वापस घर पहुंची तो घर के टूटे ताले, अंदर बिखरा पडा सामान देखकर चौंक गई। घटना के बाद कॉलोनी के लोग इकट्ठे हो गए। तुलसी देवी ने बताया कि चोरों ने घर की अलमारिया भी तोड़ दी। एक दिन पहले ही बैंक से 50 हजार रुपए काम से निकाले थे। इसके अलावा करीब 5 हजार रुपए पहले से रखे। चोर रुपए चुराकर ले गए। वहीं अलमारी में रखे सोने-चांदी के जेवर भी चोरी हो गए। घटना की सूचना पर कोतवाली थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी ली। इसके बाद पुलिस आसपास के क्षेत्र में सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। वही चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

# शिल्पग्राम उत्सव में सहरिया स्वांग डांस ने दर्शकों का मन मोहा




उदयपुर के शिल्पग्राम में चल रहे दस दिवसीय महोत्सव के तहत पांचवे दिन मुक्ताकाशी रंगमंच पर लोक कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियां दी।

**उदयपुर, (निसं)।** उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, उदयपुर की ओर से आयोजित किए जा रहे दस दिवसीय शिल्पग्राम उत्सव के पांचवें दिन की शाम को कई प्रदेशों की प्रस्तुतियों से सजाया गया।

हर प्रस्तुति ने उत्सव की 'लोक के रंग-लोक के संग' थीम को साकार किया। इनमें गुजरात के गुजराती व अन्य गानों की धुन पर गरबा, जम्मू के पारंपरिक डोगरी लोक नृत्य जगरना को देख मंत्रमुग्ध हो गए। वहीं, राजस्थान के सहरिया आदिवासी संस्कृति को उकेरता सहरिया स्वांग डांस व सफेद आंगी गेर ने भी सभी का मन मोह लिया। गोवा के नदी पार कराने को नाविक से गुजारिश करती महिलाओं का देखनी और त्रिपुरा के सिर पर बोतल रख बेमिसाल बैलेंसिंग के लोक नृत्य होजागिरी और ओडिशा की जनजातीय संस्कृति को उकेरते संभलपुरी नृत्य की प्रस्तुतियों ने दर्शकों ने खूब दाद दी। इनके साथ ही महाराष्ट्र के मल्लखंभ के कलाकारों के करतब देख रोमांचित हुए दर्शक हर करतब पर वाह-वाह कर उठे, तो हरियाणा की प्रसिद्ध घूमर और राजस्थान के लोक देवता गोगाजी को समर्पित डेरू नृत्य पर को भी दर्शकों ने बहुत सराहा। कार्यक्रम में राजस्थान के बीन-जोगी, पश्चिम बंगाल के मार्शल आर्ट के एक्शन के सम्मिश्रण वाले नटुआ लोक नृत्य, छत्तीसगढ़ के पंडवानी ज्ञान (पांडवों की कथा) के साथ ही मार्शल आर्ट से लबरेज फोक प्रस्तुति थांगटा-स्टिक की पेशकश ने भी दर्शकों को रिझाया व रोमांचित किया।

बंजारा मंच पर चल रहे 'हिवड़ा री हूक' कार्यक्रम में दर्शकों ने खुद गाने, कविता आदि पेश कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। वहीं को-ऑर्डिनेटर सौरभ भट्ट की प्रश्नोत्तरी में सभी आयुवर्ग के दर्शकों ने खूब रुचि दिखाई।

बंजारा मंच पर चल रहे 'हिवड़ा री हूक' कार्यक्रम में दर्शकों ने खुद गाने, कविता आदि पेश कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। वहीं को-ऑर्डिनेटर सौरभ भट्ट की प्रश्नोत्तरी में सभी आयुवर्ग के दर्शकों ने खूब रुचि दिखाई। क्विज में सही उत्तर देने वालों को हाथों-हाथ उपहार भी दिए जा रहे हैं। शिल्पग्राम में विभिन्न थड़ों पर सुबह 11 बजे से शाम 6 बजे तक अलग-अलग प्रस्तुतियां मेलार्थियों का भरपूर मनोरंजन कर रही हैं।

# श्रीडूंगरगढ़ के मोमासर गांव में धर्मांतरण का आरोप, 35 जने हिरासत में

**बीकानेर, (निसं)।** श्रीडूंगरगढ़ इलाके के सबसे बड़े गांव मोमासर में गुरुवार को क्रिसमस के दिन कथित तौर पर धर्म परिवर्तन कराने की कोशिश का मामला सामने आया है।

विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल की शिकायत पर पुलिस ने एक घर से 35 लोगों को हिरासत में लिया है। उनका कहना है कि उन्होंने धर्म परिवर्तन से जुड़ी गतिविधियों की शिकायत कई बार की मगर अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई थी। इन सभी को श्रीडूंगरगढ़ थाने ले जाया गया है, जहां उनसे पूछताछ की जा रही है। बताया जा रहा है कि बीमारी का इलाज करने के नाम पर क्रिश्चियन धर्म में कर्न्वट करने के लिए लोगों को इकट्ठा किया गया था।

विश्व हिंदू परिषद के श्रीडूंगरगढ़ प्रशासन प्रमुख श्याम जोशी ने बताया कि विहिप की टीम सुबह करीब छह बजे ही मोमासर गांव पहुंच गई थी। संगठन को लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि गांव के एक घर में लोगों को बीमारी ठीक करने के बहाने बुलाया जा रहा है। आरोप है कि इलाज का दावा कर लोगों को इकट्ठा किया गया और उन पर धर्म परिवर्तन के लिए दबाव बनाया जा रहा था। विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल का कहना है कि वे लंबे समय से मोमासर क्षेत्र में धर्म परिवर्तन से जुड़ी गतिविधियों की शिकायत करते आ रहे थे, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई थी। संगठनों का आरोप है कि कई परिवारों को प्रभावित कर धर्म बदलने के लिए दबाव बनाया जा रहा था। जिन लोगों के धर्म परिवर्तन की आशंका जताई जा रही थी, उनमें कई महिलाएं शामिल थी।

मामले की जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घर में मौजूद लोगों को हिरासत में लेकर श्रीडूंगरगढ़ थाने ले आई। कुल 35 लोगों को थाने लाया गया है। पुलिस अब यह जांच कर रही है कि लोगों को जबरन धर्म परिवर्तन के लिए मजबूर किया जा रहा था या किसी अन्य गतिविधि के तहत उन्हें एकत्र किया गया था। पुलिस के अनुसार सभी 35 लोगों से अलग-अलग स्तर पर पूछताछ की जा रही है। जांच का फोकस इस बात पर है कि कार्यक्रम का उद्देश्य क्या था और इसमें शामिल लोगों की भूमिका क्या रही। फिलहाल किसी भी स्तर पर पुलिस की ओर से आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है।

श्याम जोशी ने बताया कि थाने लाए गए 35 लोगों में से 3-4 स्थानीय मोमासर के निवासी हैं, जबकि बाकी लोग बाहर से आए बताए जा रहे हैं। इनमें कुछ परिवार चूरू जिले के भी बताए गए हैं। उन्होंने कहा कि गुरुवार सुबह करीब 6 बजे एक कार्यक्रम होना था, लेकिन पुलिस के पहुंचने के कारण वह नहीं हो सका। पूरे मामले की छानबीन जारी है। श्याम जोशी के अनुसार फिलहाल पुलिस को कोई लिखित शिकायत नहीं दी गई है। उन्होंने कहा कि स्थिति पूरी तरह स्पष्ट होने के बाद ही एफआईआर दर्ज कराने का फैसला किया जाएगा। थानाधिकारी जितेंद्र स्वामी ने बताया कि अब तक किसी ने मामला दर्ज नहीं करवाया है। फिलहाल सभी से पूछताछ की जा रही है। अगर कोई भी व्यक्ति लिखित में शिकायत देगा तभी पुलिस आगे कार्रवाई कर सकेगी।



आखिरी बार 14 साल के लड़के ने इतनी क्रिकेट प्रतिभा दिखाई थी, वो सचिन तेंदुलकर थे। और हम सभी जानते हैं कि वो क्या बने। हमें किसका इंतजार है? वैभव सूर्यवंशी को भारत के लिए खेलना चाहिए। **- शशि थरूर**

**कांग्रेसी सांसद, वैभव सूर्यवंशी को लेकर बोलते हुए।**

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी**

**मोंटी पनेसर**



**ऑस्ट्रेलिया** दौरे पर गई इंग्लैड की टीम का प्रदर्शन निराशाजनक रहा। इंग्लैड की टीम एक बार फिर एशेज सीरीज हार गई है। 5 मैचों की सीरीज में इंग्लैड 3-0 से पीछे हैं। महज 11 दिनों में बेन स्टोक्स की कप्तानी में इंग्लैंड ने एशेज गंवा दी, जिससे मैकुलम की रणनीति और उनकी चर्चित बैजबॉल सोच पर सवाल उठने लगे हैं। इसी बीच इंग्लैंड के पूर्व स्पिन मोंटी पनेसर ने बड़ा बयान दिया है। पत्रकार रवि बिष्ट के यूट्यूब चैनल पर दिए इंटरव्यू में मोंटी पनेसर ने कहा कि रवि शास्त्री इंग्लैंड के कोच बनने के लिए सबसे सही ऑप्शन होंगे।

**क्या आप जानते हैं ?...** मिचेल स्टार्क ने इस साल टेस्ट क्रिकेट में 28.7 का बॉलिंग स्ट्राइक रेट अपने नाम कर लिया है, जो 148 सालों के टेस्ट क्रिकेट इतिहास में किसी भी गेंदबाज द्वारा एक साल में सबसे बेहतरीन स्ट्राइक रेट है।

## पीएम मोदी ने खेल को बनाया राष्ट्रीय प्राथमिकता, देश के कोने-कोने में जीवंत हुई खेल संस्कृति

# राज्य सरकार ने खेलों को प्रोत्साहन देने के लिए उठाए ठोस कदम : मुख्यमंत्री

जयपुर, 25 दिसम्बर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश खेल क्षेत्र में नई ऊचाईयों को छू रहा है। उन्होंने खेल को राष्ट्रीय प्राथमिकता बनाया तथा खेलो इंडिया जैसी प्रतियोगिताओं ने देश के कोने-कोने में खेल संस्कृति को जीवंत किया। शर्मा गुरुवार को सवाई मानसिंह इंडोर स्टेडियम में सांसद खेल महोत्सव समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर उनको नमन करते हुए कहा कि श्रद्धेय वाजपेयी का मानना था कि देश की ताकत युवाओं मेंनिहित है। वे मानते थे कि खेल केवल शारीरिक गतिविधि नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण का सशक्त माध्यम है।

### गांव-कस्बों के खिलाड़ियों को प्रतिभा दिखाने का मिला अवसर

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन मेंप्रत्येक वर्ष सांसद खेल महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है।उन्होंनेयुवाओं को खेलने, सुविधाएं उपलब्ध कराने, प्रशिक्षण देने और स्पर्धाओं में भाग लेने की प्रेरणा दी है।यह एक खेल प्रतियोगिता ही नहीं बल्कि खेल संस्कृति का जश्न है। इसमें विभिन्न खेलों के माध्यम से गांव-कस्बों के खिलाडियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिला है।श्री शर्मा ने कहा कि टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम, खेल विश्वविद्यालयों की स्थापना सहित विभिन्न पहलों ने खिलाड़ियों के जीवन में बड़ा बदलाव लाया है।





### खिलाड़ियों के लिए स्पोर्ट्स लाइफ इंश्योरेंस स्कीम

शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार ने प्रदेश में खेलों को प्रोत्साहन देने के लिए ठोस कदम उठाए हैं।खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्ब्स का सफल आयोजन और राजस्थान टारगेट ओलम्पिक पॉडियम स्कीम शुरू की। खिलाड़ियों के लिए स्पोर्ट्स लाइफ इंश्योरेंस स्कीम भी प्रारंभच्की गई है जिसमें अंतर्राष्ट्रीय पदक विजेताओं को 25 लाख रुपये तक का दुर्घटना और जीवन बीमा कवरेज उपलब्ध कराया जा रहा है। वहीं, अर्जुन पुरस्कार विजेताओं की तर्ज परद्रोणाचार्य पुरस्कार विजेता प्रशिक्षकों को भी भू-खण्ड आवंटन का प्रावधान किया गया है। राज्य सरकारप्रत्येक जिले में खेल अकादमियों को सशक्त कर रही है और ग्रामीण क्षेत्रों में खेल के मैदान विकसित किए जा रहे हैं।

### संसाधनों की नहीं होगी कमी

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश का कोई भी प्रतिभाशाली खिलाड़ी संसाधनों की कमी के कारणों से पीछे नहीं रहेगा।इसी उद्देश्य के दृष्टिगत राज्य सरकार ने विभागीय खेल अकादमियों में आवासित छात्र-छात्राओं को देय राशि 2 हजार 600 रूपये से बढ़ाकर 4 हजार रूपये प्रतिमाह किया है।प्रदेश में 17 नवीन खेलो इंडिया केंद्र जिलों में प्रारंभ किए जा रहे हैं।उन्होंने कहा कि खेलो इण्डिया यूथ गेम्ब्स की तर्ज पर प्रदेश में खेलो राजस्थान यूथ गेम्ब्स का आयोजन भी किया जाएगा। इनका आयोजन पारम्परिक खेलों को शामिल करते हुए ब्लॉक, जिला एवं राज्य स्तर पर किया जाएगा। इस अवसर पर शर्मा ने क्रिकेट प्रतियोगिता की विजेता टीम एवं खिलाड़ियों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। इस दौरान संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल, सांसद मंजू शर्मा, विधायक कैलाश वर्मा, गोपाल शर्मा, बालमुकुंदाचार्य सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, खिलाड़ी, प्रशिक्षक एवं स्कूली छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## दीप्ति फिट लेकिन रॉड्रिग्स के खेलने पर संशय

तिरुवनंतपुरम, 25 दिसंबर। भारत और श्रीलंका के बीच पांच मैचों की 20 सीरीज का तीसरा मैच शुक्रवार को तिरुवनंतपुरम में खेला जाएगा। भारत इस समय सीरीज़ में 2-0 से आगे है और उनके पास सीरीज़ को अपने नाम करने का मौक़ा है। तो वहीं श्रीलंका की टीम को अग़र इस सीरीज में बने रहना है तो उन्हें यह मुक़ाबला जीतना होगा। इस मैच से संबंधित टीम न्यूज़, संभावित एकादश, पिच और परिस्थितियों पर एक नज़र डालते हैं। दीप्ति शर्मा हल्के बुखार के चलते विशाखापट्टनम में दूसरा मुक़ाबला नहीं खेल पाई थीं। उनकी जगह पर स्नेह राणा को एकादश में शामिल किया गया था और उन्होंने प्रभावित भी किया था। हालांकि तीसरे टी20 में दीप्ति की वापसी तय माना जा रही है जो कि महिला टी20 में 150 विकेट लेने से मात्र दो विकेट दूर भी हैं। गुरुवार को प्री मैच प्रेस कॉन्फ्रेंस में भारतीय टीम के मुख्य कोच अमोल मजूमदार ने दीप्ति के फ़िट होने की पुष्टि की लेकिन उन्होंने बताया कि जेमिमाह रॉड्रिग्स स्वास्थ्य समस्याओं के चलते अभ्यास सत्र में हिस्सा नहीं लेंगी। श्रीलंका ने दूसरे टी20 की एकादश में कोई बदलाव नहीं किया था। अग़र चोट कोई मसला नहीं रहता है तो तीसरे मुक़ाबले में भी एकादश में कोई बदलाव नहीं है।

## विजय हजारे ट्रॉफी में बिहार का अगला मुकाबला आज, वैभव सूर्यवंशी पर रहेगी नजर



रांची, 25 दिसंबर। भारतीय घरेलू क्रिकेट का रोमांच इन दिनों विजय हजारे ट्रॉफी में देखने को मिल रहा है। बुधवार से शुरू हुए इस सीरीज में अब शुक्रवार को फिर से कई मुकाबले खेले जाएंगे। शुक्रवार को इस विजय हजारे ट्रॉफी के 19 मैच खेले जाएंगे। देश के अलग-अलग राज्य, क्रिकेट संघ, रेलवे, सर्विसेज सहित कुल 38 टीमें आमने-सामने होंगी. इन 38 मुकाबलों में एक बार फिर बिहार की क्रिकेट टीम पर फैंस की नजरें टिकी होगी. क्योंकि बिहार ने जिस तरीके से विजय हजारे ट्रॉफी के पहले दिन अरुणाचल प्रदेश के खिलाफ रिकॉर्ड्स बनाए, उसे देखते हुए सबकी नजरें इस टीम पर होंगी। बिहार की ओर से वैभव सूर्यवंशी ने बुधवार को खेले गए मैच में 190 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया था. वैभव के इस तूफान के सामने अब शुक्रवार को मणिपुर की टीम होगी। मणिपुर की क्रिकेट टीम भी अपेक्षाकृत कमजोर मानी जाती है. ऐसे में कयास लगाए जा रहे हैं कि शुक्रवार को मणिपुर के खिलाफ भी वैभव कोई तूफानी रिकॉर्ड न बना डाले।

## स्कॉटिश ओपन और ब्रिटिश ओपन में खेलने जाएगी जयपुर की दिव्यांशी जैन



जयपुर, 25 दिसंबर। जयपुर की युवा स्क्वैश खिलाड़ी दिव्यांशी जैन स्कॉटिश ओपन और ब्रिटिश ओपन स्क्वैश चैंपियनशिप में हिस्सा लेगी। ये दोनों ही इवेंट यूरोपियन स्क्वैश फेडरेशन की प्लेटिन इवेंट हैं। स्कॉटिश ओपन का आयोजन 28 से 30 दिसम्बर तक एडिनबर्ग में होगा, जबकि ब्रिटिश ओपन चैंपियनशिप बर्मिंघम में 2 से 6 जनवरी तक खेली जाएगी। स्क्वैश फेडरेशन ऑफ इंडिया की उपाध्यक्ष और सवाई मानसिंह स्टेडियम में संचालित राजस्थान स्क्वैश एकेडमी की संचालक सुरभि मिश्रा ने गुरुवार को यहां बताया कि दिव्यांशी राजस्थान स्क्वैश एकेडमी की प्रशिक्षु हैं। दिव्यांशी अंडर-13 आयु वर्ग में देश की नम्बर एक खिलाड़ी हैं और उन्हें स्कॉटिश ओपन में भी शीर्ष वरीयता दी गई है। इसके अलावा टूर्नामेंट में हिस्सा लेने वाले अन्य भारतीय खिलाड़ियों में श्रेयांस झा, आर्यवीर सिंह और शनाया परसरामपुरिया शामिल हैं। सुरभि ने बताया कि इसके बाद दिव्यांशी ब्रिटिश ओपन में खेलेंगी, जहां दुनियाभर से अलग-अलग आयु वर्ग में शीर्ष 8 में शामिल 800 से ज्यादा खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। हाल की स्क्वैश वर्ल्ड कप में खिताब जीत इतिहास रचने वाली भारतीय टीम का हिस्सा रही अनाहत सिंह भी ब्रिटिश ओपन में हिस्सा लेंगी। उन्हें अपने आयु वर्ग में शीर्ष वरीयता दी गई है। सुरभि ने बताया कि जयपुर की दिव्यांशी का हाल के टूर्नामेंटों में शानदार प्रदर्शन रहा है। उन्होंने विगत दिनों मलेशिया में आयोजित 17वीं कुआलालंपुर इंटरनेशनल जूनियर ओपन चैंपियनशिप में अंडर-13 वर्ग का खिताब जीता था।

## श्री इंजीनियरिग वर्क्स जीती



जयपुर, 25 दिसंबर। आशा देवी डागा कप सीजन -9 में जेजेएल ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 14.4 ओवर में 117 रन 10 विकेट के नुकसान पर बनाएं। जय यादव ने 53 और मुकेश सिंह शेखावत ने 33 रनों का योगदान दिया। श्री इंजीनियरिंग वर्क्सकी ओर से स्वप्निल चौधरी ने तीन और सुमित सैनी ने दो विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी श्री इंजीनियरिंग वर्क्सने 13 ओवर में 120 रन 1 विकेट के नुकसान पर बनाकर जीत हासिल कर ली। मयंक ने 58 और राहुल खंडेलवाल ने 48 रनों का योगदान दिया। मैन ऑफ द मैच स्वप्निल चौधरी को चुना गया।

# बॉक्सिंग डे टेस्ट में ऑल पेस अटैक से जाएगी ऑस्ट्रेलियाई टीम




मेलबर्न, 25 दिसंबर। इस समर यह दूसरी बार और पिछले पांच टेस्ट में तीसरी बार होगा, जब ऑस्ट्रेलिया बिना किसी मुख्य स्पिनर के पूरी तरह ऑल-पेस आक्रमण के साथ किसी टेस्ट मैच में उतरेगी। बॉक्सिंग डे टेस्ट के अंतिम-12 में नाथन लियोन की जगह आए टॉड मर्फ़ी को एक बार फिर जगह नहीं मिली है। हालांकि कार्यवाहक कप्तान स्टीवन स्मिथ ने कहा है कि सिडनी टेस्ट में उनके खेलने का अच्छा मौक़ा रहेगा।

माइकल नीसर, ब्रेंडन डॉजेट और जे रिचर्डसन में से कोई दो अंतिम एकादश का हिस्सा होंगे। अगर रिचर्डसन को मौका मिलता है, तो यह एशेज 2021-22 के बाद उनका पहला टेस्ट होगा। वहीं नीसर के लिए यह उनका पहला रेड-बॉल टेस्ट होगा। अब तक उन्होंने जो तीन टेस्ट मैच खेले हैं, सभी पिंक-बॉल टेस्ट रहे हैं।

इस बीच कैमरन ग्रीन को बल्ले से खराब दौर के बीच बल्लेबाज़ी क्रम में नीचे खिसकाकर नंबर 7 पर भेजा गया है। उस्मान ख़्वाजा नंबर 5 पर बल्लेबाज़ी करेंगे और फ़ॉर्म में चल रहे ऐलेक्स कैरी नंबर 6 पर बने रहेंगे। बल्ले से खराब फ़ॉर्म में चल रहे जॉश इंगलिस और अपनी बारी का इंतज़ार कर रहे बो वेबस्टर, मर्फ़ी के अलावा अंतिम-12 से बाहर होने वाले अन्य खिलाड़ी हैं।

ऑस्ट्रेलिया (संभावित): 1 जेक वेदराल्ड, 2 ट्रैविस हेड, 3 मार्नस लाबुशेन, 4 स्टीवन स्मिथ (कप्तान), 5 उस्मान ख़्वाजा, 6 ऐलेक्स कैरी (विकेटकीपर), 7 कैमरन ग्रीन, 8 माइकल नीसर, 9 मिचेल स्टार्क, 10 ब्रेंडन डॉजेट/जे रिचर्डसन, 11 स्कॉट बोलैंड

इंग्लैंड ने पिछले 24 घंटों के विवाद के बावजूद बेन डकेट का समर्थन किया है। लेकिन ऑली पोप को उनके निराशाजनक प्रदर्शन की क़ीमत चुकानी पड़ी है और जेकब बेथेल को नंबर 3 पर बल्लेबाज़ी के लिए बुलाया गया है। जोफ़्रा आर्चर साइड स्ट्रेन के कारण पूरे दौरे से बाहर हो गए हैं, जिससे गस एटकिंसन की वापसी हुई है। विशेषज्ञ स्पिनर शोएब बशीर के लिए अब भी कोई जगह नहीं है।

इंग्लैंड: 1 ज़ैक क्रॉली, 2 बेन डकेट, 3 जेकब बेथेल, 4 जो रूट, 5 हैरी ब्रूक, 6 बेन स्टोक्स (कप्तान), 7 जेमी स्मिथ (विकेटकीपर), 8 विल जैक्स, 9 गस एटकिंसन, 10 ब्राइडन कार्स, 11 जॉश टंग, मेलबर्न के क्यूरेटर मैट पेज ने कहा कि वह पिछले सीजन में भारत के ख़िलाफ खेले गए उस रोमांचक टेस्ट जैसी पिच तैयार करने की उम्मीद कर रहे हैं, जो पांचवे दिन थोड़ा टूटा था। उस मौक़े पर पिच पर 7 मिमी घास छोड़ी गई थी, जिससे हर किसी को कुछ-न-कुछ मिला था।

हालांकि स्टीवन स्मिथ ने कहा कि क्रिसमस डे तक पिच पर अब भी 10 मिमी घास थी और उन्हें तेज गेंदबाज़ों के लिए काफ़ी मदद की उम्मीद है। मैच के दौरान तापमान में उतार-चढ़ाव रहेगा और बॉक्सिंग डे (26 दिसंबर) ठंडा रहने की संभावना है। हालांकि बाद के दिनों में तापमान 30 डिग्री सेल्सियस के निचले स्तर तक पहुंच सकता है। पहले और आख़िरी दिन बारिश की भी संभावना है।

## ब्राज़ील के फोन्सेका ने टॉप 15 टेनिस खिलाड़ियों में जगह बनाने का लक्ष्य रखा

रियो डी जेनेरो, 25 दिसंबर। ब्राज़ील के टीनएजर जोआओ फोन्सेका ने अगले साल दुनिया के टॉप 15 पुरुष टेनिस खिलाड़ियों में शामिल होने का लक्ष्य रखा है, क्योंकि वह अपनी हालिया प्रगति को आगे बढ़ाना चाहते हैं। 19 साल के इस खिलाड़ी ने 2025 में दो खिताब जीते, जो एटीपी टूर पर उनका पहला पूरा सीजन था, लेकिन उन्होंने कहा कि वह इसे सिर्फ़ एक शुरुआत मानते हैं। रियो डी जेनेरो में जन्मे फोन्सेका ने मैगज़ीन वेजा को बताया, ''मेरा इरादा दुनिया के टॉप 15 में जगह बनाने का है। यह थोड़ा मुश्किल है, लेकिन मैं बड़ा सोच रहा हूँ। मैं बिना उतार-चढ़ाव के लगातार अच्छे नतीजों पर भी ध्यान दूँगा।'' फोन्सेका ने इस साल 113वीं रैंक से शुरुआत की थी, लेकिन ब्यूनस आयर्स (एटीपी 250) और बेसल (एटीपी 500) में जीत के बाद वह 24वें नंबर पर पहुंच गए हैं। 2025 में उनकी अन्य उपलब्धियों में फ्रेंच ओपन और विंबलडन में तीसरे राउंड तक पहुंचना शामिल है। उन्होंने टेनिस के अलावा नए साल के कुछ और संकल्पों के बारे में भी बात की। फोन्सेका ने कहा, ''अपने खाली समय में, मैं इटैलियन सीखना चाहता हूँ, पोकर कोर्स करना चाहता हूँ और अपने पैसे मैनेज करना चाहता हूँ।'' ब्राज़ील के एकमात्र पुरुष ग्रैंड स्लैम सिंगल्स चैंपियन गुस्तावो कुएर्टन हैं, जिन्होंने 1997, 2000 और 2001 में फ्रेंच ओपन जीता था।

# भारत सीरीज जीतने के इरादे से उतरेगा

तिरुवनंतपुरम 25 दिसंबर। हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली भारतीय महिला टीम शुक्रवार को श्रीलंका के खिलाफ तीसरे मुकाबले में जीत दर्ज कर सीरीज में अजेय बढ़त बनाने उतरेगी। भारत और श्रीलंका के बीच पांच मैचों की अंतरराष्ट्रीय टी-20 सीरीज का तीसरा मैच कल खेला जाएगा। भारत इस समय सीरीज में 2-0 से आगे है और उनके पास तीसरा मैच जीतकर सीरीज अपने नाम करने का अवसर है। वहीं अगर श्रीलंका की टीम को इस सीरीज में बने रहना है तो उसे यह मुकाबला हर हाल में जीतना होगा। मौसम विभाग के अनुसार तिरुवनंतपुरम में शाम को बादल छाये रहने की संभावना है। दीप्ति शर्मा हल्के बुखार के कारण विशाखा पट्टनम में दूसरा मैच नहीं खेल पाई थीं। उनकी जगह पर स्नेह राणा को एकादश में शामिल किया गया था और उन्होंने प्रभावित भी किया था। हालांकि तीसरे टी-20 में दीप्ति की वापसी की संभावना है जो कि महिला टी-20 में 150 विकेट लेने से मात्र दो विकेट दूर हैं। अगर पिच और परिस्थितियां की बात की जाये तो यह तिरुवनंतपुरम में पहला महिला टी-20 मैच होगा। अब तक यहां पुरुषों के चार टी-20 मैच खेले गए हैं, सबसे हालिया टी-20 मैच नवंबर 2023 में खेला गया था। पहले तीन मैच में पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम को मुश्किल हुई लेकिन चौथे मैच में ऑस्ट्रेलिया द्वारा पहले बल्लेबाजी के लिए भेजे जाने के बाद भारत ने यहां 235 का स्कोर खड़ा किया। शुक्रवार शाम को ग्रीनफील्ड स्टेडियम में बादल छाए रहने की संभावना है, हालांकि बारिश होने की उम्मीद कम है।

**दोनों टीमें इस प्रकार है:-**

**भारत ( संभावित एकादश ) :-** स्मृति मंधाना, शेफाली वर्मा, जेमिमा रॉड्रिग्स, हरमनप्रीत कौर (कप्तान), ऋचा घोष (विकेटकीपर), स्नेह राणा/दीप्ति शर्मा, अमनजोत कौर, अरुंधति रेड्डी, क्रांति गौड़, वैष्णवी शर्मा और एन श्री चरणी ।

**श्रीलंका ( संभावित एकादश )** : चामरी अटापट्टू (कप्तान), विष्मी गुणारत्ने, हसिनी परेरा, हर्षिता समराविक्रमा, नीलाक्षिका सिल्वा, कौशिनी नुत्यांगना (विकेटकीपर), कविशा दिलहारी, मल्की मदारा, इनोका रनावीरा, काव्या कविंदी और शशिनी गिम्हानी।

## पीएम मोदी का ओलंपिक सपना : 2036 में युवा लाएंगे मेडल, खेल महोत्सव बनेगा प्रतिभा का मंच



नई दिल्ली, 25 दिसंबर। संसद खेल महोत्सव में प्रधानमंत्री मोदी ने घोषणा की कि सरकार ने खेलों में असीमित अवसर खोले हैं, जहाँ गरीब से गरीब परिवार का बच्चा भी अपनी प्रतिभा के दम पर शीर्ष पर पहुँच सकता है। उन्होंने 2036 ओलंपिक की मेजबानी के लक्ष्य को रेखांकित करते हुए सांसदों से खेल प्रतिभाओं की पहचान कर उन्हें राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय मंच पर लाने का आ ान किया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि केंद्र सरकार ने एक ऐसा तंत्र बनाया है जो खिलाड़ियों के चयन के मानदंडों में कौशल और प्रतिभा को प्राथमिकता देता है, जिससे कम उम्र में ही शीर्ष पर पहुंचने का रास्ता खुल गया है। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार ने खिलाड़ियों के लिए ''असीमित अवसर'' खोल दिए हैं।

सांसद खेल महोत्सव के समापन समारोह को वर्चुअल रूप से संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि आज खेलों में अवसर सीमित नहीं हैं; वे असीमित हैं। आज देश में एक ऐसा तंत्र बन गया है जहां चयन सिफारिश या अधिकार के आधार पर नहीं, बल्कि कौशल और प्रतिभा के आधार पर होता है। आज सबसे गरीब परिवारों का बच्चा भी कम उम्र में ही शीर्ष पर पहुंच सकता है। पीएम मोदी ने 2036 ओलंपिक के लिए बोली हासिल करने के देश के प्रयासों पर जोर दिया और युवाओं को देश का प्रतिनिधित्व करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि संसद खेल महोत्सव प्रत्येक निर्वाचन क्षेत्र से ऐसी प्रतिभाओं की पहचान कर सकता है जो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चमक सकती हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आगामी वर्षों में भारत कई बड़े खेल आयोजनों की मेजबानी करने जा रहा है। 2030 में भारत अहमदाबाद में राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी करेगा। यह आप जैसे युवा खिलाड़ियों के लिए एक शानदार अवसर होगा। इतना ही नहीं, भारत 2036 में सबसे बड़े खेल आयोजन, ओलंपिक खेलों की मेजबानी के लिए भी प्रयासरत है। आज जो 10 या 12 वर्ष के हैं, वे 2036 के ओलंपिक खेलों में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे।

उन्होंने आगे कहा कि हमें उन्हें ढूंढना होगा, उनका पोषण करना होगा और उन्हें अभी राष्ट्रीय मंच पर लाना होगा। मध्य प्रदेश खेल महोत्सव इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। इसलिए मैं आज सभी सांसदों से कहना चाहता हूं: यह एक बड़ी जिम्मेदारी है। अपने-अपने निर्वाचन क्षेत्रों में उन प्रतिभाओं की पहचान करें जो ओलंपिक सहित राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का नाम रोशन कर सकें। उन्हें हर संभव सहायता प्रदान करें। उनका मार्गदर्शन करें।

## पीवी सिंधु बीडब्ल्यूएफ एथलीट्स कमीशन की चेयरपर्सन चुनी गई



नई दिल्ली, 25 दिसंबर। दो बार की ओलंपिक मेडलिस्ट और पूर्व विश्व चैंपियन पीवी सिंधु को बुधवार को 2026-2029 कार्यकाल के लिए बीडब्ल्यूएफ एथलीट्स कमीशन की चेयरपर्सन चुना गया। इस भूमिका में अब पीवी सिंधु बैडमिंटन वर्ल्ड फेडरेशन काउंसिल मेंबर के तौर पर काम करेंगी - जिससे खिलाड़ियों को इस संस्था के ग्लोबल गवर्नेंस में सीधी आवाज मिलेगी। नीदरलैंड की डेबोरा जिल, जो यूरोपियन गेम्स की सिल्वर मेडलिस्ट हैं, भारतीय बैडमिंटन स्टार की डिप्टी होंगी। सिंधु ने कहा, ''साथी एथलीटों द्वारा यह ज़िम्मेदारी सौंपना मेरे लिए सम्मान की बात है, जिसे मैं विनम्रता और कृतज्ञता के साथ स्वीकार करती हूं। मैं पिछले कार्यकाल में किए गए असाधारण काम के लिए ग्रेसिया पोली को भी दिल से धन्यवाद देना चाहती हूं।'' उन्होंने कहा, हमारे खूबसूरत खेल को खेलने वाले हर किसी के लिए आवाज बनने का यह एक शानदार मौका है।

## जीव ने आईजीपीएल में जीत के साथ 13 साल के खिताबी सूखे को किया खत्म




कोलंबो (श्रीलंका), 25 दिसंबर। भारत के गोल्फ लीजेंड जीव मिल्खा सिंह ने कई युवा और अनुभवी सितारों को हराकर आईजीपीएल के पहले सीजन में जीत दर्ज करते हुए 13 साल के खिताबी सूखे का भी अंत कर दिया।

जीव मिल्खा सिंह ने रॉयल कोलंबो गोल्फ कोर्स के ग्रीन्स पर अपने युवा प्रतिद्वंद्वियों को बेहतरीन सबक सिखाया। दूसरे दिन के सामान्य प्रदर्शन के बाद, जीव ने पटिंग ग्रीन पर लगभग आधा घंटा बिताया। जिसका फायदा उन्हें मिला, क्योंकि उन्होंने शानदार पटिंग की और अपने बेहतरीन आयरन प्ले को और बेहतर बनाया। उन्होंने अपने अप्रोच शॉट 5-10 फीट के अंदर मारे। एक समय पर उन्होंने लगातार पांच बर्डी और छठे और 14वें होल के बीच नौ होल में सात बर्डी बनाईं। आर्यन रूपा आनंद से दो शॉट पीछे शुरू करते हुए, जीव, जो दस दिन पहले 54 साल के हुए थे, ने 6-अंडर 65 के साथ कुल 15-अंडर का स्कोर बनाकर समय को पीछे छोड़ दिया। उन्होंने आर्यन को एक शॉट से हराया।

आर्यन (68) को प्ले-ऑफ में जाने के लिए पार-4 18वें होल पर ईगल की जरूरत थी, लेकिन वह केवल बर्डी ही कर पाए और 14-अंडर के स्कोर के साथ अकेले दूसरे स्थान पर रहे। जैसे ही जीव ने अपना पहला आईजीपीएल खिताब जीता, पुखराज सिंह गिल, संयुक्त-12वें स्थान पर रहने के बावजूद, अमन राज और गगनजीत भुल्लर से बहुत कम अंतर से आईजीपीएल ऑर्डर ऑफ मेरिट जीत गए। 11 इवेंट्स के बाद, जिसमें 1.5 करोड़ रुपये का प्राइज पर्स था और विनर के लिए 22.50 लाख रुपये थे, पुखराज अमन राज से 9,000 रुपये से भी कम आगे थे। जीत के बाद भावुक जीव ने कहा, ''मैंने पहले कभी श्रीलंका में नहीं खेला था। यह मेरे लिए एक भावुक पल है। क्योंकि यहीं मेरे माता-पिता को प्यार हुआ था और उन्होंने अपना रिश्ता शुरू किया था।

## कार्लोस ने इस वर्ष कमाये 21 मिलियन डॉलर से अधिक

नई दिल्ली, 25 दिसंबर। स्पेन के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज इस वर्ष एटीपी पुरस्कार राशि के रूप में सर्वाधिक 21,354,778 डॉलर से अधिक की कमाई कर इस मामले में शीर्ष पर हैं। इसी के साथ छह बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन अल्काराज ने करियर पुरस्कार राशि के रूप में 60 मिलियन डॉलर का आंकड़ा भी पार कर लिया है। इटली के जैनिक सिनर दूसरे स्थान पर हैं। उन्होंने इस वर्ष 19,120,641 डॉलर कमाए हैं।

एटीपी की ओर इस सप्ताह वर्ष 2025 के लिए पुरस्कार राशि की जारी सूची के अनुसार इस मामले में जर्मनी के पेशेवर टेनिस खिलाड़ी अलेक्जेंडर ज्वेरेव 7,468,230 डॉलर के साथ तीसरे, ऑस्ट्रेलिया के एलेक्स डी मिनौर 6,666,087 डॉलर के साथ चौथे, इटली के लौरेंजो मुसेटी 6,345,640 डॉलर के साथ पांचवें, अमेरिका के दिग्गज टेलर फ्रिट्ज 5,938,539 डॉलर के साथ छठे, कनाडा के फेलिक्स ऑगर एलियासेम 5,820,031 डॉलर के साथ सातवें, अमेरिका के बेन शेल्टन 5,672,734 डॉलर के साथ आठवें, सर्बिया के नोवाक जोकोविच 5,140,175 डॉलर के साथ नौवें तथा नॉर्वे के पेशेवर टेनिस खिलाड़ी कैस्पर रुड 3,971,374 डॉलर के साथ 10वें स्थान पर है।

### 27वीं नवीन-नफीस ईनामी राशि लीग कम नॉकआउट क्रिकेट प्रतियोगिता

# आशीष के ऑलराउंड प्रदर्शन से द जयपुर स्पोर्ट्स एकेडमी दूसरे दौर में



जयपुर, 25 दिसंबर। यूनियन क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित 27 वीं नवीन-नफीस स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता में आज खेले गये सिग्नेचर क्रिकेट ग्राउण्ड पर खेले गये नॉकआउट दौर के पहले राउण्ड के मैच में आशीष शर्मा 17 रन पर 4 विकेट 23 रन नाबाद के ऑलराउण्ड प्रदर्शन तथा तनिष जैन 39 रन नाबाद की उपयोगी पारी की बदौलत एस. जे. स्कूल क्रिकेट एकेडमी को 5 विकेट से हराकर दूसरे राउण्ड में प्रवेश किया।

टॉस जीतकर एस.जे. स्कूल क्रिकेट एकेडमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुये रिहान अली 39 रन, अभय शर्मा 25 रन, राजेन्द्र गुर्जर 20 रन की पारियों के बावजूद 19.3 ओवर में 136 रन बनाकर सिमट गयी। गेंदबाजी में द जयपुर स्पोर्ट्स एकेडमी की ओर से आशीष शर्मा 17 रन पर 4 विकेट, निरंजन शर्मा 18 रन पर 2 विकेट, गौरव टोडावत व सुशील सिंघानिया प्रत्येक 1-1 विकेट लेकर सफल गेंदबाज रहे।

जवाबी पारी में द जयपुर स्पोर्ट्स क्रिकेट एकेडमी के तनिष जैन 39 रन नाबाद, आशीष शर्मा 23 रन नाबाद, प्रतीक मान 19 रन, मनीष टांक 17 रन, गौरव टोडावत 14 रन की मदद से विजय लक्ष्य 138 रन 5 विकेट खोकर 17.5 ओवर में हासिल कर प्रतियोगिता के अगले दौर में प्रवेश कर लिया। इस मैच का मैन ऑफ दी मैच आशीष शर्मा द जयपुर स्पोर्ट्स एकेडमी रहें।

## अंडर-16 विजय मर्चेंट ट्रॉफी राजस्थान-छत्तीसगढ़ मैच ड्रॉ

जयपुर, 25 दिसंबर। राजस्थान क्रिकेट संघ की मेजबानी में जयपुर में खेली जा रही बीसीसीआई विजय हजारे टॉफी के कल दिनांक 26 दिसंबर को खेले जाने वाले मैच :-

सवाई मान सिंह स्टेडियम मुंबई - उत्तराखंड

के एल सैनी स्टेडियम महाराष्ट्र - सिक्किम

जयपुरिया ग्राउंड गोवा हिमाचल प्रदेश

अनंतम ग्राउंड पंजाब - छत्तीसगढ़

अंडर 19 कूच बिहार ट्रॉफी ( राजस्थान - उत्तरप्रदेशमैच ) दूसरा दिन

उत्तरप्रदेशपहली पारी 178 आल आउट

राजस्थान के गेंदबाज करण 21 / 4 , प्रखर शर्मा 26 / 2, हनी प्रताप सिंह 53 / 2 विकेट

राजस्थान पहली पारी 50 / 2

अंडर 16 विजय मर्चेंट ट्रॉफी राजस्थान - छत्तीसगढ़ मैच ड्रा समाप्त (राजस्थान को पहली पारी में बढ़त)

छत्तीसगढ़ पहली पारी 192 आल आउट, राजस्थान पहली पारी 211 आल आउट, छत्तीसगढ़ दूसरी पारी 282 आल आउट राजस्थान भव्य अगल 26 / 2, अनुराग लखन 50 / 2 व रोहन, हिमांशु, शोभाग 1 - 1 विकेट।

# शासन और प्रशासन का ध्येय जनसेवा होना चाहिए- भजनलाल

## मुख्यमंत्री ने वाजपेयी की जयन्ती पर सचिवालय में अधिकारियों व कर्मचारियों को सुशासन की शपथ दिलाई

जयपुर, 25 दिसम्बर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गुरुवार को शासन सचिवालय में भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती 'सुशासन दिवस' के अवसर पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सुशासन की शपथ दिलाई। शर्मा ने कहा कि स्व. वाजपेयी का जीवन और दर्शन हमें सिखाता है कि शासन और प्रशासन का ध्येय जनसेवा होना चाहिए।

- **मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रभावी शिकायत निवारण तंत्र लोकतांत्रिक शासन की आत्मा होती है। विगत 2 वर्षों में हमने 65 लाख से अधिक जन-शिकायतों का निस्तारण किया।**



*मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गुरुवार को शासन सचिवालय में पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर आयोजित ''सुशासन दिवस'' कार्यक्रम को संबोधित किया। इस अवसर पर मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास व अतिरिक्त मुख्य सचिव जल संसाधन अभय कुमार मौजूद थे।*

मुख्यमंत्री ने कहा कि सुशासन तभी संभव है, जब नियम स्पष्ट हों, अधिकारी संवेदनशील हों और सरकार उत्तरदायी बने। उन्होंने कहा कि सुशासन ऐसी व्यवस्था है, जहां जनता की जरूरतों को समझकर उनको समयबद्ध और प्रभावी सेवाएं प्रदान की जाती हैं। सुशासन का आधार विश्वास, संवाद और परिणाम के तीन स्तंभों पर टिका है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रभावी शिकायत निवारण तंत्र लोकतांत्रिक शासन की आत्मा होती है। प्रदेश में राजस्थान संपर्क पोर्टल, त्रिस्तरीय जनसुनवाई और मुख्यमंत्री जनसुनवाई के माध्यम से लोगों की समस्याओं की प्रभावी सुनवाई कर उनका समयबद्ध निस्तारण किया जा रहा है। विगत 2 वर्षों में हमने 65 लाख से अधिक जन-शिकायतों का निस्तारण किया है।

मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मानना है कि भारत बदल रहा है और तेजी से बदल रहा है। आमजन का सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं में विश्वास दृढ़ हुआ है। इस दौरान, अतिरिक्त मुख्य सचिव जल संसाधन अभय कुमार सहित, विभिन्न विभागों के अतिरिक्त मुख्य सचिव, प्रमुख शासन सचिव, शासन सचिव और अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे। कार्यक्रम से वीसी के जरिए जिला, उपखंड एवं ग्राम पंचायत के अधिकारी एवं कार्मिक भी जुड़े। इससे पहले मुख्यमंत्री ने पूर्व प्रधानमंत्री स्व. वाजपेयी को मुख्यमंत्री निवास पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया।

# स्टालिन ने प्रधानमंत्री के क्रिसमस समारोह में शामिल होने की आलोचना की

चेन्नई, 25 दिसंबर। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एवं सत्तारूढ़ द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) अध्यक्ष एमके स्टालिन ने गुरुवार को कहा कि अल्पसंख्यकों पर हमले की आ रही खबरों के बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का क्रिसमस समारोह में शामिल होना परेशान करने वाला है।

स्टालिन ने जबलपुर और रायपुर में अल्पसंख्यकों पर हमले की घटनाओं का हवाला देते हुए दावा किया कि

- **तमिलनाडु के मुख्यमंत्री ने कहा अल्पसंख्यकों पर हमले की खबरों के बीच प्रधानमंत्री का कदम परेशान करने वाला है।**

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार के सत्ता में आने के बाद, अल्पसंख्यकों के खिलाफ नफरत भरे भाषणों में 74 प्रतिशत की वृद्धि गंभीर खतरे का संकेत है। उन्होंने मणिपुर के बाद जबलपुर, रायपुर और अन्य जगहों पर अल्पसंख्यकों पर हुए हमलों को उन सभी लोगों के लिए अस्वीकार्य बताया, जो सद्भाव को महत्व देते हैं।

स्टालिन ने कहा कि बहुमत की सच्ची ताकत और चरित्र यह सुनिश्चित करने में है कि अल्पसंख्यक बिना किसी डर के रहें। उन्होंने समाज को बांटने वाले दंगाई समूहों पर अंकुश लगाने की वकालत करते हुए, इसे दृढ़ संकल्प के साथ तत्काल लागू किए जाने की जरूरत बताई।

# प्रधानमंत्री मोदी क्रिसमस पर चर्च गए और प्रार्थना सभा में भाग लिया

## दिल्ली के बिशप डॉ पॉल स्वरूप ने प्रधानमंत्री के लिए विशेष प्रार्थना सभा रखवाई तथा चर्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का आग्रह किया

-जाल खंबाता-

-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 25 दिसंबर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को अपने आवास से केवल दो स्थित किलोमीटर दूर स्थित दिल्ली के कथीड्रल चर्च ऑफ द रिडेम्पशन में क्रिसमस की मॉर्निंग सर्विस में भाग लिया। इस मौके पर बड़ी संख्या में ईसाई समुदाय के लोग भी बड़ी संख्या में मौजूद थे।

- **प्र.मंत्री ने एक्स पर देशवासियों को क्रिसमस की शुभकामनाएं दीं और शांति, सद्भाव की कामना की तथा आज के दौर में ईसा मसीह के प्रेम, सेवा और भाईचारे के संदेश की महत्ता बताई।**
- **राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भी एक्स पर एक पोस्ट में क्रिसमस पर लोगों को शुभकामनाएं दीं और कहा, हम सभी को ईसा मसीह के दिखाए रास्ते पर चलना चाहिए।**

सेवा में प्रार्थनाएँ, क्रिसमस कैरोल, भजन और दिल्ली के बिशप राइट रेव. डॉ. पॉल स्वरुप द्वारा प्रधानमंत्री के लिए की गई विशेष प्रार्थना शामिल थी।

इससे पहले, मोदी ने गुरुवार को लोगों को गर्मजोशी से क्रिसमस की शुभकामनाएँ दीं तथा इस अवसर पर शांति, सहानुभूति और उम्मीद की कामना की।

बिशप ने उन्हें देश के विभिन्न हिस्सों में चर्चों और ईसाई समुदाय पर हो रहे हमलों का स्मरण दिलाया और इन हमलों को रोकने के लिए कुछ कदम उठाने का आग्रह किया।

प्रधानमंत्री ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, ''सभी को क्रिसमस की शुभकामनाएँ, तथा शांति, सहानुभूति और आशा की कामना की। ईसा मसीह की शिक्षाएँ हमारे समाज में सद्भावना को मजबूत करें।''

प्रधानमंत्री ने अपने संदेश में ईसा मसीह की शिक्षाओं से जुड़े प्रेम, सेवा और भाईचारे की शाश्वत मूल्यों को रेखांकित किया और उनके सामाजिक सद्भाव और आपसी सम्मान को बढ़ावा देने में उनकी प्रासंगिकता को उजागर किया है। देशभर के शहरों को दीपों, घंटियों और हारों से सजाया गया है, क्योंकि लोग क्रिसमस की खुशी में डूबे हुए हैं।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भी एक्स पर एक पोस्ट साझा करके अपनी शुभकामनाएँ दीं। अपने पोस्ट में उन्होंने लिखा, ''क्रिसमस के इस शुभ अवसर पर, मैं सभी नागरिकों, विशेषकर ईसाई समुदाय के भाइयों और बहनों को अपनी हार्दिक शुभकामनाएँ और बधाई देती हूँ। क्रिसमस, खुशी और उत्साह का त्योहार है, जो प्रेम और सहानुभूति का संदेश देता है। यह हमें ईसा मसीह द्वारा मानवता के कल्याण के लिए किए गए बलिदान की याद दिलाता है। यह पवित्र अवसर हमें समाज में शांति, सद्भाव, समानता और सेवा के मूल्यों को और मजबूत करने के लिए प्रेरित करता है। आइए, हम ईसा मसीह द्वारा दिखाए गए रास्ते पर चलने का संकल्प लें और एक ऐसा समाज बनाने की दिशा में काम करें जो दयालुता और आपसी सद्भाव को बढ़ावा दे।''

बाज़ार की दुकानों को सांता क्लॉज की स्ले, घंटियाँ, फ्रिल्स, सजावटी हार, चमकते सितारे और क्रिसमस के पेड़ों से सजाया गया है। पूरे देश में त्योहार का जबरदस्त माहौल है और हर कोई आगामी छुट्टियों की तैयारी में व्यस्त है।

# 'सैन्यकर्मी सोशल मीडिया पर पोस्ट नहीं कर सकते, सिर्फ देख सकते हैं'

नयी दिल्ली, 25 दिसम्बर। सेना ने डिजिटल माध्यमों के इस्तेमाल के मामले में अधिकारियों और सैनिकों के लिए अपनी सोशल मीडिया नीति में महत्वपूर्ण बदलाव करते हुए उन्हें इंस्टाग्राम और एक्स सहित, कुछ चुनिंदा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म तक सशर्त पहुंच की अनुमति दी है।

सैन्यकर्मियों को यह अनुमति कड़े दिशा-निर्देशों के साथ दी गई है। उन्हें इन

- **सेना ने सोशल मीडिया संबंधी नियमों में भारी बदलाव किया**

प्लेटफार्म पर केवल सामग्री देखने और निगरानी करने की अनुमति होगी, लेकिन अपनी ओर से पोस्ट करने, टिप्पणी करने या किसी भी प्रकार की ऑनलाइन बातचीत पर प्रतिबंध रहेगा, ताकि संचालन सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। सेना द्वारा इस बारे में जारी पत्र में कहा गया है कि सैन्यकर्मियों को तत्काल प्रभाव से केवल सामग्री देखने और निगरानी के उद्देश्य से इंस्टाग्राम के उपयोग की अनुमति दी गई है। पत्र में स्पष्ट किया गया है कि इंस्टाग्राम पर कोई टिप्पणी या विचार साझा नहीं किए जाएंगे। इसके अलावा, सोशल मीडिया के सीमित उपयोग को स्पष्ट करते हुए सेना ने स्काइप, टेलीग्राम, व्हाट्सएप और सिग्नल का उपयोग सामान्य प्रकृति की अवर्गीकृत जानकारी के आदान-प्रदान के लिए करने के निर्देश दिए हैं। पत्र में यह भी कहा गया है कि सामग्री का आदान-प्रदान केवल परिचित व्यक्तियों के साथ ही किया जाए और प्राप्तकर्ता की सही पहचान सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी उपयोगकर्ता की होगी।

# सरकार को ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

रखना चाहिए? साथ ही उन्होंने ये भी कहा कि सरकार को ऐसे उल्लंघनों के खिलाफ एक्शन लेने का पूरा हक है। अगर कोई भी इस देश में अवैध तरीके से रह रहा है या वीजा की अवधि से अधिक वक्त तक ठहरा हुआ है, तो सरकार के पास उसको डिपोर्ट करने का अधिकार है। इसलिए सरकार को अपना काम करने दें।

- **कांग्रेस नेता शशि थरूर ने घुसपैठियों के खिलाफ केन्द्र सरकार का समर्थन किया**

वहीं, कानून के पालन पर जोर देते हुए शशि थरूर ने मानवीय दृष्टिकोण और संतुलित तरीके को अपनाने की जरूरत भी बताई, खासकर उन सेंसटिव सीमा-पार मामलों में, जिनमें मानवीय और राजनीतिक दोनों पहलू जुड़े होते हैं।

इसके अलावा, कांग्रेस नेता थरूर ने भारत सरकार के बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को इंडिया में रहने देने के निर्णय का बचाव किया। उन्होंने इसे मानवीय मूल्यों पर आधारित कदम बताया। थरूर ने कहा कि भारत ने उनको वापस लौटने के लिए मजबूर नहीं करके सही मानवीय भावना के तहत काम किया। साथ ही, उन्होंने शेख हसीना के भारत के साथ पुराने संबंधों और वर्षों तक देश की एक भरोसेमंद दोस्त के तौर पर उनके रोल का भी जिक्र किया। थरूर के मुताबिक, डिपोर्टेशन या प्रत्यर्पण से जुड़े केस जटिल कानूनी ढ ांचे में आते हैं, जिनमें संधियां और उनके अपवाद शामिल होते हैं। इन पर सावधानी से विचार जरूरी होता है। ऐसे फैसले सरकार के विवेक पर छोड़ देने चाहिए।

# कांग्रेस ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

बैठक के तुरंत बाद बुलाई है।

सलाहकार परिषद में कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत तथा कई वरिष्ठ नेता शामिल होंगे । ओबीसी सलाहकार परिषद की बैठक के एजेंडे में ओबीसी कांग्रेस के लिए एक व्यापक प्रशिक्षण कार्यक्रम तैयार करना और हैदराबाद में होने वाली आगामी राष्ट्रीय सलाहकार परिषद की बैठक के लिए विशिष्ट कार्यक्रम को अंतिम रूप देना शामिल है। इन चर्चाओं में देशभर में ओबीसी समुदाय के लिए पार्टी की पहुंच और संगठनात्मक ढ ांचे को मजबूत प्रदान करना शामिल है।

# दिल्ली में ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

मंगलवार देर रात चली तेज हवाओं के कारण प्रदूषण स्तर में गिरावट आई है। राजधानी में 22 किमी प्रति घंटे तक की रफ्तार से चली हवाओं ने एक्यूआई को काफी हद तक कम करने में मदद की। इससे पहले सप्ताह की शुरुआत में एक्यूआई गंभीर श्रेणी में बना हुआ था । इस बीच वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएसक्यूएम) ने कल ग्रेडेड रिस्पॉन्स एक्शन प्लान (ग्रैप) के तहत स्टेज-4 प्रतिबंध हटा लिया है। यह फैसला रात तेज हवाओं के चलने के कारण कुछ घंटों बाद लिया गया। हालांकि, आने वाले दिनों में वायु गुणवत्ता में गिरावट आने के आसार हैं। वहीं, ग्रैप के स्टेज-एक, दो और तीन के तहत प्रतिबंध जारी रहेंगे।

# ट्रक से टक्कर ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि रात 2.30 बजे तेज रफ्तार लॉरी डिवाइडर तोड़कर दूसरी तरफ से जा रही प्राइवेट कंपनी की सीबर्ड ट्रांसपोर्ट की बस से टकरा गई। बस में तुरंत आग लग गई। उस समय यात्री सो रहे थे। इस कारण उन्हें खुद को बचाने का मौका नहीं मिला।

पुलिस का कहना है कि ज्यादातर यात्रियों ने टिकट ऑनलाइन बुक किए थे। इससे पुलिस को उनके फोन नंबर मिल गए हैं। उनके परिवारों से संपर्क करने की कोशिश की जा रही है। जले हुए शवों की पहचान के लिए डीएनए टेस्ट करवाया जाएगा।

ईस्ट जोन के इंस्पेक्टर जनरल ऑफ पुलिस रविकांत गौड़ा ने बताया कि बस के ड्राइवर और क्लीनर बच गए हैं, जबकि ट्रक के ड्राइवर-क्लीनर की मौत हो गई है। कई यात्रियों ने बस से कूदकर जान बचाई। घायल यात्रियों को तुमकुरु जिले में शिरा के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दो यात्री गंभीर हैं। पीएम मोदी ने भी हादसे पर दुख जताया है। वहीं, मृतकों के परिजनों को 2-2 लाख और घायलों को 50-50 हजार रुपए देने का ऐलान किया है।

हादसे का शिकार हुए बस के ड्राइवर ने पुलिस को बताया है कि उसने सामने से आ रहे ओवरस्पीड ट्रक को देखकर अपनी गाड़ी को कंट्रोल करने की कोशिश की, लेकिन नाकाम रहा।

# बांग्लादेश में एक और हिंदू युवक की बर्बर हत्या

## भीड़ ने पीट-पीट कर युवक को मार डाला

ढ ाका, 25 दिसंबर। बांग्लादेश में जारी अशांति के बीच एक और बड़ी खबर सामने आ रही है। बांग्लादेश के राजबाड़ी जिले के पांगशा उपजिला में बुधवार रात एक और हिंदू युवक की भीड़ द्वारा पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। पुलिस के अनुसार, युवक पर जबरन वसूली का आरोप लगाया गया था।

- **युवक की पहचान अमृत मंडल उर्फ सम्राट के रुप में हुई आरोप लगाया गया है कि वह वसूली करता था इसलिए गुस्साई भीड़ ने उसे मार डाला।**
- **पुलिस ने बताया कि उसने अमृत मंडल को भीड़ से बचाया वह बुरी तरह घायल था, अस्पताल ले जाने पर उसकी मौत हो गई।**

यह घटना रात करीब 11 बजे कलीमोहर यूनियन के होसेंदंगा गांव में हुई, जिसके बाद गांव में दहशत का माहौल बन गया। वहीं पांगशा सर्कल के सहायक पुलिस अधीक्षक देब्रत सरकार ने बताया कि मृतक की पहचान अमृत मंडल, उर्फ सम्राट के रूप में हुई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और आगे की कार्रवाई की जा रही है।

जानकारी के अनुसार, घटना के दौरान पुलिस ने सम्राट के एक साथी मोहम्मद सलीम को मौके से गिरफ्तार किया। सलीम के पास से पुलिस ने दो हथियार भी बरामद किए। पुलिस ने बताया कि सूचना मिलते ही टीम मौके पर पहुंची और सम्राट को गंभीर हालत में भीड़ से बचाया।

पुलिस ने बताया कि सम्राट की बिगड़ती हालात को देखते हुए उसे तुरंत पांगशा उपजिला स्वास्थ्य केन्द्र ले जाया गया, लेकिन इलाज के दौरान रात करीब 2 बजे डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद पुलिस ने सलीम के पास से एक पिस्टल और एक देसी बंदूक बरामद की और उसे हिरासत में ले लिया। मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए राजबाड़ी सदर अस्पताल भेज दिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और इस घटना में शामिल अन्य लोगों की तलाश जारी है।

गौरतलब है कि बीते कुछ दिनों से बांग्लादेश में हिंसा बदस्तूर जारी है। ढ ाका से लेकर चटगांव तक भीड़ के प्रदर्शन और उससे जुड़ी हिंसा की खबरें सामने आ रही हैं। 12 दिसंबर को इंकलाब मंच के छात्र नेता उस्मान हादी को गोली मार दी गई थी। इसके बाद 18 दिसंबर को हादी का सिंगापुर में निधन हो गया और तब से लेकर अब तक बांग्लादेश में लगातार माहौल तनावपूर्ण बना हुआ है। इसके ठीक बाद चटगांव में एक हिंदू शख्स की लिंचिंग की घटना ने पूरी दुनिया को चौंका दिया।

अब बांग्लादेश के नए राजनीतिक दल नेशनल सिटीजन पार्टी (एनसीपी) के एक नेता पर भी हमला हुआ है। सोमवार को एनसीपी के मोहम्मद मुतालिब सिकदर को खुलना में गोली मार दी गई। इस हमले में सिकदर के सिर पर चोट आई है। बताया गया है कि उसे गंभीर स्थिति में अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# भारत ने किया के-4 बैलिस्टिक मिसाइल का परीक्षण

नई दिल्ली, 25 दिसंबर। भारत ने 23 दिसंबर 2025 को एक गोपनीय पनडुब्बी-प्रक्षेपित बैलिस्टिक मिसाइल (एसएलबीएम) का सफल परीक्षण किया। बताया जा रहा है कि ये परीक्षण बंगाल की खाड़ी में किया गया।

- **सूत्रों के अनुसार, यह गोपनीय परीक्षण बंगाल की खाड़ी में किया गया**

दरअसल, यह परीक्षण परमाणु-सक्षम के-4 मिसाइल का था। यह अरिहंत-क्लास पनडुब्बी से लॉन्च की गई। इस परीक्षण को लेकर पहले से कोई घोषणा नहीं की गई थी। वहीं, एनओटीएएम भी रद किया गया था, जिससे गोपनीयता बनाई रखी जा सके। दावा किया जा रहा है कि ऐसा इसलिए किया गया, क्योंकि इस क्षेत्र में चीनी निगरानी जहाज मौजूद थे।

बता दें कि यह परीक्षण भारत की समुद्र आधारित न्यूक्लियर ट्रायड को मजबूत कर रहा है, जिससे सेकंड स्ट्राइक की क्षमता सुनिश्चित होती है। इस मिसाइल से दुश्मन के पहले हमले के बाद ही जवाबी कार्रवाई की गारंटी भी मिल जाती है।

इस के-4 मिसाइल की सबसे खास बात है कि यह स्वदेशी के- सीरीज की मिसाइल है। यह डीआरडीओ की ओर से विकसित की गई है। ये मिसाइल खास तौर पर अरिहंत-क्लास परमाणु पनडुब्बियों के लिए ही डिजाइन की गई है।

इस मिसाइल की रेंज करीब 3500 किलोमीटर है। वहीं, इसकी लंबाई 12 मीटर के करीब है। व्यास की बात करें तो वह 1.3 मीटर है। मिसाइल का वजन 17-20 टन का है। पेलोड की बात करें तो यह 2 टन तक है। इसमें पानी के नीचे से लॉन्च (कोल्ड लॉन्च सिस्टम), 3डी मैन्यूवर करने में सक्षम, बैलिस्टिक मिसाइल डिफेंस से बचने की ताकत भी है।

# हाई कोर्ट ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

पर सुनवाई करते हुए एकलपीठ ने संबंधित अधिकारियों से जवाब देने के लिए कहा है।

# वेनेज़ुएला के प्रकरण में ट्रंप ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

है। इससे उसे वैश्विक तेल बाज़ार और आपूर्ति पर बहुत बड़ी ताक़त मिलेगी और वह तेल की क़ीमतों को भी नियंत्रित कर सकेगा।

आख़िरकार, वेनेज़ुएला के पास दुनिया का सबसे बड़ा तेल भंडार है और अगर अमेरिका इस देश से कोई समझौता कर लेता है तो उसकी तेल कंपनियों के लिए वहाँ काम करने का एक बहुत बड़ा मैदान खुल जाएगा। इसी प्रक्रिया में अमेरिका इस क्षेत्र में चीन को दूर रखने में भी कामयाब हो सकेगा।

इसके अलावा, कुछ हद तक, तेल से होने वाली कमाई मदुरो के नेतृत्व वाली सरकार के पास वापस जाने देने से अमेरिका उस शासन को जिंदा रहने भर की ''ऑक्सीजन'' दे रहा है।

- **इस स्कीम से अमेरिका ने चीन पर भी वेनेज़ुएला में प्रवेश पर एक तरह से नियंत्रण लगा रखा है।**
- **ट्रंप, वेनेज़ुएला को उतना ही ऑयल निकालने दे रहे हैं, जिससे उसकी इकॉनमी ध्वस्त न हो जाए और केवल कुछ सांस ले सके।**
- **अगर इकॉनमी पूर्णतया ध्वस्त हो जाएगी तो चीन को वेनेज़ुएला में प्रवेश करने का बहाना मिल सकता है, क्योंकि चीन ने वेनेज़ुएला के ''इंफ्रास्ट्रक्चर'' में काफी पैसा इनवैस्ट कर रखा है।**
- **''मनरो डॉक्ट्रिन'' के तहत ही अमेरिका ने रूस को क्यूबा में अपनी मिसाइल्स लगाने नहीं दी थी, 1960 के दशक में और रूस को क्यूबा से मिसाइल वापस ले जानी पड़ी थी।**

अमेरिका का सबसे बड़ा डर यह है कि अगर आर्थिक पाबंदियाँ और तेल आय पूरी तरह रोकने से वेनेज़ुएला सरकार गिर गई, तो कहीं चीन वहाँ घुसकर उसके तेल भंडार पर कब्ज़ा न कर ले। यह वो डरावना सपना है, जिसके बारे में अमेरिका सोचना भी नहीं चाहता। इस समय अमेरिका अपनी पूरी विदेश नीति को नए सिरे से गढ़ रहा है और सदियों पुराने ''मनरो सिद्धांत'' को फिर से ज़िंदा कर रहा है। उन्नीसवीं सदी के अमेरिकी राष्ट्रपति हर्बर्ट हेनरी मनरो द्वारा रखे गए इस सिद्धांत के मुताबिक, अमेरिका को अपने प्रभाव क्षेत्र में पूरी तरह प्रभुत्व रखना चाहिए, यानी अपने ''हैमिस्फियर'' में सर्वोच्च शक्ति होना चाहिए। अगर वेनेज़ुएला में सत्ता का खालीपन पैदा होता है और अनिश्चितता के बीच चीन को वहाँ घुसने का मौक़ा मिल जाता है, तो उसे हर हाल में रोका जाना चाहिए। इससे बेहतर यह होगा कि अमेरिकी कंपनियाँ तेल संसाधनों पर कब्ज़ा करके और उन्हें कंट्रोल करके पूरे देश पर पिछले दरवाज़े से कब्ज़ा कर लें।

इसी संदर्भ में ट्रंप बार-बार वेनेज़ुएला द्वारा तेल संसाधनों के राष्ट्रीयकरण और ज़्यादातर अमेरिकी कंपनियों को रोकने को अमेरिका के ख़िलाफ़ ''चोरी'' बताते रहे हैं। वे चाहते हैं कि ये संसाधन फिर से अमेरिकी तेल कंपनियों के हाथ में आएँ। लेकिन ये कदम और सिद्धांत राष्ट्रीय संप्रभुता और आत्मनिर्णय के मौजूदा सिद्धांतों के खिलाफ हैं। मगर इन मूल्यों और मानकों की परवाह किसे है, जब बड़ी ताक़तों के हित पूरे हो रहे हों। अमेरिका ने वेनेज़ुएला के ख़िलाफ़ तो इतनी खुली आक्रामकता दिखाई है, लेकिन उसने कभी रूसी टैंकरों के, तेल ले जाने वाले ''गुप्त बेड़ों'' के ख़िलाफ़ ऐसा कोई क़दम नहीं उठाया है। अमेरिका की इस खुली आक्रामकता के खिलाफ किसी ने ज्यादा आवाज़ भी नहीं उठाई है।

यह सिर्फ ''पावर स्पीक'' है, जो एक्शन में दिख रही है।

# दिल्ली में 5 रूपए ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

राजौरी गार्डन, नरेला, बवाना और अन्य स्थान शामिल हैं। बाकी 55 कैंटीनों का उद्घाटन अगले कुछ दिनों में किया जाएगा। ये कैंटीन दिन में लगभग 500 लोगों को दो भोजन देंगी - दोपहर का भोजन सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक और रात का खाना शाम 6:30 बजे से 9:30 बजे तक। दिल्ली सरकार ने भोजन वितरण के लिए मैन्युअल कूपन की जगह एक डिजिटल टोकन प्रणाली शुरू की है। सभी केन्द्रों की निगरानी ''दिल्ली अरबन शेल्टर इम्प्रूवमैंट बोर्ड'' (डीयूएसआईबी) के डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से सीसीटीवी कैमरों द्वारा की जाएगी।

# अरावली पर्वत श्रंखला के किसी ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

अब धरोहर इमारतें नहीं रहेंगी और इसलिए उन्हें सड़कें और खनन परियोजनाओं के लिए नष्ट करना होगा? यही हम अरावली के साथ कर रहे हैं।

एक प्रेस विज्ञिप्त में इस मामले को स्पष्ट करने के लिए कुछ प्रयास किए गए हैं, जिसमें कहा गया है, ''अरावली रेंज को ऐसे सभी भूमि रूपों के रूप में समझाया गया है कि वे भू आकृतियां (लैंडफॉर्म्स), जो 100 मीटर से अधिक है, उन्हें ही अरावली माना जाएगा, ऐसी दो पहाड़ियां अगर 500 मीटर के दायरे में है तो उनके बीच के भाग को भी अरावली माना जाएगा। इसमें उनकी ढलानें आदि भी शामिल हैं।

इसके बावजूद, 100 मीटर शब्द जस का तस है।

यहां चार सवाल दिए गए हैं, जो अभी भी अनुत्तिरत हैं:

1. मंत्री ने पहाड़ की ऊंचाई की परिभाषा को मीन सी लेवल से स्थानीय राहत में क्यों बदल दिया?

सुप्रीम कोर्ट द्वारा पारित निर्णय (जो पर्यावरण मंत्रालय द्वारा प्रस्तुत परिभाषा पर आधारित था) के पैराग्राफ 31 में कहा गया है कि ''भारत सरकार इसलिए फॉरेस्ट सर्वे ऑफ इंडिया की परिभाषा का उपयोग नहीं करना चाहती, क्योंकि यह अरावली के बड़े हिस्से को पर्वत श्रंखला के दायरे से बाहर कर देगा।'' जबकि वास्तव में स्थानीय राहत के आधार पर ऊंचाई का मानदंड उपयोग में लाने से अरावली का बड़ा क्षेत्र बाहर हो जाएगा।

- **उदाहरण के लिए मानेसर कस्बा ही ''मीन सी लैवल'' से 265 मीटर ऊंचाई पर बसा है तथा वहाँ के पर्वत की ऊंचाई 315 मीटर है और अगर मानेसर कस्बे की ऊंचाई, पर्वत की ऊंचाई से घटा दी जाए तो पर्वत की ऊंचाई 50 मीटर आंकी जाएगी, जो 100 मीटर की सीमा से काफी कम है। अतः, वहाँ के पर्वत को पूरी तरह तोड़ा जा सकेगा।**

2. जब एक पहाड़ी की ऊंचाई केवल 40 मीटर हो, लेकिन वह तेंदुए, चिंकारा या एक संकटग्रस्त वनस्पति प्रजाति के लिए एक महत्वपूर्ण क्षेत्र हो, तो क्या होगा? और अगर ऐसा है, तो ऊंचाई को मानदंड के रूप में क्यों पेश किया गया? क्या ऐसे क्षेत्र अब अरावली का हिस्सा नहीं माने जाएंगे?

3. जो बात मंत्री ने साझा नहीं की, वह यह है कि हरियाणा राज्य के लिए वन क्षेत्र की परिभाषा को अगस्त 2025 में भी बदला गया है, ताकि अरावली में खनन को सुविधाजनक बनाया जा सके।

हरियाणा में नई परिभाषा को अगस्त 2025 में अधिसूचित किया गया। इसके अनुसार, 5 हैक्टयर क्षेत्र अलग-अलग या दो हैक्टेयर लगातार और 40 प्रतिशत कैनपी डैंसिटी वाला क्षेत्र ही जंगल माना जाएगा। पर सेमी एरिड व एरिड ज़ोन, जहाँ 40 प्रतिशत कैनपी डैंसिटी संभव नहीं है, वे अब वन क्षेत्र से बाहर हो गए हैं। जब मंत्री कहते हैं कि अरावली का 90 प्रतिशत क्षेत्र सुरक्षित रहेगा, तब वे हाल ही में किए गए उन कानूनी बदलावों का जिक्र नहीं कर हैं, जो बड़े क्षेत्र को खनन के लिए खोल देंगे।

4. अब, यहां तर्क और जटिल हो जाते हैं। कुछ क्षेत्र हैं, जो अब अरावली से पूरी तरह बाहर हो जाएंगे, जैसे- मानेसर, जो 265 मीटर एमएसएल ऊपर है, मानेसर की सबसे ऊंची पहाड़ी 315 मीटर ऊंची है, लोकल रिलीफ के आधार पर पहाड़ी की ऊंचाई मात्र 50 मीटर है अर्थात यह अरावली का हिस्सा नहीं रहेगा। इसी प्रकार की स्थिति पंचगाँव (286 मीटर एमएसएल) खेराला, हरियाणा (257 मीटर एमएसएल), गैरतपुर, (250 मीटर एमएसएल) में हैं, यहाँ जो पहाड़ियां है, लोकल रिलीफ के आधार पर 100 मीटर से काफी कम हैं, तो इन क्षेत्रों को अब अरावली की परिभाषा से बाहर कर दिया जाएगा।

भूगर्भीय विशेषज्ञों का कहना है कि ऊंचाई हमेशा मीन सी लेवल (एमएसएल) से मापी जाती है, न कि आसपास की ज़मीन से। मीन सी लेवल दुनियाभर में सामान्य रूप से स्वीकृत मानक है, तो मंत्री यह क्यों नहीं समझ रहे कि वे ऊंचाई को स्थानीय राहत के आधार पर क्यों माप रहे हैं?

मंत्री के स्पष्टीकरण पर अरावली विरासत जन अभियान के एक्टिविस्टों ने स्पष्टीकरण की विसंगतियों को उजागर किया है और सवाल किया है कि क्या मंत्री यह आश्वासन दे सकते हैं कि अरावली के सभी पहाड़ों को उनकी ऊंचाई की परवाह किए बिना संरक्षण मिलेगा?

अरावली को बचाने के लिए राजनीतिक इच्छाशक्ति की आवश्यकता है, ताकि न केवल इसकी जैवविविधता बच सके, बल्कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के लोग भी इस प्रभाव से बच सकें, जो पहले से ही शुद्ध हवा के लिए संघर्ष कर रहे हैं।

मार्डन मीडिया, बीकानेर के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-राजेश शर्मा, आर.एन.आई. नं. 35214/79, जयपुर कार्यालय: सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोन: 2372634, 4103333-34, कोटा कार्यालय : पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन: 2386031, 2386032,फैक्स:0744-2386033, उदयपुर कार्यालय: आयड मैन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, फैक्स : 0294-2410146, अजमेर कार्यालय:-राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665, जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422,226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय : एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन : 256906, 256907, फैक्स: 01562-256908